जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

• रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 • आरा • सोमवार • 28 अक्टूबर 2024 • वर्ष 09 • अंक 171 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

इजरायल ने तबाह कर दी ईरान की मिसाइल फैक्ट्रियां

तेलअवीव (एजेंसी)। इजरायल ने 1 अक्टूबर का बदला लेने के लिए ईरान पर शनिवार को ताबड़तोड़ बम बरसाए थे। इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था, जिसके बाद से पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव है। वहीं अब सैटेलाइट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो बताती है कि इजरायल ने ईरान के चुनिंदा ठिकानों पर एक रणनीति के तहत हमला बोला था, जिसमें ईरान को बड़ नुकसान पहुंचा है। दरअसल, न्यूज

एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक एक कॉमर्शियल सैटेलाइट इमेजरी प्लैनेट लैब्स के अनुसार इजरायल ने ईरान के बलिस्टिक फ्यूल मिक्सिंग सेंटर को भी तबाह कर दिया है। यह वही जगह है जहां से बलिस्टिक मिसाइल के लिए ठोस ईंधन को मिक्स किया जाता था। इतना ही नहीं, रॉयटर्स ने यह भी बताया है कि मिसाइलों के गोदाम और फैक्ट्रियों में भी इजरायल ने सटीक हमले किए हैं, जिसके चलते ईरान को बड़ा नुकसान हुआ है।

झारखंड में सुदेश महतो का बड़ा दांव

सिल्ली और टुंडी से लड़ेंगे चुनाव

धनबाद (एजेंसी)। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे। सुदेश महतो ने सिल्ली विधानसभा सीट के नामांकन दाखिल कर दिया है, अब चर्चा है कि वो 29 नवंबर को टुंडी विधानसभा सीट के लिए भी पर्चा भरेंगे। चर्चा है कि सुदेश महतो की ओर से टुंडी विधानसभा सीट

से नामांकन दाखिल करने के लिए नामांकन पत्र खरीदा गया है। आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने वर्ष 2019 के चुनाव में सिल्ली सीट से जीत हासिल की थी। इससे पहले भी सुदेश महतो वर्ष 2000, 2005 और 2009 में सिल्ली से चुनाव जीत चुके हैं। इस बार भी उन्होंने सिल्ली सीट से चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। लेकिन अब सुदेश महतो टुंडी सीट से भी चुनाव लड़ना चाहते हैं। एनडीए में शामिल बीजेपी, आजसू पार्टी, जेडीयू और लोजपा-आर की ओर से 68-10-2-1 फार्मूले के तहत झारखंड की 81 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। साथ ही एनडीए की ओर से यह भी भरोसा दिलाया गया था एक-दो सीटों की अदला-बदली हो सकती है।

योगी सरकार में जनता के साथ बदतमीजी कर रहे अधिकारी

इटावा (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने शनिवार को इटावा के जसवंतनगर में कवि सम्मेलन को संबोधित करने के दौरान योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली भाजपा सरकार पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस सरकार में लगातार जनता के साथ बदतमीजी हो रही है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा,मौजूदा सरकार को यह बात याद रखनी

चाहिए कि अगर जनता के साथ ज्यादती होगी। उनके हितों पर कुठाराघात होगा। उनके हितों से समझौता होगा, तो ऐसे में इस सरकार को सत्ता से भी हाथ धोना पड़ सकता है। लोकतंत्र में जनता ही सब कुछ होती है। अगर जनता के साथ अन्याय होगा, तो सत्ता बदलने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने आगे कहा, लोगों के साथ पुलिस और अन्य अधिकारियों के द्वारा की जा रही बदतमीजियों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। लोकतंत्र में अगर रवैया दमनकारी हो, तो यह जनता के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

अब लॉन्ग कोविड से जूझ रहे मरीज, डॉक्टर भी परेशान

देश से खत्म नहीं हुआ है कोरोना! और बढ़ गया संकट

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोरोना अब भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। भारत ही नहीं दुनियाभर में कई ऐसे मरीज हैं जो कि लॉन्ग कोविड का सामना कर रहे हैं। वहीं डॉक्टरों को जांच और इलाज दोनों में मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। डब्ल्यूएचओ ने कोविड 19 को ग्लोबल हेल्थ इमर्जेंसी से बाहर कर दिया है लेकिन बहुत सारे मरीजों में संक्रमण खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। लॉन्ग कोविड का मतलब होता है कि संक्रमण की वजह से शरीर के कई हिस्से प्रभावित हो जाना। लंबे समय से इन्फेक्शन के कारण शरीर में कई अन्य बीमारियां भी पैदा हो जाती हैं। इसके लक्षणों में खांसी आना, जोड़ों और मांस पेशियों में दर्द, ब्रेन फॉग और एकाग्र होने में दिक्कत होना है। हारवर्ड मेडिकल स्कूल के अध्ययन के मुताबिक कोरोना से गंभीर रूप से

संक्रमित 31 फीसदी मरीज उत्तर अमेरिका में हैं। इसके अलावा 44 फीसदी मरीज यूरोप और अन्य एशिया में हैं। भारत में मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के अध्ययन में पता चला है कि ठीक होने वाले 45 फीसदी कोरोना मरीजों में लक्षण देखे जा रहे हैं। उन्हें थकान और सूखी खासी की समस्या आम है। मरीज डॉक्टरों को बताते हैं कि अब उन्हें जो दिक्कतें हैं वे कोरोना होने से पहले नहीं थीं। इसमें अस्थमा जैसे हालात शामिल हैं। इसके अलावा कई लोगों को न्यूरो की समस्या होती है। हालांकि लॉन्ग कोविड को डायग्नोस करने के लिए कोई टेस्ट ही नहीं है। पुष्पावती सिंघानिया अस्पताल की सीनियर कन्सल्टेंट नीतू जैन के मुताबिक, लॉन्ग कोविड का पता लगाने के लिए कोई टेस्ट नहीं है और ऐसे में इसका इलाज भी नहीं हो पाता है।

2026 में बंगाल की सत्ता में आई बीजेपी तो होगा 'खेला'

यहां से खत्म कर देंगे घुसपैठ और भ्रष्टाचार, अमित शाह ने किया वादा

बंगाल में शांति बहाल करने के लिए घुसपैठ रोकने की जरूरत बताई

कोलकाता (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में शांति तभी बहाल होगी, जब राज्य में घुसपैठ रुकेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल में लैंड पोर्ट पर नए यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि 2026 में पश्चिम बंगाल में बदलाव लाएं और बीजेपी राज्य में अवैध घुसपैठ को पूरी तरह से रोक देगी।

गृह मंत्री शाह ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए क्या किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। पिछले 10

सालों के दौरान पश्चिम बंगाल को केंद्र से 7.74 लाख करोड़ रुपये का फंड मिला है, जो पिछली यूपीए सरकार के दौरान राज्य को मिले धन से कहीं अधिक है। लेकिन दुर्भाग्य से पश्चिम बंगाल में केंद्रीय फंड के उपयोग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा और पीएमएवाई जैसी कई केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत प्रदान की जाने वाली धनराशि वास्तविक लाभार्थियों तक नहीं पहुंचती है। उन्होंने कहा कि केवल तृणमूल कांग्रेस से जुड़े लोगों को ही इन निधियों का लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि सीमा पार तस्करी को रोकने में भूमि बंदरगाहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मंत्री ने कहा कि भूमि बंदरगाह देश में चिकित्सा और शैक्षिक पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पहल भारत को विकास और प्रगति के पथ पर ले जाएगी।

शहर पर हमला हुआ और कोई रिस्पॉन्स नहीं लिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुंबई में रविवार को आतंकवाद पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत और दुनिया के लिए मुंबई काउंटर-टेररिज्म का प्रतीक है। जब हम यूएनएससी के सदस्य थे, तब आतंकवाद-रोधी समिति के अध्यक्ष बनाए गए। हमने पहली बार सुरक्षा परिषद की बैठक आयोजित की थी। यह मीटिंग मुंबई के उसी होटल में हुई जहां पर आतंकी हमला हुआ था। ऐसे में जब दुनिया देखती है कि आतंकवाद की इस चुनौती के सामने कौन खड़ा है, तो लोग कहते हैं भारत। आज हम आतंकवाद से लड़ने में सबसे आगे हैं। जयशंकर ने कहा कि हमें एकदम स्पष्ट रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की बात करते हैं। इसका मतलब है कि अगर किसी ने कुछ किया तो प्रतिक्रिया होगी।

भाजपा के साथ मतभेद की बात को आरएसएस ने किया खारिज

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बातचीत के लिए किया आमंत्रित

मथुरा (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विपक्षी दलों के उन आरोपों को सिरे से खंडन कर दिया है जिसमें भारतीय जनता पार्टी के साथ गतिरोध की बात

कही जा रही है। आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने शनिवार को कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। दोनों संगठनों को एक बड़े परिवार का हिस्सा बताते हुए होसबोले ने दोहराया कि दोनों के बीच एकता बरकरार है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आरएसएस और भाजपा के बीच कोई भी असहमति आंतरिक मामला है और इसे पारिवारिक और संगठनात्मक स्तर पर संभाला जाना चाहिए। अप्रैल-जून के आम चुनावों से पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान की ओर इशारा करते हुए होसबोले ने कहा कि ऐसे मुद्दों को सार्वजनिक मंच पर बोलने की आवश्यकता नहीं है। हम एक परिवार का हिस्सा हैं। इसे आंतरिक रूप से संबोधित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उनके बयान के तुरंत बाद वे जेपी नड्डा के आवास पर मिले और साथ में भोजन किया।

मन की बात

फ्राड कॉल आने पर रुको सोचो और फिर एक्शन लो

- पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में बताए डिजिटल अरेस्ट से बचने के तीन स्टेप्स

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 115वें एपिसोड में सरदार पटेल और बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाने की बात कही। उन्होंने इन्हें याद करते हुए कहा कि भारत में हर युग में कुछ चुनौतियां आई और हर युग में ऐसे असाधारण भारतवासी जन्मे, जिन्होंने इन चुनौतियों का सामना किया। साथ ही, उन्होंने डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड से बचने के

लिए तीन स्टेप रुको, सोचो और एक्शन लो अपनाने की बात कही। पीएम मोदी ने कहा, 'डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था कानून में नहीं है, ये सिर्फ फ्रॉड है, फरेब है, झूठ है, बदमाशों का गिरोह है और जो लोग ऐसा कर रहे हैं, वो समाज के दुश्मन हैं।

महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन में चल रही तकरार!

- भाजपा के पांच नेता टिकट पाने के लिए शिंदे सेना और अजित गुट में शामिल

मुंबई (एजेंसी)। चुनाव के दौरान नेताओं का पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी का दामन थामना आम बात है। लेकिन महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति में शायद एक नया चलन देखने को मिला है। यहां टिकट पाने के लिए पांच बीजेपी नेताओं ने महायुति के दूसरे सहयोगियों का दामन थाम लिया है, जबकि गठबंधन के सीट बंटवारे के समझौते की पवित्रता बरकरार रखी गई है। ऐसे बदलावों के विश्लेषण से पता चलता है कि भाजपा के सहयोगी दलों में शामिल होने वाले इन सभी दलबदलुओं को 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए टिकट आवंटित किए गए हैं। ये उम्मीदवार या तो मुख्यमंत्री

एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना या फिर अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में शामिल हो गए हैं। इस घटनाक्रम को मौजूदा गठबंधन के भीतर एक आंतरिक व्यवस्था के रूप में देखा जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक साझेदार को आवंटित सीटों की संख्या का उल्लंघन किए बिना सबसे मजबूत उम्मीदवार को मैदान में उतारा जाए।

पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के पुत्र भाजपा के नीलेश राणे इस सप्ताह की शुरुआत में शिंदे सेना में शामिल हो गए और कुडाल-सावंतवाड़ी विधानसभा सीट से इसके टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।

अब सेना तय करे इजरायली हमलों का कैसे देना है जवाब

एयर स्ट्राइक के बाद ईरानी सुप्रीम लीडर ने तोड़ी चुप्पी

कहा-हमले को कम या ज्यादा करके नहीं बताना चाहिए

दीर अल-बला (एजेंसी)। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने रविवार को कहा कि इस सप्ताहांत ईरान पर हुए इजराइल के हमले को 'न तो बढ़ा-चढ़ाकर और न ही कम करके बताया जाना चाहिए।' बहरहाल खामेनेई ने इस हमले के बाद जवाबी कार्रवाई का आह्वान करने से परहेज किया। खामेनेई की ये टिप्पणियां संकेत देती हैं कि ईरान इस हमले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया पर सावधानीपूर्वक विचार कर रहा है। एयर स्ट्राइक के बाद से ही ईरान की सेना हमले को कम बताती रही है। ईरान

की सेना पहले ही कह चुकी है कि गाजा पट्टी या लेबनान में संघर्ष विराम इजराइल पर किसी भी जवाबी हमले से बेहतर है लेकिन ईरानी अधिकारियों ने यह भी कहा है कि उनके पास जवाब देने का अधिकार है। खामेनेई ने कहा, 'इजराइली शासन की ओर से दो रात पहले किए गए दुष्कृत्यों को न तो बढ़ा-चढ़ाकर और न ही कम करके पेश किया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'इजराइली शासन की गलतफहमियों को दूर किया जाना चाहिए।

भारत को महाशक्तिशाली बॉम्बर देने को तैयार है रूस

एक बार में तय करेगा 12000 किमी की दूरी, ताकत कर देगी हैरान

मॉस्को (एजेंसी)। रूस ने एक बार फिर से दोस्त भारत को अपना भारी बमवर्षक विमान वॉइट स्वान देने की पेशकश की है। डिफेंस मीडिया आउटलेट ने अपनी रिपोर्ट में इस बारे में जानकारी दी है। सोवियत काल में डिजाइन किए गए इस विमान को दो दशक पहले भारतीय नौसेना को ऑफर किया गया था, लेकिन महंगी कीमत और आधुनिकीकरण पर आने वाले खर्च के चलते डील फाइनल नहीं हो पाई थी। रूस अब टीयू-160एम के साथ भारत को ऐसा विमान उपलब्ध कराना चाहता है, जो उसकी मारक क्षमता क्षमताओं को बढ़ा सके। रूस की नई पेशकश में टीयू-160एम शामिल है, जो टीयू-160 वॉइट स्वान का अपग्रेडेड वर्जन है। टीयू-160एम की खासियत यह है

कि इसका उत्पादन अभी भी जारी है। 2018 में एक कॉन्ट्रैक्ट के तहत रूसी वायु सेना ने इसकी 10 यूनिट का ऑर्डर दिया था, जिसे 2027 तक डिलिवर किया जाना है। इसके अपग्रेडेड मॉडल में व्यापक एवियानिक्स और नेविगेशन खूबियों को जोड़ा गया है। विमान को बनाने वाली रूसी कंपनी टुपोलेव का दावा है कि टीयू-160 एम का नया अपग्रेड पिछले मॉडल की तुलना में 60 फीसदी ज्यादा प्रभावी है।

एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि एक टीयू-160एम की संभावित कीमत 16.5 करोड़ डॉलर (करीब 13,70,86,64,794 रुपये) है। यह एक साथ 12 लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल या फिर छोटी दूरी की न्यूक्लियर मिसाइल ले जाने में सक्षम है। यह बमवर्षक बिना दोबारा ईंधन भरे 12000 किमी की दूरी तय कर सकता है। ऐसे में भारत के बेड़े में इसके शामिल होने से भारतीय वायु सेना को हिंद-प्रशांत और उसके आगे तक शक्तिशाली प्रतिरोध और हमले करने की क्षमता हासिल होगी। भारतीय वायु सेना पारंपरिक रूप से भारी बमवर्षकों के बजाय मल्टीरोल फाइटर जेट पर फोकस करती रही है। इसके बेड़े में वर्तमान में एक भी स्ट्रैटेजिक बॉम्बर नहीं है। टीयू-160एम को हासिल करने से भारत की ताकत बढ़ेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

न्यूज बाइट्स

13 गांवों में मां लक्ष्मी की प्रतिमा होगी स्थापित

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। दीपावली आगामी 31 अक्टूबर को है। इस अवसर पर नारदीगंज प्रखंड में 13 गांवों में धन की देवी मां लक्ष्मी व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की जाती है। पूजा अर्चना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजक मंडल के द्वारा की जाती है। नारदीगंज प्रखंड में ओड़ो गांव के अलावा नारदीगंज बाजार में डाक स्थान के निकट, कुझा, मसौढा, पेश डीह, ननौरा, नंदपुर टोला जगजीवन नगर, पंडपा, वलवापर, नंदपुर, पेश, हंडिया, पसई गांव में माता लक्ष्मी व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इधर, थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा मां लक्ष्मी जी की प्रतिमा स्थापित करने वाले सभी लाइसेंस धारियों को निर्देश दिया गया है कि शांति व भाईचारे तरीके से पूजा अर्चना व सांस्कृतिक कार्यक्रम करें। पर्व के दौरान शांति भंग करने वाले लोगों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

105 लीटर देशी महुआ शराब लदा पल्सर बाइक जब्त

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित डैम के रास्ते शराब का परिवारहन धड़ल्ले से किया जा रहा है। वहीं उत्पाद विभाग एवं पुलिस बलों द्वारा समय-समय पर कार्रवाई कर शराब धंधेबाजों पर नकेल कसने के प्रयास जारी है। रविवार को उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी ने गुप्त सूचना के आलोक में डैम के समीप से एक बाइक पर लदे 105 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया। वहीं शराब धंधेबाज भगाने में सफल रहे। मिली जानकारी के अनुसार बिहार-झारखण्ड के सीमावर्ती डैम पार के जंगली क्षेत्रों में शराब धंधेबाजों के द्वारा शराब का निर्माण कार्य किया जाता है। साथ ही जंगली शराब को बाजार पहुंचाने के लिए शराब धंधेबाज बाइकों पर प्लास्टिक अथवा जुट के बोरे में बन्द कर महुआ शराब की खेंप बाजार एवं विभिन्न गांवों तक पहुंचाने का काम किया करते हैं। ग्रामीणों एवं चरवाहों के मुताबिक प्रत्येक दिन अहले सुबह से लेकर देर शाम तक दर्जनों बाइकों पर शराब लादकर ले जाया जाता है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार में शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर चौबीसों घंटे सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाता है। साथ ही आसपास के ग्रामीण एवं जंगली क्षेत्रों में छापेमारी भी किया जा रहा है। रविवार को डैम के समीप उत्पाद बलों ने पल्सर बाइक संख्या बीआर27के0193 पर लदे 105 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया। जबकि शराब धंधेबाज भागने में सफल रहा। उन्होंने कहा कि जब्त शराब एवं बाइक को लेकर बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी की पीट-पीटकर हत्या

नवादा (नि.सं.)। जिले के नवादा जिले के कादिरगंज थाना क्षेत्र के कादिरगंज बाजार के 15 वर्षीय किशोर की प्रेम प्रसंग में लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसके साथ रहे साथी को भी पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। मृतक की पहचान कादिरगंज बाजार के नीतीश कुमार के भांजा नीरज कुमार के रूप में की गई है, जबकि घायल सन्नी कुमार कादिरगंज चौधरी टोला निवासी राजो चौधरी का पुत्र बताया गया है। मृतक के मामा नीतीश कुमार ने बताया कि लड़की से मिलने के लिए गया था तभी परिवार के लोगों ने मारपीट किया और इलाज के दौरान भांजा की मौत हो गई। थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवायी है। मृतक के मां का आरोप है कि 5:30 बजे घर से निकला था और 10:30 बजे रात में पचम्बा गांव से फोन आता है कि वो छेड़छाड़ करते हुए पकड़ा गया है। फिर जख्मी हालत में अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। इसी दौरान जब भांजा जख्मी था तो एक लड़की के द्वारा लगातार फोन कर उसका हाल समाचार पूछा जा रहा था तब हम लोगों को पता चला की प्रेम प्रसंग में ही मेरा भांजा के साथ मारपीट किया गया है और दर्द के कारण ही थोड़ी देर में ही भांजा ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद मृतक की शव को पुलिस ने कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिवार को सौंप दिया। इस बावत डीएसपी अनोज कुमार ने बताया कि जिस युवक की पिटाई की गई है उनके परिवार के आवेदन के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। प्रेम प्रसंग में युवक की पिटाई की गई जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हुई है। जिस लाठी से पिटाई किया गया था उस लाठी को बरामद किया गया है। आगे की जांच की जा रही है।

लगातार बढ़ता जा रहा शिक्षा को लेकर जागरूकता कारवां जत्था

नवादा (नि.सं.)। बुद्धिजीवी विचार मंच के शिक्षा जागरूकता अभियान के तहत रविवार को बुद्धिजीवियों की टीम सदर प्रखण्ड के चुटकिया बिगहा गांव पहुंची। ग्रामीणों, स्कूली छात्रों और अन्य बुद्धिजीवियों के सहयोग से सुबह सुबह में ही गीत संगीत के साथ प्रभात फेरी निकाल कर अभिभावकों एवं बच्चों को जागरूक किया। अभियान में बच्चे बूढ़े स्त्री-पुरुष सभी वर्ग के लोग काफी उत्साह के साथ शामिल हुए। गांव की पगडंडियों से गुजरते हुए टीम के सदस्यों में शिक्षा के प्रति समर्पण का भाव स्पष्ट दिख रहा था। मंच के संरक्षक डॉ सुनीति कुमार और संयोजक अवधेश कुमार के नेतृत्व में यह कारवां पिछले बीस वर्षों से सक्रीय है और समय समय पर इसमें लोग जुड़ते भी जा रहे हैं। चुटकियां बिगहा गांव के पिछड़े, अति पिछड़े और महादलित बच्चों के साथ प्रभात फेरी निकालने से वहां के लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है। सदस्यों ने बताया कि प्रभातफेरी वाले गाँव के बच्चों का नियमित स्कूल जाना और रहन-सहन में संतोषजनक बदलाव इस अभियान की सबसे बड़ी सफलता है। मंच के संयोजक अवधेश कुमार ने बताया कि अभिभावकों और बच्चों के बीच घटते सामंजस्य अथवा इनके भीतर की कमियों को दूर करने हेतु शिक्षा जागरूकता रैली अहम भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में अवधेश कुमार, रामबिलास प्रसाद, रामलखन प्रसाद, रामवरण बाबू, चंदेश्वर प्रसाद, अविनाश कुमार, विपलेंद्र कुमार, राजेश कुमार, गुड्डू कुमार आदि शामिल हुए। बच्चों और अभिभावकों को जुटाने में शैलेन्द्र कुमार का योगदान काफी सराहनीय रहा। कार्यक्रम में बच्चों की भूमिका भी उत्साहजनक रही जिसमे वर्ग 6 के स्वीटी कुमारी, ज्योति कुमारी, दिलखुश कुमार, सोनम कुमारी, कक्षा 5 के अंजली कुमारी, संदीप कुमार, शुभम कुमार कक्षा 3 के अर्चना कुमारी आदि शामिल थी।

दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

वारिसलीगंज (नवादा) (नि.सं.)। आगामी दीपावली एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहद्रपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा ने किया। उन्होंने कहा की आपलोगों के सहयोग से दशहरा दुर्गापूजा हर्षऊल्लास के साथ सम्पन्न कराया गया। उसी प्रकार दीपावली एवं छठ पर्व को भी शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में अपेक्षित सहयोग करने को कहा।दीपावली एवं छठ त्योहार को शांतिपूर्ण वातावरण एवं सौहार्द वातावरण में मनाने के लिए आपका सहयोग अपेक्षित है। आपके माध्यम से संदेशों को अधिक से अधिक लोगों के बीच में पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा

आयुक्त, मगध प्रमंडल एवं पुलिस महानिरीक्षक ने किया थानावार विधि व्यवस्था की समीक्षात्मक बैठक

निज संवाददाता | नवादा

समाहरणालय सभा कक्ष, नवादा में प्रेम सिंह मीणा आयुक्त, मगध प्रमंडल गया एवं श्री क्षत्रनील सिंह पुलिस महानिरीक्षक, मगध प्रमंडल गया की संयुक्त अध्यक्षता में जिलावार एवं थानावार विधि व्यवस्था से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी नवादा, आशुतोष कुमार वर्मा द्वारा आयुक्त मगध प्रमंडल गया एवं महानिरीक्षक मगध क्षेत्र गया को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा नवादा जिला का पर्यटक स्थल, भौगोलिक स्थिति आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। अभिनव धीमान पुलिस अधीक्षक नवादा द्वारा नवादा जिले के थानावार अद्यतन स्थिति के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि अबतक एसआर से संबंधित पूर्व से लंबित मामला 3153, प्राप्त मामलों की संख्या 151, निष्पादित मामलों की संख्या 73 एवं माह के अंत में लंबित मामलों की संख्या 3231 है। एनएसआर से संबंधित पूर्व से लंबित मामलों की संख्या 2823, प्राप्त मामलों की संख्या 826, निष्पादित मामलों की संख्या 816 एवं माह के अंत में लंबित मामलों की संख्या 2833 है। उन्होंने 300 दिनों से अधिक लंबित कांडों की अध्ययन स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि पूर्व से लंबित कांडों की संख्या 8483, अगस्त माह 2024 तक निष्पादित कांडों की संख्या 7187 एवं लंबित कांडों की संख्या 1296 है। गंभीर अपराध यथा- हत्या, लूट, डकैती, बैंक डकैती, चोरी, बलात्कार, पोक्सो, हत्या का प्रयास, फिरौती हेतु अपहरण, शस्त्र अधिनियम आदि के अधीन दर्ज लंबित कांडों की अध्ययन स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि माह सितंबर 2024 तक पूर्व से लंबित मामलों की संख्या 722, प्राप्त मामलों की संख्या 89, निष्पादित मामलों की संख्या 114 एवं कुल लंबित मामलों की संख्या 697 है। साइबर अपराध से संबंधित पूर्व से लंबित मामलों की संख्या 425 वर्तमान माह में निष्पादित मामलों की संख्या 13, कुल लंबित मामलों की संख्या 418 एवं कुल गिरफ्तारी 15 है। कुल बरामदगी अंतर्गत मोबाइल 03, कस्टमर डाटा 8 पेज एवं एटीएम एक। इसी तरह पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस पर हमले से संबंधित, अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम से संबंधित दर्ज कांडों की संख्या, मद्य निषेध से संबंधित, लंबित कोर्ट परिवाद की स्थिति, अपराधियों के गिरफ्तारी की अध्ययन स्थिति और सामाजिक तत्वों के विरुद्ध जिला स्तर पर की गई निरोधात्मक करवाई, अनुज्ञप्ति प्राप्त शस्त्रों के सत्यापन रद्दीकरण, जमा एवं शास्त्र जपति की अध्ययन स्थिति आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड थाना वर्तमान में खपरैलनुमा किराए के मकान में संचालित है तथा जमीन अधिग्रहण की कार्य प्रक्रियाधीन है। यातायात थाना हेतु जमीन हस्तांतरण का कार्य पूर्ण है हस्तांतरित जमीन पर थाना भवन का निर्माण करने हेतु पुलिस मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। रूपौ थाना, धमौल थाना एवं सीतामढ़ी थाना जर्जर भवन में कार्यरत है। नए थाना भवन का निर्माण करने की आवश्यकता है, जिसके लिए प्राक्कलन तैयार कर कार्यपालक अभियंता बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम राजगीर के द्वारा प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय को भेजा गया है। थानावार प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद से संबंधित बैठक आयोजित की जाती है एवं भूमि विवाद से संबंधित मामलों को भू समाधान पोर्टल पर अपलोड एवं उसका निष्पादन भी किया जा रहा है। उत्पाद अधीक्षक नवादा के द्वारा शराबबंदी से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह में कुल छापामारी की संख्या 1195, दर्ज मामलों की संख्या 535 एवं गिरफ्तारी 581 है। इसी तरह अवैध जप्त प्रदर्शन, जप्त वाहनों, उत्पाद जांच चौकी, विनिष्टीकरण, नीलामी आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा द्वारा न्यायालय में विधि-व्यवस्था से संबंधित निरोधात्मक करवाई, अनुमंडल दंडाधिकारी नवादा के न्यायालय में विभिन्न प्रकार के संचालित वादों, अनुमंडल दंडाधिकारी रजौली के न्यायालय में विभिन्न प्रकार के संचालित वादों, विधि व्यवस्था से संबंधित निषेधात्मक कार्रवाई, मंडलकारा में बंद अपराधियों की निगरानी, मंडल कारा नवादा में छापेमारी आदि के बारे में बताया गया। दिनांक 20.10.2024 तक जिला पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी द्वारा मंडल कारा में 07 छापेमारी की गई कारा अधीक्षक द्वारा विभिन्न चिन्हित वार्ड में 294 छापेमारी एवं कारा अधीक्षक द्वारा संपूर्ण कारा में साप्ताहिक 38 छापेमारी की गई। विधानसभा एवं विधान परिषद प्रश्नावली/राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग/राज्य मानवाधिकार आयोग बिहार पटना से प्राप्त परिवाद पत्र से संबंधित प्रतिवेदन में कुल प्राप्त मामलों की संख्या 22, निष्पादित मामलों की संख्या 16 एवं लंबित मामलों की संख्या 06 है। इसके साथ भविष्य निधि एवं कब्रिस्तान की पक्की घेराबंदी एवं मंदिर चहारदीवारी निर्माण के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। आयुक्त द्वारा कहा गया कि भूमि विवाद को ससमय निपटाना होगा तभी समस्या का समाधान होगा।आधारभूत संरचना, फंडिंग, मैन पावर आदि की कमी को दूर करने के लिए हम सरकार से बात करेंगे। अंत मे अनुमंडल पदादिकरी नवादा सदर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, अपर समाहर्ता नवादा, डीएसपी मुख्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर/ रजौली, डीएसपी नवादा सदर/पकरीबरावां/ रजौली एवं हिसुआ, प्रभारी गोपनीय शाखा, डीसीएलआर नवादा/रजौली, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदादिकरी नवादा सदर, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, के साथ-साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुस्लिम समाज में शिक्षा पर मौलाना जहांगीर आलम की चिंता

निज संवाददाता | नवादा

मौलाना मोहम्मद जहांगीर आलम महजरुल कादरी, बिहार राज्य उर्दू टीचर्स एसोसिएशन नवादा के अध्यक्ष, ने मुस्लिम समाज में बढ़ती अशिक्षा की दर पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया की अन्य कौमें शिक्षा की प्राप्ति में लगी हुई हैं, अन्य खर्चों में कटौती करते हुए अपने बच्चों को उच्च और गुणवत्ता वाली शिक्षा दिलाने के लिए दिन-रात प्रयासरत हैं, लेकिन मुस्लिम समाज में आज भी शिक्षा की भारी कमी दिखाई देती है। आज न तो मुस्लिम कौम में धार्मिक शिक्षा के लिए रुचि है और न ही आधुनिक शिक्षा की ओर ध्यान दिया जा रहा है। इस विकसित युग में हमारी पिछड़ापन का सबसे बड़ा कारण शिक्षा की कमी है। जो क़ौम शिक्षा की महत्वता और उपयोगिता को समझ रही है, आज उसी क़ौम के लोग हर विभाग में शासन कर रहे हैं, जबकि हम उनकी जी-हजूरी में लगे रहते हैं। जबकि इस्लाम धर्म ने शिक्षा की प्राप्ति पर हमेशा ज़ोर दिया है। इस्लाम धर्म के संस्थापक हज़रत मोहम्मद मुस्तफा (सल) ने शिक्षा को हर मुसलमान पुरुष और महिला पर अनिवार्य क़रार दिया है। इसमें यह शर्त नहीं है कि केवल धार्मिक शिक्षा ही प्राप्त करना अनिवार्य है, बल्कि धर्म की शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक विज्ञान भी इसमें शामिल है। साफ है कि हम जितनी भाषाएं जानेंगे, उन भाषाओं को जानने वालों के बीच हम अपनी बात भी बेहतर तरीके से रख सकेंगे। साथ ही हर विभाग में हमारी क़ौम की उपस्थिति होगी, जिससे हमारे रोज़मर्रा के मुद्दे भी हल होते रहेंगे। मौलाना महजूरुल क़ादरी ने मुस्लिम क़ौम से अपील की है कि परिस्थितियों के अनुरूप अपने बच्चों को धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ उच्च और गुणवत्ता वाली आधुनिक शिक्षा भी दिलाएं। शादी-ब्याह और अन्य मामलों में अनावश्यक खर्च से बचें, बल्कि उसी पैसे को इकट्ठा करके अपने-अपने क्षेत्रों में गुणवत्ता वाले स्कूल, कॉलेज, मदरसे, विश्वविद्यालय और अन्य शैक्षणिक संस्थान खोलें। तभी पूरी क़ौम और समाज विकास सकेगा।

जदयू की नवगठित पार्टी पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष ने अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर किया सम्मानित

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)

नगर परिषद क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित श्री गणेश सेवा सदन में जदयू की नवगठित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जदयू के नगर अध्यक्ष रणविजय प्रसाद ने तथा मंच संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार राय ने किया। जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने नवगठित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों को अंग वस्त्र, माला एवं मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया। पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2005 में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आप लोगों ने भरोसा किया। पार्टी के सर्वमान्य नेता एवं बिहार के लोकप्रिय माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्कूल से बाहर रह रहे 12 फीसदी बच्चों को स्कूल पहुंचाने का काम किया। सभी बच्चे दलित, महादलित एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के बच्चे थे। बड़े पैमाने पर स्कूलों का निर्माण करने के साथ ही शिक्षकों का नियोजन किया गया। लगभग 3,75,000 शिक्षकों को त्रिस्तरीय पंचायत स्तर पर नियोजन करने का काम किया। बेहतर शिक्षा के लिए अनेको कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए माननीय नेता दिन-रात 19 वर्षों से लगे हुए हैं। शिक्षा के प्रति बच्चों में जागरूकता लाने के लिए छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन, पोशाक राशि के साथ ही आठवां वर्ग पास करने के उपरांत सभी बच्चे, बच्चियों को साइकिल राशि दी जा रही है। मैट्रिक प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण होने पर छात्र- छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में दस हजार रुपए दी जा रही है। छात्राओं के लिए इंटर पास करने पर 25000 की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है तथा अविवाहित छात्रा को स्नातक उत्तीर्ण करने पर 50000 का प्रोत्साहन राशि देने का काम किया है। दलित, महादलित एवं अल्पसंख्यक बच्चों को स्कूल पहुंचाने एवं ट्यूशन देने के लिये टोला सेवक एवं तालीम मरकज की बहाली की गई। पंचायत स्तर पर इंटर विद्यालय की स्थापना की गई। प्रखंड स्तर पर आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना, जिला स्तर पर डिग्री कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जा रही है। अनुमंडल स्तर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं महिला पॉलिटेक्निक , एएनम, जीएनम, बीएड कॉलेज खोला गया है। अल्पसंख्यक वर्गों के विकास के लिए माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कब्रिस्तान घेराबंदी करने का काम किया है जिससे कब्रिस्तान का जमीन संबंधी विवाद खत्म हो चुका है। मदरसों के जीर्णोद्धार करने के साथ ही मदरसा शिक्षकों को अन्य शिक्षकों की तरह वेतन दिया जा रहा है।अल्पसंख्यक कल्याण के लिए अनेकों कार्यक्रमों के माध्यम से अल्पसंख्यक समाज के विकास के लिए काम किया जा रहा है। अमन, चैन, सद्भाव कायम किया गया। जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी के साथ चल रहे जिला उपाध्यक्ष जयशंकर चंद्रवंशी, प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य सतीश कुमार कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रसाद कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष शशि कुमार शेष, जमुई विधानसभा प्रभारी अवधेश कुशवाहा, जदयू जिला महासचिव चंद्रमौली शर्मा, जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव मंजूबाला, अरूंजय कुमार, मृत्युंजय कुमार, वारिसलीगंज विधान सभा प्रभारी प्रियरंजन पटेल, जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार, नगर परिषद के उप मुख्य पार्षद सह जिला जदयू उपाध्यक्ष अरुण कुमार राय, अनिल प्रसाद यादव, आमोद कुमार, विजय कुमार राय, जदयू जिला महासचिव संजय कुमार सिंह, महेश भाई पटेल, प्रखंड उपाध्यक्ष अनिल कुमार, कंचन कुमार, विकास कुमार आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में सिरदला प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, अनिल यादव जिला उपाध्यक्ष, जिला विजय कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद, डॉक्टर नवल चंद्रवंशी, भगवान सिंह चंद्रवंशी, चंदन चंद्रवंशी, घनश्याम सिंह, तिरू सिंह, राघवेंद्र प्रसाद शर्मा, सालो सिंह, अनिल सिंह रामप्रवेश बाबु, मुकेश कुशवाहा, अरुण कुमार उपाध्यक्ष, विजय कुमार राय, अमोद कुमार, सुरेश चौधरी, इंद्रदेव कुशवाहा, राम स्वार्थ बाबू, बिंदु प्रसाद, रिंकू कुमारी, अवधेश पटेल, जयप्रकाश कंचन साव, के अलावे सैकड़ो पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

एकम्बा गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, दर्जनों महिला व पुरुष हुए लाभान्वित

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के एकम्बा गांव स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को हैंड इन हैंड इंडिया एवं जॉकनिक फाउंडेशन के द्वारा एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का अयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन चिकित्सक अभिजीत रॉयप्रधानमंत्री जन औषधि संचालक गुरुदेव प्रसाद एवं अकाउंटेंट सह एमआईएस सुमंत कुमार सिंह के द्वारा सामुहिक रुप से किया गया। सुमंत कुमार सिंह ने बताया कि हैण्ड इन हैण्ड इंडिया विगत कई वर्षों से बिहार एवं झारखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थय शिविर अयोजन करते आ रही है। संस्था स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित क्षेत्रों में उचित स्वाथ्य सेवाओं के साथ साथ उचित दवाईयां भी उपलब्ध करवाते आ रही है। स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं और बच्चे का शारीरिक वजन व रक्तचाप जांच किया गया। साथ ही साथ चिकित्सक द्वारा उचित प्रामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध करायी गई। विशेष आवश्यकता वाले किशोरियों, महिलाओं एवं बच्चों के बीच पोषण पाउडर व सेनेटरी पैड उपलब्ध कराया गया एवं गंभीर रोगियों को रेफर भी किया गया। शिविर मे चिकित्सक द्वारा लोगों से उचित जीवन शैली अपनाने के विषय पर भी जागरूक किया गया, जिसमें प्रतिदिन दस हजार कदम चलना, पानी उबालकर पीना, अपने खानपान में नियमित हरी साग सब्जियों का इस्तेमाल करने को कहा गया। शिविर को सफल बनाने में हैण्ड इन हैण्ड इंडिया के परियोजना कर्मी जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, आनंदी कुमारी, गुड्डू एवं मोबिलाइजर मिंटू कुमारी, सीएलसी टीचर दिव्या कुमारी व पूजा कुमारी ने अहम भूमिका निभाई।

एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

निज संवाददाता | नवादा

आशुतोष कुमार वर्मा,जिला पदाधिकारी, नवादा की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देख रेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं पोक्सो अधिनियम 2012 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय स्थित डी आर डी ए सभागार में किया गया। इस दौरान विधि विशेषज्ञ अजय कुमार, समाज कल्याण विभाग एवं राकेश कुमार यूनिसेफ के द्वारा अधिनियमों से संबंधित अहम जानकारी दिया गया। इनके द्वारा बताया गया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 यानी जेजे एक्ट, कानून से संघर्षरत बच्चों और देखभाल की जरूरत वाले बच्चों के लिए बनाया गया है,इस अधिनियम के तहत, इन बच्चों के सर्वोत्तम हितों को सुनिश्चित करने के लिए कई तरह के प्रावधान किए गए हैं। साथ ही पॉक्सो एक्ट यानी लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012, के बारे में बताया गया कि यह बच्चों के ख़िलाफ़ होने वाले यौन अपराधों को रोकने हेतु बनाया गया है। इस कार्यशाला में जिले के सभी थाना के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, बाल कल्याण समिति, जिले में सक्रिय स्वयं सेवी संस्था एवं अन्य हितधारकों द्वारा भाग लिया गया।

दीवाली और छठ पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना परिसर में रविवार को सीओ मो. गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के संयुक्त नेतृत्व में दीवाली एवं छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा पूजा समितियों के अलावे दर्जनों लोग सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान पुलिस व प्रशासन ने दीवाली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाने की बात कही। साथ ही सरकार के नियमानुकूल बातों के मद्देनजर त्यौहार मनाने को कहा। वहीं दीवाली में स्थापित किये जाने वाली माता लक्ष्मी की प्रतिमा के विसर्जन सम्बंधित रूट आदि की जानकारी के लिए प्रशासन से पूर्व अनुमति लेने को कहा गया। पूजा पंडालों में डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही बाजारों में लाइसेंसधारी दुकानदार ही पटाखें बेचेंगे। साथ ही छठ पूजा के दौरान भक्ति जागरण आदि कार्यक्रम के लिए लाइसेंस बनवाना अनिवार्य बताया गया।

पालक की खेती करने से अच्छी हो रही गाढ़ी आमदनी, स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखंड क्षेत्र में पालक की खेती करने से अच्छी आमदनी हो रही है। यह एक सदाबहार सब्जी है। सभी जगहों में इसकी खेती की जाती है। पालक आयरन व विटामिन का उच्च स्त्रोत और एंटीऑक्सीडेंट होता है। इसके बहुत सारे सेहतमंद फायदे हैं। यह बीमारीयों से लड़ने की क्षमता बढ़ाती है। यह पाचन के लिए, त्वचा,बाल, आंखों और दिमाग के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। इससे कैंसर-रोधक और ऐंटी ऐजिंग दवाइयां भी बनती है। पालक को मिट्टी की कई किस्मों जो अच्छे जल निकास वाली होती हैं में उगाया जाता है। यह रेतली चिकनी और जलोढ़ मिट्टी में बढ़िया परिणाम देती है। जल जमाव वाली मिट्टी में पालक की खेती करने से बचना चाहिए। इसके लिए मिट्टी का पीएच 6 से 7 होना चाहिए। इसके पत्ते अर्द्ध सीधे और गहरे चमकीले रंग के होते है। बुआई के बाद यह 30 दिनों में कटाई के लिए तैयार हो जाती है। इसकी औसतन पैदावार 125 क्विंटल प्रति एकड़ होती है। इसमें ऑक्सेलिक एसिड की मात्रा कम होती है। इसके पत्ते हल्के हरे रंग के पतले, लम्बे और संकीर्ण होते है। इसके पत्ते स्वाद में हल्के खट्टे होते है। इस किस्म का तना जामुनी रंग का होता है। इसकी औसतन पैदावार 115 क्विंटल प्रति एकड़ होती है। प्रखण्ड के बभनटोली निवासी रंजीत सिंह ने बताया कि वे सालों भर अपने खेतों में विभिन्न प्रकार के साग-सब्जी का उत्पादन करते हैं। उन्होंने कहा कि पालक की खेती के लिए किसान को पहले जमीन को भुरभुरा करने के लिए 3 से 5 बार जोताई करनी चाहिए। खेत जोताई के बाद समिट्टी को समतल कर बैंड तैयार करना चाहिए और बाद में सिंचाई करें। पालक की बीज बुआई के लिए अगस्त से दिसंबर का समय उचित होता है। फसल के बढ़िया विकास और बढ़िया पैदावार के लिए अच्छी तरह से गला हुआ गाय का गोबर 200 क्विंटल, नाइट्रोजन 32 किलोग्राम, 70 किलोग्राम यूरिया, फासफोरस 16 किलोग्राम एवं सुपरफासफेट 100 किलोग्राम प्रति एकड़ खेत में डालें। गले हुए गाय के गोबर और फासफोरस की पूरी मात्रा और नाइट्रोजन की आधी मात्रा बीज बुआई से पहले डालें।खेतों में खाद डालने के बाद हल्की सिंचाई करें। बीजों के बढ़िया अंकुरण और विकास के लिए मिट्टी में नमी का होना बहुत आवश्यक है। यदि मिट्टी में नमी अच्छी तरह से ना हो तो, बीज बुआई से पहले सिंचाई करें या फिर बीज बुआई के बाद पहली सिंचाई करें। गर्मी के महीने में 4-6 दिनों के फासले पर सिंचाई करें जबकि सर्दियों में 10-12 दिनों के फासले पर सिंचाई करें। ज्यादा सिंचाई करने से परहेज करें। ध्यान रखें की पत्तों के ऊपर पानी ना रहे क्योंकि इससे बीमारी का खतरा और गुणवत्ता में कमी आती है। ड्रिप सिंचाई पालक की खेती के लिए लाभदायक सिद्ध होती है।

न्यूज बाइट्स

बाइक के अनियंत्रित होकर पलटने से युवक घायल, रेफर

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। गोह थाना क्षेत्र के जाजापुर में पेट्रोल पंप के पास एक बाईक अनियंत्रित होकर पलट गईं। जिससे बाईक चालक गंभीर रूप से ज़ख़्मी हो गया। घायल युवक की पहचान रफीगंज प्रखंड के सोनबरसा गांव निवासी मो. रूदाद के रूप मे की गईं है। स्थानीय लोगो की मदद से ज़ख़्मी रुदाद को सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया। घटना उस समय घटित हुई जब रुदाद अपनी ममेरी बहन को गोह थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव पहुंचाकर अपने घर वापस लौट रहे था। जैसे ही गोह के जाजापुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचा कि बाइक के सामने से आ रही एक बकरी को बचाने के प्रयास में बाईक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही गोह थाना के 112 के पुलिसकर्मियों के सहयोग से अस्पताल मे भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया।

फरार वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। गोह थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर फरार वारंटी को कुड़वा गांव से गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है।प्रभारी थानाध्यक्ष सुदीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि कुड़वा गांव निवासी सरोज पासवान अपने घर पर ही रह रहा है। उस पर न्यायालय से वारंट निर्गत है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर उसे घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

दीपावली व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज थाना परिसर में थानाध्यक्ष गुफरान अली के देख रेख में दीपावली पर्व, एवं छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में क्षेत्र के समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। थानाध्यक्ष ने कहा कि दीपावली एवं छठ पर्व हमारे लिए अहम पर्व है। जिसे शांति व्यवस्था के बीच मनाने के लिए हम कटिबद्ध हैं। दीपावली पर्व में जगह जगह लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा का पूजन के साथ आयोजक विधि व्यवस्था भी बनाये रखें। पूजा के दौरान किसी तरह की आपत्तिजनक जानकारी मिलती है तो अविलंब थाना को सूचना दें। वहीं छठ पूजा के लिए छठ घाट की सफाई एवं आयोजन स्थल पर विशेष निगरानी आयोजकों के द्वारा की जानी चाहिए। पर्व को क्षेत्र में शांतिपूर्ण मनायें। इसके लिए अभी से ही पुलिस गश्ती तेज कर दी गई है। तथा जगह-जगह पर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। रफीगंज थाना क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी स्थानों पर आयोजन किया जा रहा है। सभी आयोजक अपना कमिटी पर निगरानी रखे। साथ ही डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। डीजे बजाने पर कमिटी के सदस्यों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर वार्ड पार्षद सह राजद नेता नुरुल हुदा खान, दुन खाँ, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, पवन कुमार, उप मुखिया कृष्ण कुमार गुप्ता, विजय कुमार, मनोज सिंह, सहित अन्य लोग शामिल थे।

रांची से इलाहाबाद जा रही थी बस, औरंगाबाद में जीटी रोड पर हुआ हादसा

एनएच पर बस ने ट्रक में मारी टक्कर कंडक्टर की मौत, नौ यात्री घायल

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

रविवार की अहले सुबह सड़क हादसा हुआ है। झारखंड से उतर प्रदेश जा रही सवारी बस ने ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में बस में सवार नौ लोग घायल हो गए। जबकि, कंडक्टर की घटनास्थल पर मौत हो गयी। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के ताराडीह गांव के पास एनएच-19 का है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बस पर सवार लोगों ने बताया कि हम लोग सोए हुए थे। इसी बीच बस में आवाज हुई। हम लोगों ने देखा तो बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। कुछ लोग घायल भी थे। बस में करीब 30 से 35 की संख्या में लोग सवार थे। बस के जो आगे के हिस्सा में बैठे हुए लोग थे, वह चोटिल हुए हैं। मृतक कंडक्टर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के बजहा मिश्रण घिसापुर निवासी रंगलाल का 31 वर्षीय बेटा सूरज कुमार है। घायलों में झारखंड राज्य के रांची हरमू रोड निवासी रामनिवास, मध्य प्रदेश राज्य के रीवा जिले के चाकघाट निवासी पल्लवी पांडे, उत्तर प्रदेश के चंदौली जिला के कमालपुर निवासी विकास कुमार, रायबरेली के नगदीलपुर निवासी आकाश कुमार, प्रयागराज के देवापुर निवासी दिवाकर पांडे, कानपुर निवासी सिद्धार्थ तिवारी, वाराणसी के रामपुर निवासी मनोज कुमार, जौनपुर के सैदोपुर निवासी संतोष कुमार और देवरिया के रामपुर कारखाना निवासी शैलेश कुमार है।

स्थानियों ने पुलिस को दी सूचना

घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने मदनपुर थाना की पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में भर्ती कराया है। जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टरों ने इलाज किया है। मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मृतक सह चालक के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बस रांची से इलाहाबाद जा रही थी। जैसे ही बस ताराडीह गांव के पास पहुंची, वैसे ही आगे जा रही एक ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

बस में सवार लोगों ने बताया कि हम लोग सोए हुए थे। अचानक जोर से टकराने की आवाज सुनाई दी। कुछ लोग को जोरदार टक्कर होने के कारण बगल वाली सीट से सिर जाकर टकरा गया, जिससे वह घायल हो गए। जानकारी के अनुसार यह सभी अपने-अपने घर और अपने-अपने काम से अलग-अलग जगह पर जा रहे थे।

डीएलएसए के सचिव ने किया दाउदनगर उप मंडल कारा का निरीक्षण

निज संवाददाता | औरंगाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औऔरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा आज अनुमंडलीय कारा, दाउदनगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारा में पदस्थापित जेल अधीक्षक रमेश प्रसाद भी मौजूद थे। सचिव सुकुल राम द्वारा जेल के प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण कर बंदियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया गया। सचिव ने कैदियों को कारा में उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत होने के उपरान्त कैदियों के समक्ष ही तत्काल निदान करने का निर्देश जेल अधीक्षक को दिया। सचिव द्वारा निरीक्षण के दौरान यह निर्देश दिया गया कि जो कैदी प्रथम दृष्टया देखने में नाबालिग प्रतीत होते हैं और उनकी उम्र 18 वर्ष वर्ष से कम है, इनकी सूची सम्बन्धित न्यायालयों में उनकी आयु के सत्यापन हेतु प्रेषित करें, ताकि विधि अनुसार उनके मामलों पर कार्रवाई हो सके तथा वैसे कैदियों की सूची तत्काल जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय को प्रेषित करना सुनिष्चित करें। सचिव ने अपने निरीक्षण के दौरान सभी बंदियों से उनके जमानत एवं उनके अधिवक्ता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया गया तथा कहा कि अगर कोई अपने निजी खर्च पर अधिवक्ता रखने में असमर्थ है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उन्हें मुफ्त पैनल अधिवक्ता की सेवा मुहैया करायी जाएगी। इस क्रम में कुछ बंदियों ने इस सुविधा से अनभिज्ञता जाहिर कि तो सचिव ने कारा अधीक्षक को उक्त सबंध में आवश्यक कार्यवाई करने और जागरूकता हेतु निर्देश दिया। साथ ही अधीक्षक को यह निर्देश दिया कि वैसे बंदियों को चिन्हित करें जिनका अधिवक्ता न्यायालय में बचाव हेतु नही है और उनको विधिक सहायता अंतर्गत अधिवक्ता उपलब्ध कराने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार को भेजें ताकि उन्हें अधिवक्ता उपलब्ध करा कर उनके वाद में उन्हें बचाव हो सके। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा जेल की साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश भी दिया गया तथा जेल में मिलने वाले खाने को मेन्यू के अनुसार और गुणवत्तापूर्ण रखने का निर्देश दिया। सचिव द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जो भी नये कैदी जेल में आते हैं तो बंदी के दौरान उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में बतायें। साथ ही अगर उन्हें विधिक सहायता की आवष्यकता है तो किस प्रकार उन्हें विधिक सहायता मिल सकती है, उसके बारे में भी बतायें। कारा निरिक्षण के दरम्यान कारा में बागवानी काफी अच्छी पायी गयी। कारा में कुल 100 बंदी पाये गये जिनमे 2 महिला बंदी थी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला ब्लड बैंक का तोहफा

निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)

रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ब्लड बैंक का तोहफा मिला है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल को कायाकल्प व इंक्वास जैसे अवार्ड से सम्मानित किया गया है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को रेफरल अस्पताल में तब्दील करने के लिए कागजी प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसके लिए व्यवस्था जारी है। शुरुआत मे सीएचसी को ब्लड बैंक का उपहार दिया गया है। इससे रफीगंज के जरूरतमंद एवं मरीज के लिए सुविधा होगी। स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, बीएमसी सुभाष कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, बीसीएम सनी कुमार, लैब टेक्नीशियन रविंद्र कुमार, रंजीत कुमार, रिंकी कुमारी, आशा सिंह, रंजना कुमारी, दवेनतिग्गा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने खुशियां जाहिर की।

अनिश्चितकालीन हड़ताल को सफल बनाने को लेकर बैठक

किसान मजदूर मोर्चा के सदस्य ने खोला मोर्चा उत्तर कोयल नहर का कार्य पूरा करने की मांग

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

किसान मजदूर मोर्चा के सदस्य औरंगाबाद जिला के रफीगंज शहर के डाक बंगला मैदान स्थित कामरेड इश्तियाक अहमद खां की प्रतिमा के पास किसान मजदूर मोर्चा के सदस्य की एक टीम की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अहमद खान उर्फ लड्डू खान एवं संचालन डॉक्टर तुलसी यादव ने किया। बैठक की शुरुआत कामरेड इश्तियाक अहमद ख़ां के प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर किया गया। अहमद खान उर्फ लड्डू खान ने बताया कि रफीगंज के वीर योद्धा कामरेड इश्तियाक अहमद ख़ां के प्रतिमा के समीप बैठक कर किसान मजदूर मोर्चा उत्तर कोयल नहर के कुटकुट डैम में फाटक लगाने एवं अंगरा, कोटवारा, चेंईनवादा शाखा के अधूरे कार्य को पूरा करने की की मांग को लेकर किसान मजदूर मोर्चा मगध की ओर से 15 जनवरी 2025 से अनिश्चितकालीन महाधरना का आयोजन किया गया है। राजनीति से ऊपर उठकर सभी लोग कोयल नहर को चालू करवाने में लग जाए।

डॉक्टर तुलसी यादव ने बताया कि हर किसानों का आज सपना है कि मगध के क्षेत्र में खेतों में पानी आए। जिससे हर किसान मजदूर के घरों में खुशहाली आए। कामरेड इश्तियाक अहमद ख़ां जब तक रहे तब तक मजदूर किसानों की हक की लड़ाई लड़ते रहे। मरहूम इश्तियाक अहमद ख़ां की उपलब्धि है कि बिना विधायक और सांसद बने ही रफीगंज में बिजली ग्रिड लगवाने का कार्य किया।

पुलिस की कार्रवाई, कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)

गोह के उपहारा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर बड़ी कार्रवाई में अवैध हथियारों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दाऊदनगर के एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने बताया कि उपहारा थानाध्यक्ष मनेश कुमार को बीती रात 23:30 बजे सूचना मिली कि हम्मीदनगर टोले बनरा में रामदयाल शिकारी उर्फ रामदयाल पासी अपने घर में अवैध हथियार रखे हुए हैं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रामदयाल के घर पर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके घर से एक देशी थरनेट, एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया। मामले में उपहारा थाना में कांड संख्या-115/24 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। इसकी जांच पुलिस अधीकारी रामादित्य ठाकुर को सौंपी गई है।पुलिस अधिकारी ने बताया कि अवैध हथियारों के खिलाफ पुलिस की यह कार्रवाई जारी रहेगी।

एक पेड़ मां के नाम के तहत किया गया वृक्षारोपण

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

मेरा युवा भारत के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम के तहत बड़ा तालाब के पास बड़े संख्या में फलदार एवं छायादार पेड़ लगाया गया। कार्यक्रम का मकसद बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना और धरती के भविष्य को सुरक्षित रखना है। इस अभियान के तहत नवीनगर प्रखंड के विभिन्न युवा मंडल के युवाओं ने पूरे तन्मयता साथ इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उपस्थित युवाओं ने कहा कि हम लोग पेड़ लगाने के साथ-साथ उसे पूरी तरह के देखभाल की जिम्मेवारी भी लिए हैं । इस अभियान के तहत आम, पीपल, बरगद, शीशम, सागवान सहित सैकड़ो पेड़ लगाए गए। युवाओं ने पूरे गांव में जनता से अपील किया कि आप सभी लोग अपने मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाएं। कार्यक्रम में राकेश कुमार, राजीव कुमार, महेंद्र प्रताप, अखिलेश राम, आदित्य कुमार, सनोज राय, पिंटू कुमार, नंद गोपाल, राजू रंजन, अशोक सिंह, धर्मेंद्र कुमार, कमलेश कुमार, मयंक सिंह सहित कई लोगों उपस्थित थे।

दीपावली विथ माई भारत के तहत होंगे कई कार्यक्रम

औरंगाबाद (नि.सं.)। दीपावली विथ माई भारत के प्रथम वर्षगांठ पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला युवा अधिकारी एनवाईके, कॉन्फ्रेडेशन ऑफ इंडिया ट्रेडर्स, एसोसिएशन ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड संगठन, मेरा युवा भारत, भारत स्काउट गाइड संयुक्त रूप से बैठक किया गया। बैठक के बाद जिला युवा अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को अद्री नदी छठ घाट की सफाई के साथ किया जाएगा। तत्पश्चात पूरे मार्केट में सफाई अभियान चलाया जाएगा। विभिन्न युवा संगठन के लोग भी अपने युवा मंडल में इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक कर रहे हैं। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी हेमंत कुमार मथुरिया ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे जिला में पूरे उत्साह के साथ मनाया जा जाएगा।

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं
सिंघानिया ज्वेलर्स
डालटेनगंज रोड, बस स्टैण्ड रामाबांध, औरंगाबाद
हमारे यहां ग्रह रत्न भी मिलता है।
हमारे यहां सोने चांदी के हॉल मार्क आभूषण 750 एवं 91.6 उचित मूल्य पर उपलब्ध है।
प्रो. दिलीप सिंह
मो. 6201455003
9007490092

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं
गणपति ज्वेलर्स
V-Mart के सामने, बाल बिहार गली, न्यू एरिया, औरंगाबाद
ग्राहक की संतुष्टि ही हमारा पहला उद्देश्य
हॉलमार्क ज्वेलरी निर्माता एवं विक्रेता
प्रो. राकेश कुमार
8083824210
मो. 9304570428

धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
मोती साव शिव पूजन प्रसाद ज्वेलर्स
ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद (बिहार)
सोने-चांदी के फैन्सी आभूषण एवं ग्रह रत्न के विक्रेता
मंगल मणि ज्वेलर्स
मोती साव शिव पूजन प्रसाद ज्वेलर्स के बगल में ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद
केवल हॉलमार्क सोने हीरे के आभूषणों के विक्रेता
रूप अलंकार ज्वेलर्स
सदर अस्पताल के सामने, औरंगाबाद
सोने-चांदी के फैन्सी आभूषण एवं ग्रह रत्न के विक्रेता

सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

दिनांक 28.10.2024 (सोमवार) से 03.11.2024 (रविवार) तक राज्य में "सतर्कता अभिचेतना सप्ताह" का आयोजन हो रहा है।

सदाचार, नैतिकता एवं आत्मसम्मान राष्ट्रीय गौरव से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। दूसरी ओर भ्रष्टाचार सुशासन का सबसे बड़ा शत्रु है। यह सभी स्तरों पर जन-जीवन को कुप्रभावित करता है। भ्रष्ट आचरण को मात्र कानून के बल पर नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। इस पर अंकुश रखने के लिए सतत् जागरूकता आवश्यक है।

मैं "सतर्कता अभिचेतना सप्ताह" की सफलता के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूं एवं राज्य की जनता का आवाहन करता हूं कि जो व्यक्ति जहाँ-कहीं भी जिस रुप में सेवा दे रहे हैं, वहाँ स्वच्छता, तत्परता एवं ईमानदारी को प्राथमिकता दें तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर

PR No.- 011419(Vigilence) D. 2024-25

बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

दिनांक 28.10.2024 (सोमवार) से 03.11.2024 (रविवार) तक राज्य में "सतर्कता अभिचेतना सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है।

निगरानी विभाग भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई में सतत् प्रयत्नशील है। इसके लिए सरकार ने भ्रष्टाचार के विरूद्ध "जीरो टॉलरेन्स" की नीति अपनाई है। परिणाम स्वरूप राज्य में सदाचार एवं नैतिकता को बढ़ावा देते हुए राजकीय आत्मसम्मान एवं गौरव की वृद्धि में निगरानी विभाग का योगदान उल्लेखनीय है।

भ्रष्टाचार जहाँ भी होता है समाज को खोखला कर देता है एवं समाज चाहकर भी विकास की राह पर आगे नहीं जा पाता है। यद्यपि शीघ्रतापूर्वक दी गई शास्ति एवं दंडात्मक कार्रवाई भ्रष्टाचार के लिए प्रभावी निवारक है, तथापि भ्रष्ट्राचार के कारण होने वाले गंभीर परिणामों एवं उत्पन्न खतरों के प्रति जनता में जागरूकता की भी आवश्यकता है।

मैं "सतर्कता अभिचेतना सप्ताह" की सफलता के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ एवं राज्य की जनता से यह अपेक्षा रखता हूँ कि जो व्यक्ति जहाँ–कहीं भी जिस रूप में सेवा दे रहे हैं, वहाँ स्वच्छता, तत्परता एवं ईमानदारी को प्राथमिकता दें एवं भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई में सहयोग प्रदान करें।

(नीतीश कुमार)

PR. No. 011425 (Vigilance)D. 2024-25

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

संक्षिप्त समाचार

कचड़ा रखने के विवाद में रॉड से मार युवक को किया लहूलुहान

फतेहपुर। फतेहपुर थाना क्षेत्र के पोवा गांव में कचड़ा रखने के विवाद में मारपीट कर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गया रेफर कर दिया गया है। इधर, पीड़ित ने एफआईआर दर्ज करने के लिए थाना में लिखित आवेदन दिया है। पीड़ित निरंजन सिंह ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि कचड़ा रखने को लेकर महिलाओं के बीच झगड़ा हुआ था। इसे लेकर दूसरे दिन दीपक कुमार और उसके परिवार के लोग उसके घर में घुस कर लोहे का रॉड और खंती से उसपर हमला कर दिया। इसमें उसका सिर फट गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी और बच्चों के साथ भी मारपीट कर उसे घायल कर दिया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। इसमें पांच लोगों पर मारपीट करने व सोने का मंगलसूत्र छीन लेने का आरोप लगाया गया है।

गया में बालक विद्यालय बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू

गया। खेल विभाग बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन गया के बैनर तले 26 अक्टूबर को राज्य स्तरीय विद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता अंडर 14, अंडर 17 व अंडर 19 का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण गया एवं जिला खेल पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिला खेल पदाधिकारी नरेश कुमार चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता में तीनों आयु वर्ग में खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर उन्मुखीकरण

रहुई। बीआरसी कार्यालय में शनिवार को गणित और विज्ञान की परियोजना-आधारित शिक्षण (प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग) पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से वर्ग 6 से 8 तक के 42 शिक्षक और 42 प्रधानाध्यापक शामिल हुए। तकनीकी टीम - संतोष कुमार सुमन, अंशु कुमारी, अंकिताशु दयाल और रजनीश कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से सभी शिक्षकों और एचएम को प्रशिक्षित किया।

बिना अनुमति के प्रतिमा स्थापित किया तो कार्रवाई

सरमेरा। सरमेरा थाना परिसर में शनिवार को दीपावली व छठ व्रत को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में जनप्रतिनिधि,लक्ष्मी पूजा समिति के सदस्य व छठ पूजा कमिटी के सदस्यों ने हिस्सा लिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार यादव ने कहा कि थाना क्षेत्र में लगभग 50 स्थानों पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की जाती है। बिना अनुमति के प्रतिमा स्थापित करने पर रोक है। सभी को पूजा पंडाल के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगाने, पंडाल में पूजा के दौरान दीपक ,अगरबत्ती सावधानी से जलाने, पंडाल के पास पानी व बालू की व्यवस्था रखने को कह गया।

गुरपा में 1080 लीटर महुआ शराब व 9 बाइक हुई जब्त

फतेहपुर। गुरपा पुलिस ने थाना क्षेत्र के गोबरदाहा जंगल से 1080 लीटर महुआ निर्मित शराब और 9 बाइक बरामद की है। हालांकि इसमें किसी की गिरफ्तारी संभव नहीं हुई है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि गुरपा थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी, बिक्री, निर्माण, भंडारण व सेवन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान शनिवार को झारखंड इलाके से गुरपा के रास्ते भारी मात्रा में शराब तस्करी द्वारा लाए जाने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस बल के साथ गोबरदाहा की घेराबंदी की। इसी समय पुलिस को देख तस्कर शराब लदी बाइक को गोबरदाहा जंगल में छोड़कर वहां से भाग निकले। उन्होंने बताया कि नौ बाइक पर लदे बोरों की जांच करने पर उसमें से चाइनीज पॉलीथिन में पैक 1080 लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुई। यह शराब झारखंड इलाके से तस्करी कर लाई गई थी। हालांकि शराब तस्कर पुलिस को आते देख पहले ही वहां से भाग निकला। इस कारण उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि शराब तस्करों का पता लगाने व उसे गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

गोदरेज के किसी भी प्रोडक्ट पर शत प्रतिशत गारंटी के साथ 35% की छूट



बिहारशरीफ। अस्पताल चौराहा स्थित गोदरेज इंटीरियो में पूजा उत्सव के तहत ग्राहकों को विशेष छुट दी जा रही है। गोदरेज कंपनी के किसी भी प्रोडक्ट की खरीदारी पर 35 प्रतिशत छूट मिल रहा है। ताकि फर्नीचर खरीदने वाले ग्राहकों को राहत मिल सके। यह छुट ग्राहकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना है। धनतेरस में फर्नीचर खरीदने के लिए लोग अभी से ही बुकिंग करा रहे हैं। अलमीरा, पलंग और सोफा का ज्यादा डिमांड है। संचालक आकाश चौधरी ने बताया कि गोदरेज सिर्फ एक कंपनी नहीं बल्कि ग्राहकों के लिए विश्वास का नाम भी है। घरों को सजाना हो तो गोदरेज पहली पसंद होती है। इसी विश्वास के साथ ग्राहक भी आ रहे हैं। सबसे बड़ी बात है कि छूट के साथ शत प्रतिशत गारंटी भी दी जा रही है। सामान में किसी प्रकार की समस्या आती है तो बदलने या मरम्मत करने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जा रही है। धनतेरस को लेकर अब तक 50 से अधिक ग्राहकों ने विभिन्न प्रकार के फर्नीचर के लिए बुकिंग करा चूके हैं।

नालंदा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आज होगा आयोजन

नालंदा। नालंदा में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा की ओर से आज विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन होगा। जिला पदाधिकारी के विशेष निर्देश पर आयोजित इस शिविर में प्रतिष्ठित चिकित्सकों की एक टीम सेवाएं प्रदान करेगी। शिविर का आयोजन 27 अक्टूबर को प्रातः 7:30 से 9:00 बजे तक रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला कार्यालय परिसर, बिहार शरीफ में किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विशेषज्ञताओं के प्रख्यात चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से सभी मरीजों के लिए निःशुल्क शुगर जांच की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। यह पहल स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेड क्रॉस सोसाइटी के अधिकारी ने बताया कि यह शिविर विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभदायक होगा, जो नियमित स्वास्थ्य जांच का खर्च नहीं उठा पाते हैं। हमारा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठाएं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।

इमामगंज और बेलागंज में उपचुनाव की तैयारी तेज

निज संवाददाता। गया

गया में स्थित इमामगंज और बेलागंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने जा रहा है। चुनाव आयोग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। खास बात यह है कि इन दोनों क्षेत्रों की सीमाएं झारखंड से लगती हैं, जहां विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। दोनों राज्य नक्सल प्रभावित हैं, जिससे चुनाव के दौरान सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। नक्सली गतिविधियों की आशंका को देखते हुए गया जिले की सीमा से सटे क्षेत्रों में पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) ने फ्लैग मार्च और सघन सर्च अभियान शुरू कर दिया है। जंगलों और आबादी वाले इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि नक्सली किसी तरह की गड़बड़ी न फैला सकें। दोनों

राज्यों के पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा बलों ने एक ज्वाइंट मीटिंग कर आपसी समन्वय के साथ सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर चर्चा की गई है।

सर्च ऑपरेशन और फ्लैग मार्च जारीः SSP आशीष भारती ने बताया कि इमामगंज पहले से ही नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है। यहां चुनाव के साथ दीपावली और छठ पर्व भी हैं। इसलिए सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि चुनाव शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो। इसके लिए पुलिस और CRPF मिलकर लगातार सर्च ऑपरेशन और फ्लैग मार्च कर रहे हैं।

♦ गया के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में होगी कड़ी सुरक्षा, अलर्ट मोड पर पुलिस प्रशासन

नक्सलियों पर शिकंजा कसने की रणनीति तैयारः दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारी लगातार सूचनाओं का आदान-प्रदान कर रहे हैं। इसका मकसद है कि नक्सली गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा सके। गया, झारखंड के हजारीबाग, चतरा और अन्य सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों की एक अहम बैठक भी हुई है। बैठक में चुनाव के दौरान नक्सलियों से निपटने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने पर सहमति बनी है। इस बात पर जोर दिया गया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार फ्लैग मार्च और सर्च अभियान चलाए जाएं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

6.4 करोड़ की लागत से छह पार्कों का होगा सौंदर्यीकरण

निज संवाददाता। गया

गया के छह पार्कों का 6.4 करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण होगा। इन पार्कों में तीन गांधी मैदान के आसपास है। चौथा धनिया बगीचा, पांचवां बागेश्वरी पार्क व एक अन्य पार्क शामिल हैं। इसके अलावे 3.2 करोड़ की लागत से चार स्थानों पर मृदा एवं भूजल संरक्षण कार्य होंगे। अनुसूचित जाति-जनजाति समूह के उत्थान के लिए 5.5 करोड़ की राशि से साल के पत्तों से प्लेट बनाने की मशीन भी लगेगी। ये बातें शहर के ब्रह्म वन में सूबे के पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास के दौरान कहीं। उन्होंने ब्रह्म वन में सोलर लाइट, चेक डैम, अगरबत्ती मशीन, नैपकिन मशीन, महुआ फुल से लड्डू बनाने की मशीन, सिलाई मशीन, मधुमक्खी पालन के लिए बॉक्स प्रशिक्षण आदि से संबंधित योजनाओं का भी शिलान्यास किया। मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि बदलते मौसम एवं वर्षा की कमी से पर्यावरण समस्याएं और गंभीर रूप ले रही हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें मिलकर कार्य करना होगा। इस वित्तीय वर्ष गया वन प्रमंडल गया के तहत वन भूमि पर लगभग नौ लाख पौधे लगे है। पथों के किनारे 16700 बांस गैबियन भी बने है। चार पहाड़ पर फेंके गए हैं सीड बॉल पर्यावरण मंत्री ने बताया कि इस बार गया व जहानाबाद जिले के पांच पहाड़ों पर एक लाख सीड बॉल फेंके गए है। गया एक सूखाग्रस्त जिला है। जलस्तर में वृद्धि के लिए यहां गारलैंड ट्रेंच का निर्माण एवं मृदा एवं भूजल संरक्षण कार्य कराए जा रहे हैं। इसके अलावे आवागमन के लिए वन पथ का निर्माण भी होगा। वहीं जल्द ही मशरूम की खेती के लिए भी आम लोगों को ट्रेनिंग दी जाएगी।

गरुआ थाना की पुलिस पर महिला की हत्या का आरोप

निज संवाददाता। गया

गया के गुरुआ थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के चलते हुई मारपीट से शुरू हुआ संघर्ष अब पुलिस पर गंभीर आरोपों तक पहुंच चुका है। राजदेव पासवान की पत्नी की मौत के पीछे एक नई बात कही जा रही है। पीड़ित का आरोप है कि थाना के एएसआई मणि लाल मांझी ने उसकी पत्नी को इतना पीटा कि उसे ब्रेन हैमरेज हो गया, जिससे सितंबर माह में उसकी मौत हो गई। राजदेव पासवान का दावा है कि जब वह केस दर्ज कराने थाना पहुंचे तो पुलिस ने मामले को दबाने की कोशिश की। कई दिनों तक खाक छानने के बाद उन्हें कोर्ट का सहारा लेना पड़ा। अब, जबकि मामला कोर्ट में है, आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। रविवार को

राजदेव के छोटे बेटे पर भी विपक्षियों ने हमला किया, लेकिन पुलिस की चुप्पी सवालों के घेरे में है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि गुरुआ थाना की पुलिस और विपक्षियों की मिलीभगत से उनकी जिंदगी खराब हो चुकी है। राजदेव ने बताया कि उसकी लड़ाई सगे भाई से है, जो पुलिस की मदद से उन पर कहर ढा रहा है। एसडीपीओ शेरघाटी 2, आईपीएस शैलेन्द्र सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि कांड संख्या 317 में कोर्ट केस हो चुका है। जल्द ही कार्रवाई होगी।

नालंदा में एक छत के नीचे होंगे तीन विभाग 10 करोड़ की बनेगी कंबाइंड बिल्डिंग

निज संवाददाता। नालंदा

पशुपालकों और किसानों के लिए खुशखबरी है। नालंदा जिले में पशुपालन, गव्य विकास और मत्स्य विभाग के लिए एक आधुनिक संयुक्त भवन का निर्माण किया जाएगा। अस्पताल चौक स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय कैंपस में बनने वाली बहुमंजिला इमारत की अनुमानित लागत लगभग 10 करोड़ रुपए है। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जून माह में ही भवन निर्माण के लिए भूमि चिह्नित कर रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। "यह परियोजना किसानों और पशुपालकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। एक ही स्थान पर सभी सेवाएं उपलब्ध होने से उन्हें काफी सुविधा होगी।

हर विभाग के लिए

भूमि चिह्नित कर रिपोर्ट भेजी जा चुकी



अलग-अलग कार्यालय होंगेः प्रस्तावित ग्राउंड प्लस वन मंजिला भवन में प्रत्येक विभाग के लिए अलग-अलग कार्यालय होंगे। भवन में जिलास्तरीय अधिकारियों के लिए विशेष चैंबर और कर्मचारियों के लिए उचित कार्यस्थल की व्यवस्था की जाएगी। आगंतुकों के लिए आरामदायक प्रतीक्षालय, प्रत्येक मंजिल पर शौचालय और शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। भवन में एक आधुनिक प्रशिक्षण सभागार का भी निर्माण किया जाएगा, जहां किसानों और पशुपालकों को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

स्वीकृति मिलने की बस देरीः फिलहाल तीनों विभागों के कार्यालय अलग-अलग स्थानों पर संचालित हो रहे हैं। गव्य विकास विभाग का कार्यालय धनेश्वरघाट मंदिर के पास और मत्स्य विभाग का कार्यालय पुरानी जेल के पास किराए के भवन में चल रहा है। नई बिल्डिंग बनने के बाद सभी कार्यालय एक ही छत के नीचे आ जाएंगे। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस परियोजना से न केवल प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ेगी, बल्कि आम जनता को भी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी।

नालंदा में ट्रॉफी गौरव यात्रा 4 नवंबर को पहुंचेगी

निज संवाददाता। नालंदा

वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी की गौरव यात्रा चार नवंबर को नालंदा पहुंचेगी। यहां पहुंचने पर जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के सोगरा हाईस्कूल मैदान में ट्रॉफी गौरव यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। जिला प्रशासन और खेल विभाग की ओर से इसकी तैयारी अभी से की जा रही है। 10 नवम्बर तक जिले के विभिन्न इलाकों का भ्रमण करने के बाद इस चैंपियनशिप ट्रॉफी गौरव यात्रा का समापन राजगीर में होगा। 11 नवंबर से 20 नवंबर तक राजगीर के अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर के हॉकी स्टेडियम में होने वाले वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप आरंभ होने के पहले यह ट्रॉफी राजगीर पहुंचेगी। विधानसभा उपचुनाव से जुड़े जिलों को छोड़कर यह चैंपियनशिप ट्रॉफी की गौरव यात्रा राज्य के सभी जिलों में होगी। यात्रा

♦ जिला प्रशासन और खेल विभाग तैयारी में जुटा, राजगीर में यात्रा होगी समाप्त

पूरी कर यह गौरव यात्रा नालंदा पहुंचेगी।

विभिन्न प्रखण्डों का होगा भ्रमणः चैंपियनशिप ट्रॉफी की गौरव यात्रा 10 नवंबर तक नालंदा जिले के विभिन्न प्रखण्डों व प्रमुख जगहों का भ्रमण करेगी। 4 नवंबर को जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के सोगरा हाईस्कूल के मैदान में गौरव ट्रॉफी यात्रा का जिला प्रशासन भव्य स्वागत करेगा। दूसरे दिन 5 नवंबर को यह ट्रॉफी की गौरव यात्रा नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष, नव नालंदा महाविहार डिम्ड यूनिवर्सिटी, द्वापरयुगीन सूर्यपीठ बड़गांव, कुंडलपुर का भ्रमण करेगी।

6 नवंबर को जू सफारी जाएगी यात्राः छह नवंबर को मगध साम्राज्य की ऐतिहासिक राजधानी राजगीर के विरासतों जैसे वेणुवन, नेचर सफारी, जू सफारी राजगीर, विश्वशांति स्तूप, सोन भंडार, मनियार मठ, वीरायतन, जीवक आम्रवन आदि जगहों की यात्रा की जाएगी। सात से नौ नवंबर तक हिलसा, औंगारी छठ घाट तक और 10 नवंबर को पावापुरी जल मंदिर का भ्रमण करते हुए ट्रॉफी गौरव यात्रा शाम तक राजगीर के अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर पहुंचेगी।

सीनियर सेपक टकरा में पटना ने सुपौल को हराया

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के ऐतिहासिक रहुई खेल मैदान में शनिवार को 18वीं बिहार राज्य सीनियर सेपक टाकरा चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। बिहार सेपक टाकरा संघ के तत्वावधान में आयोजित प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राज्य के 20 जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के पहले दिन का आकर्षण रंगारंग मार्च पास्ट, जिसमें औरंगाबाद, नालंदा, सारण, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, कटिहार, भोजपुर, वैशाली, अरवल, पटना, रोहतास, सिवान, भागलपुर, गया, बक्सर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, दरभंगा, नवादा और समस्तीपुर के खिलाड़ियों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। उद्घाटन मैच में पटना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपौल को 2-0 से पराजित किया।

पटना की टीम से जयवीर, शुभम और प्रिंस ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया, जबकि सुपौल की ओर से अभिजीत, रौनित कुमार और पीयूष कुमार ने भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। दो दिवसीय प्रतियोगिता की विशेष रही कि इसमें डे-नाइट मैच की व्यवस्था की गई है, जो खेल को और भी रोमांचक बनाएगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अंपायर पंकज कुमार, शूमेश्वर शर्मा, खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर पटना के कोच अरुण कुमार, बेगूसराय जिला सचिव विकास कुमार, ममता सिंह और बबिता कुमारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

शिक्षा में भारतीय मूल्यों व सिद्धांतों को प्राथमिकता देने की है जरूरत

निज संवाददाता। बोधगया

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय शिक्षा व्यवस्था के लिए एक रोडमैप है। यह केवल एक नीति नहीं, बल्कि भारत की शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक बदलाव लाने वाले एक मार्गदर्शक दस्तावेज है। मगध विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो संजय श्रीवास्तव ने अपने उद्घाटन भाषण में उक्त बातें कही। वे महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के कुलपति हैं। प्रो श्रीवास्तव ने एनईपी 2020 को भारतीय समाज और संस्कृति के अनुरूप बताया और इसकी विशेषताओं का उल्लेख करते हुए इसके कार्यान्वयन में पश्चिमीकरण से सावधान रहने का परामर्श दिया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनरुत्थान पर बल दिया और शिक्षा में भारतीय मूल्यों एवं सिद्धांतों को प्राथमिकता देने की बात कही। उनका कहना था कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं और उनकी पहचान उनके ज्ञान एवं विद्वता से होती है, न कि किसी बाहरी दिखावे से। इस संगोष्ठी का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: भारतीय

शिक्षा प्रणाली में एक बुनियादी बदलाव था, जिसमें भारतीय शिक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। रूढ़िवादी विचारों का करें त्याग मुख्य वक्ता वाराणसी स्थित टीचर एजुकेशन यूनिवर्सिटी में अकादमी एवं शोध विभाग के डीन प्रो आशीष श्रीवास्तव ने शिक्षकों को एनईपी 2020 का गहराई से अध्ययन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस नीति को केवल समझने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि इसे लागू करने के लिए शिक्षकों को रूढ़िवादी विचारों को त्यागकर स्वतंत्र विचारों के विकास को अपनाना होगा। उन्होंने शिक्षकों को विचारधारात्मक स्वतंत्रता का संदेश दिया, ताकि वे समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें। मातृभाषा में शिक्षा की है जरूरत मगध विश्वविद्यालय के कुलपति ने मातृभाषा में शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया और इसे छात्रों के बौद्धिक विकास में सहायक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा और शोध कार्यों को स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित किया जाना चाहिए, ताकि समाज में प्रासंगिक विषयों पर ज्ञान का सृजन हो सके। उन्होंने कार्य संस्कृति को सुधारने की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि मेहनत और अनुशासन से ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। कार्यक्रम के प्रारंभ में निदेशक प्रो सुशील कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक ऐसा कदम है जो शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार लाने में सहायक सिद्ध होगा। इसके बाद कुलसचिव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस नीति से भारतीय शिक्षा जगत में सकारात्मक और आवश्यक बदलाव आ रहे हैं, जो भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान देने में सक्षम हैं। इस अवसर पर कन्वेनर डॉ. नरेंद्र पांडेय, सह सचिव डॉ. विवेकानंद सिंह और शिक्षा विभाग के अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित थे, जिनकी उपस्थिति ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

♦ भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनरुत्थान पर बल दिया और शिक्षा में भारतीय मूल्यों एवं सिद्धांतों को प्राथमिकता देने की बात कही। उनका कहना था कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं और उनकी पहचान उनके ज्ञान एवं विद्वता से होती है, न कि किसी बाहरी दिखावे से

संक्षिप्त समाचार

हॉस्टल में खेलकूद के किट वितरित

भागलपुर। राजकीय अनुसूचित जनजाति कल्याण छात्रावास संख्या-3 में अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार दिनकर ने शनिवार को खेलकूद किट का वितरण किया। दिनकर ने कहा कि हॉस्टल में खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। एक नवंबर को बांका के क्लबचक में होने वाले फुटबॉल टूर्नामेंट के खिलाड़ियों को उन्होंने शुभकामनाएं दी।

15 तक स्क्रूटनी के लिए करें आवेदन

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय में पीजी सेमेस्टर-2, सत्र 2023-25 के छात्र-छात्राओं का रिजल्ट पिछले दिनों जारी कर दिया गया है। पीआरओ डॉ. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि प्रकाशित परीक्षाफल में अगर कोई छात्र एवं छात्रा स्क्रूटनी के लिए इच्छुक हैं, तो वे विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से 28 अक्टूबर से लेकर 15 नवंबर तक ऑनलाइन स्क्रूटनी फॉर्म भर सकते हैं। स्क्रूटनी के लिए प्रति पेपर 200 रुपए शुल्क जमा करना होगा। स्क्रूटनी में प्रदत्त अंकों के योग में यदि कोई त्रुटि हो, तो उसमें सुधार किया जाएगा। स्क्रूटनी के पश्चात अंक बढ़ या घट सकते हैं या फिर यथावत भी रह सकते हैं। स्क्रूटनी के लिए महाविद्यालय द्वारा अग्रसारित आवेदन पत्र, प्रवेश पत्र एवं परीक्षाफल की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

आवास योजना को 28 तक आवेदन

मुंगेर। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक लोग 28 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। नगर निगम प्रशासन ने इसके लिए टाउन हॉल शिविर लगाया है। इच्छुक लोग टाउन हॉल जाकर शिविर में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। शिविर में नगर निगम की ओर से कर्मियों को तैनात किया गया है। यह शिविर 28 अक्टूबर तक चलेगी। प्रभारी नगर आयुक्त कुमार अभिषेक ने बताया कि इच्छुक लाभुकों को आवेदन के साथ शपथ-पत्र, जमीन केवाला का छायाप्रति, वंशावली, बंटवारानामा या एलपीसी, जमीन का अंचल रशीद, राशन कार्ड, आवेदक का दो फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति संलग्न करना है।

डेंगू वार्ड में नौ मरीजों का चल रहा है इलाज, डेंगू के लक्षण वाले दो नए मरीज हुए हैं भर्ती

मुंगेर। जिले में शनिवार को एलाइजा जांच में डेंगू का एक भी पॉजिटिव मरीज नहीं मिला, हालांकि इस दौरान डेंगू के दो नये संभावित मरीजों को इलाज के लिये डेंगू वार्ड में भर्ती किया गया। इसकी जानकारी देते हुए अस्पताल उपाधीक्षक डॉ रमन कुमार ने बताया कि शनिवार को डेंगू का एक भी पॉजिटिव मरीज नहीं मिला है। वहीं इस दौरान डेंगू के दो नये संभावित मरीजों को इलाज के लिए भर्ती किया गया है, जिसमें बेलन बाजार निवासी 46 वर्षीय रीना देवी तथा खगड़िया जिला निवासी 24 वर्षीय नेमतुल्लाह शामिल है। दोनों मरीजों का सैंपल एलाइजा जांच के लिये भेजा गया है। इससे इतर शनिवार तक वार्ड में 2 नये संभावित मरीजों सहित कुल 9 मरीज इलाजरत थे, जिसमें पूर्व से भर्ती 50 वर्षीय बरकत अली, 48 वर्षीय सुरेश कुमार शर्मा, 29 वर्षीय अरमजीत कुमार, 20 वर्षीय परवेज आलम, 14 वर्षीय कौशल कुमार, 37 वर्षीय मनीष कुमार तथा 26 वर्षीय मनीषा देवी इलाजरत है। अबतक एलाइजा जांच में डेंगू के कुल 56 पॉजिटिव मरीज जिले में मिले हैं जबकि डेंगू के 320 से अधिक संभावित मरीज भर्ती हो चुके हैं।

तेज हवा से मौसम हुआ सर्द, घरों के एसी और पंखे हुए बंद

मुंगेर। मुंगेर जिले में चक्रवाती तूफान दाना का असर लगातार तीन दिनों से जारी है। बुधवार की देर शाम से शुरू हुआ मौसमी विक्षोभ शनिवार को भी यथावत रहा। हालांकि बुधवार देर शाम से शुक्रवार तक इसका असर काफी अधिक रहा जबकि शनिवार को आसमान में पूर्व की तरह ही काले घने बादल छाए रहे और रुक-रुककर कर 3 एमएम से अधिक रिमझिम बारिश का दौर पूरे दिन बना रहा। शुक्रवार की तुलना में अधिकतम तापमान एक डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच 14 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही पूर्वा हवा के कारण जिले में तीन दिनों से मौसम पूरी तरह सर्द बना हुआ है और एसी सहित पंखे पर भी लगभग ब्रेक लग चुका है। धान में बाली आने में होगा विलंब किसानों को डाना चक्रवात से विगत दो दिनों में प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। धान, मसूर, मकई सहित सब्जी आदि की फसलों को व्यापक नुकसान हो रहा है। ससमय परिपक्व होने वाले फसलों के समय में भी बढ़ोतरी संभव है। तूफान के प्रभाव में वातावरण का तापमान गिरा है।

पांच लैब टेक्नीशियन का कटेगा वेतन

मुंगेर। स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर लगातार सिविल सर्जन द्वारा सदर अस्पताल स्थित विभागों का मुआयना किया जा रहा है। इसी क्रम में भव्या एप को लेकर सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिन्हा ने शनिवार को कमांड एंड कंट्रोल सेंटर तथा सदर अस्पताल के सभी विभागों व ऑपरेटरों के साथ ऑनलाइन समीक्षा की। सिविल सर्जन ने भव्या एप कार्य को लेकर पूरी तरह एक्शन के मोड में दिखे। जिसके कारण भव्या एप पर कार्य न करने को लेकर कई कर्मियों पर गाज भी गिरी। जिसमें दो परिचारिकाओं से स्पष्टीकरण पूछा। जबकि पांच लैब टेक्नीशियन के 10 दिनों के वेतन कटौती का निर्देश भी दिया। पीओसीपी एजेंसी से नियुक्त दो लैब टेक्नीशियन के विरूद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन ने पुरुष मेडिकल वार्ड में तैनात ए-श्रेणी की 2 परिचारिका निशा भारती तथा मधु कुमारी द्वारा भव्या एप पर कार्य सही से नहीं किये जाने पर नाराजगी जताते हुये दोनों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश अस्पताल उपाधीक्षक को दिया। साथ ही 2 दिनों के अंदर दोनों परिचारिकाओं को जवाब देने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त लैब टेक्नीशियन मनीष कुमार, उमानंद, राजीव कुमार शर्मा, नूरी कुमारी तथा अमन कुमार आनंद द्वारा भव्या एप पर केवल 2 से 4 प्रतिशत तक ही कार्य करने को लेकर पांचों के 10 दिनों के वेतन कटौती का निर्देश दिया। इस दौरान पांचों लैब टेक्नीशियनों के कार्य में लापरवाही को लेकर सिविल सर्जन ने सख्त निर्देश दिया, साथ ही दोबारा कार्य में लापरवाही बरते जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई किये जाने की बात कही। पीओसीपी एजेंसी से नियुक्त दो लैब टेक्नीशियन भी कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं। डिमांड, परचेज एवं डिस्पैच एप से ही करें समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि अपर मुख्य सचिव द्वारा लगातार भव्या एप संचालन को लेकर कार्य की समीक्षा की जा रही है। मुंगेर जिला सूबे में भव्या एप संचालन में तीसरे नंबर पर है। ऐसे में सभी कार्य भव्या एप पर ही सुनिश्चित किया जाना है, ताकि मुंगेर पहले नंबर पर आ सके। इसके अतिरिक्त सभी वार्डों में डिमांड से लेकर परचेज व डिस्पैच तक का कार्य भव्या एप पर ही होना है, जिसे सभी चिकित्सक व कर्मी सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाह मिलने पर सीधे अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

सिर पर छठ का त्योहार, बूढ़ानाथ गंगा घाट की सीढ़ियों पर कचरे का अंबार

भागलपुर। हिंदू पंचांग के अनुसार छठ पूजा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाई जाएगी। इस वर्ष षष्ठी तिथि 7 नवंबर को सुबह 12 बजकर 41 मिनट से शुरू हो रही है और 8 को सुबह 12 बजकर 35 मिनट पर हो रही है। इसलिए 7 नवंबर को छठ पूजा है। वहीं, छठ को लेकर बूढ़ानाथ गंगा घाट की अब तक साफ-सफाई नहीं कराई जा रही है। घाट पर स्मार्ट सीटी की ओर से करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई सीढ़ियों पर कचरे का अंबार लगा हुआ है। सीढ़ी पर शुरू से लेकर अंतिम छोड़-तक गाद जमी हुई है। सीढ़ी पर कचरा और गाद होने की वजह से श्रद्धालु अब भी जाने से कतराते हैं। आलम तो ऐसा है कि घाट की कभी साफ-सफाई नहीं कराई गई है। पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। शौचालय गंदगी से अटे पड़े हैं। स्वच्छता प्रभारी विकास हरि का कहना है कि काली पूजा के बाद छठ पूजा की तैयारी को लेकर बैठक की जाएगी। शहर के सभी घाट की सफाई एवं वहां होने वाले व्यवस्था पर निर्णय लिया जाएगा।

4 दिन में 3 लोगों की हत्या, 2 मृतकों की नहीं हुई पहचान

♦ SP बोले- पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा खुलासा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में चार दिन में तीन लोगों की हत्या हुई है। एक ही इलाके में 3 लोगों का मर्डर हुआ है। इसमें दो मृतकों की पहचान अब-तक नहीं हो सकी है। चार दिन में तीसरी हत्या के बाद पुलिस ने चौथे दिन देर शाम एक प्रेस रिलीज जारी किया। उन्होंने तीनों मामले को अलग-अलग बताया है। पुलिस का कहना है कि इन तीनों घटनाओं का घटनास्थल अलग-अलग है। घटना करने का तरीका भी अलग-अलग है। तीनों घटनाओं का आपस में कोई संबंध प्रतीत नहीं होता है। मामले में एसपी डॉ के.रामदास ने बताया कि तीनों मामले की जांच चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या की खुलासा हो पाएगा।

दो महिला और एक पुरुष का हुआ मर्डरः पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल हो रहे हैं। एक ही इलाके में महज कुछ किलोमीटर दूर पर तीन अलग-अलग जगह पिछले चार दिनों में लाश मिली। इस घटना में दो महिला और एक पुरुष शामिल है। सबसे बड़ा सवाल तो यह कि पुलिस तीनों मामले में किसी नतीजे तक नहीं पहुंच पाई है। बता दें कि पहली घटना 22 अक्टूबर को हुई। सबौर थाना क्षेत्र के बंसी टिकट स्थित आम के बगीचा में एक अज्ञात महिला का शव पाया गया। इस मामले में लोगों ने आशंका जताई है कि महिला के साथ दुष्कर्म हुआ है। इसके बाद

उसकी हत्या की गई है। मामले में खुद वरीय कप्तान घटनास्थल पर पहुंचे। एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड व DIU टीम ने निरीक्षण किया। साक्ष्य का संकलन किया गया। पुलिस ने इस मामले में घटना के चार दिन बाद भी कहा कि शव की पहचान के लिए प्रयास किया जा रहा है। मामले में आगे की विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

मानसिक रूप से बीमार थी महिलाः दूसरी घटना 25 अक्टूबर को लोदीपुर थाना क्षेत्र के एक पोखर की है। जहां पर अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया था। हालांकि इस मामले में पुलिस का कहना है कि महिला मानसिक रूप से बीमार थी। जिसे वृद्ध आश्रम भी भेजा गया था। लेकिन इस मामले में भी पुलिस पहचान नहीं कर पाई और ना ही सही नतीजे पर पहुंच पाई है। पुलिस ने इस मामले में कहा था कि शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तथा अग्रतार विधि सम्मत कार्रवाई की जारी है।

आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिसः तीसरी घटना 26 अक्टूबर को लोदीपुर थाना क्षेत्र में हुई। जहां एक युवक को बदमाशों ने सिर को कुच- कूच कर मार डाला। इस मामले में विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का एफएसएल जांच कराया और साक्ष्य को संकलन कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामले में पुलिस ने मृतक की पहचान की। ये अकबर नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले राकेश कुमार शर्मा है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि इस कांड का खुलासा और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विधि व्यवस्था डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

हत्याकांड का फरार कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में अफाक हत्याकांड मामले में फरार कुख्यात आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुख्यात बदमाश मोहम्मद हासिम उर्फ हासमा भागलपुर पुलिस के टॉप 10 लिस्ट में शामिल था। जिसकी तलाश पुलिस को महीनों से थी। इधर, पुलिस ने मोहम्मद हाशिम की गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने 25 अक्टूबर को औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र से गिरफ्तारी की। मामले को लेकर सिटी एसपी डॉ के.रामदास ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध जिले भर में डकैती, आर्म्स एक्ट, लूट, पुलिस पर हमला, हत्या का प्रयास, विस्फोटक एक्ट, सामूहिक बलात्कार, मारपीट-गाली गलौज के कुल 21 मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने एक टीम को गठित किया था।

9 सितंबर को वारदात को दिया था अंजामः औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना फतेहपुर के मंसूरी टोला में 9 सितंबर को मामूली विवाद में कुख्यात बदमाश मोहम्मद हासिम उर्फ हासमा ने अपने ही परिवार के मोहम्मद आफाक नामक युवक को ईंट से मारकर घायल कर दिया था। जिसकी इलाज के दौरान मायागंज अस्पताल में मौत हो गई थी। मृतक की मां के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

ओवरब्रिज की मांग, 13वां दिन भी प्रदर्शन जारी, 30 अक्टूबर को होगा फाइनल फैसला

निज संवाददाता। भागलपुर

ग्रामीणों ने कहा- मांग पूरी होने तक धरना रहेगा जारी

भागलपुर में अंडरपास या ओवरब्रिज बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने 13वां दिन भी धरना-प्रदर्शन जारी रखा। शनिवार को सदर एसडीएम धनंजय कुमार, NHAI के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रमोद कुमार, डीएसपी 2- राकेश कुमार और अंचलाधिकारी रजनीश कुमार ने लोगों से मुलाकात की। अधिकारियों के आने के सूचना पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। सभी लोगों की एक ही मांग थी कि इस रास्ते से इलाके के पांच लाख से अधिक लोग का आवागमन होता है। NH बन जाने के कारण रास्ता ब्लॉक हो जाएगा। जिससे लोगों को परेशानी होगी। इसके लिए नहीं NHAI से हम लोगों की मांग है कि यहां ओवब्रिज या अंडरपास बनाया जाए।

मित्रत के बाद भी धारणा से नहीं हटे ग्रामीणः ग्रामीणों का कहना है कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती है तब तक हम धरना से नहीं हटेंगे। दरअसल, शनिवार को धरना स्थल पर पहुंचे सदर एसडीएम ने लोगों को काफी समझाने- बुझाने का प्रयास किया। लेकिन समझने के लिए ग्रामीण तैयार नहीं हुए। उन्होंने 30 अक्टूबर को अगली तिथि तय की है। जहां जिला प्रशासन और NHAI की कमेटी ग्रामीणों से बातचीत कर समस्या का समाधान निकालेंगे। लोगों का कहना है जब तक हम लोगों का समाधान नहीं हो जाता तब तक हम लोग धरना से नहीं हटेंगे।

मुख्यालय को जोड़ता है मुख्य मार्गः मालूम हो कि नाथनगर से दरियापुर जाने वाला यही एक मार्ग है। इसी सड़क से होकर नाथनगर रेफरल अस्पताल, रेलवे स्टेशन, प्रखंड मुख्यालय, यहां तक की खरीदारी-बिक्री करने बाजार भी लोग पहुंचते हैं। यह सड़क तकरीबन दर्जन भर से अधिक पंचायत और शहर को जोड़ती है। कांझिया हुलास स्थान चौक जाने-वाले रास्ते में फोरलेन का निर्माण कार्य चल रहा है. इसी वजह से राहगीर हमेशा दुर्घटना में जख्मी होते रहते हैं। जब से बाइपास बना तब से लेकर आज तक करीब 50 से अधिक लोग सड़क दुर्घटना की शिकार हो चुके है। बाइपास के बाद अब फोरलेन निर्माण कार्य शुरू हुआ। यदि इस जगह पर ओवरब्रिज यह अंडरपास नहीं बनाया गया तो सड़क दुर्घटना में और बढ़ोतरी हो जाएगी। सदर एसडीएम धनंजय कुमार ने बताया कि 30 को कमेटी फैसला लेगी।

साले की हत्या के लिए शूटर किया हायर, गिरफ्तार, सुपारी के लिए रुपए लेने जा रहे थे

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में जीजा ने अपने ही साला की मर्डर के लिए दो शूटर हायर किया था, लेकिन समय रहते पुलिस ने दोनों शूटर को चेकिंग अभियान के दौरान पकड़ लिया। शूटर ने पुलिस को बताया कि भागलपुर के रेलवे विभाग में कार्यरत एक कर्मी के मर्डर के लिए सुपारी लेने के लिए जा रहे हैं। रंगरा निवासी अरुण कुमार सुपारी देने के लिए बुलाया था। पुलिस ने दो शूटर और सुपारी देने वाले गिरफ्तार कर लिया है। मामले को लेकर शनिवार को सिटी एसपी डॉ के.रामदास और सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से पीसी कर बताया कि रंगरा निवासी रामविलास दास का बेटा अरुण कुमार अपने साला (जो रेलवे विभाग में कार्यरत है) उनकी हत्या करवाना चाहता था। SSP के निर्देशानुसार अवैध शराब, आर्म्स मादक पदार्थ, आदि की बरामदगी के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाई जा रही थी। चेकिंग अभियान के दौरान पकड़ा गया।

शूटरों के पास से कट्टा और कारतूस बरामदः शुटरों में मधेपुरा जिला के शकरपुर इलाके के निवासी अवधेश यादव के बेटे कैलाश यादव और तानुकलाल नगर गौशाला निवासी योगेंद्र शर्मा का बेटा राकेश कुमार शामिल है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक चार पहिया वाहन, 2 मोबाइल और एक चाकू बरामद किया है।

सुपारी के लिए कितने में डील हुई, जानकारी नहींः एसपी ने बताया कि दोनों शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने पूछताछ में कबूल किया था कि रेलवे कर्मी की हत्या के लिए रंगरा निवासी अरुण से सुपारी लेने जा रहे हैं। हालांकि पुलिस ने यह खुलासा नहीं किया है कि यह सुपारी कितने रुपए में लिया जाना था। गिरफ्तार दोनों शूटर ने बताया कि एक व्यक्ति की हत्या करने के लिए एडवांस लेने के लिए आए हैं। तकनीकी जांच में हत्या करवाने के लिए सुपारी देने वाले व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया। सुपारी देने वाले व्यक्ति ने बताया कि अपना शाला (भागलपुर में रेल कर्मी) की हत्या करवाने की योजना बनाए थे। गिरफ्तार शूटर कैलाश कुमार लूट मामले में और राकेश कुमार अपहरण मामले में मधेपुरा जिला से जेल जा चुका है। दोनों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज है।

♦ वाहन चेकिंग के दौरान धराए

प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज का भागलपुर में विरोध

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में रविवार को रेलवे द्वारा बनाए जा रहे ओवरब्रिज का लोगों ने विरोध किया है। रेलवे ओवरब्रिज बन जाने के कारण दर्जनों परिवार बेघर हो जाएंगे। व्यवसाय पर असर पड़ जाएगा, जिसको लेकर लोगों ने रविवार को एक बैठक करते हुए रेलवे ओवरब्रिज निर्माण का विरोध किया है। मामला सुल्तानगंज प्रखंड क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। सुल्तानगंज क्षेत्र के मुरारका कॉलेज रोड स्थित रेलवे गुमटी नंबर 9बी के पास रेलवे विभाग द्वारा ओवरब्रिज को प्रस्तावित क्या है। जिसके बनने से आसपास के दर्जनों परिवारों पर संकट आ जाएगा। यहां तक कि आसपास के इलाकों के रहने वाले फुटपाथ पर दुकान चलाने वालों लोगों की व्यवसाय भी चला जाएगा। रेलवे ओवरब्रिज का लोगों ने विरोध किया। इस मामले में ग्रामीणों के साथ एक बैठक भी आयोजित की गई थी। बैठक का नेतृत्व डॉ नईमुद्दीन द्वारा किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि रेल विभाग ने मुरारका कॉलेज के पास रेलवे गुमटी नंबर 9बि स्पेशल में रेलवे ओवरब्रिज बनने से आसपास के रहने वाले सभी समुदाय के लोग बेघर हो जाएंगे।

सभी लोगों का रोजगार भी खत्म हो जाने से जन जीवन पर असर होगा। इसलिए हम ग्रामीण एकजुट होकर बैठक करते हुए रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण का विरोध कर रहे हैं। मौके पर सामाजिक संगठन से जुड़े प्रेम कृष्ण मुन्ना, एवं ग्रामीण शालिग्राम राम प्रेम कुमार, बृजमोहन राम, विनोद मंडल पप्पू यादव, ब्रह्मचारी दास, मनोज दास सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

भागलपुर में तीन माह पहले बनी पुलिया धंसी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को अचानक एक पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया। करीब पांच फिट का हिस्सा कई फीट अंदर धंस गया है। जिससे कि अब लोगों को डर सता रहा है कि यह पुलिया कभी भी हादसे का शिकार हो सकता है। आवागमन कर रहे लोगों की जान भी जा सकती है। दरअसल, शाहकुंण्ड प्रखंड मुख्यालय अन्तर्गत पचरुखी लोंगाय स्थित पीसीसी सड़क जाने वाले रास्ते पचरूखी के समीप ह्यूमन पाइप कलवर्ट पुलिया ध्वस्त हो गया है।

आने-जाने में होगी कठिनाईः ग्रामीण कार्य विभाग भागलपुर की ओर से ह्यूमन पाइप कलवर्ट पुलिया का निर्माण किया था। निर्माण के तीन माह भी नहीं हुए कि पुलिया धंस गई। लाखों लोगों का आवागमन उस रास्ते से होता है। जहां लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिया के निर्माण में सक्षम अधिकारियों के मिलीभगत से गुणवत्ता में कमी हुई है। जिसके कारण पुल कमजोर हो गया और पुल धंस गया है।

बारिश से धान की फसल को नुकसान, भागलपुर में किसान परेशान, फसल बर्बाद

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में चक्रवाती तूफान "दाना के कारण जिले भर में बूंदाबांदी बारिश हो रही है। बारिश धान की फसल के साथ आगामी रबी फसल के लिए भी फायदेमंद होगी। इस सीजन में 50 हजार हेक्टेयर से अधिक रकवे में धान की खेती हुई है। ये धान के फसल को सीधा असर कर रही है। बूंदाबांदी बारिश से धान की फसल को नुकसान पहुंच रहा है। कृषि विशेषज्ञ के माने तो धान की पीछे की खेती के कारण ऐसा संभव हो पाएगा हो पाया। 95% खेती पिछैती हुई हैं। इसलिए इस सीजन का फसल फायदेमंद होगा नहीं तो धान की फसल को क्षति हो सकती थी। जिले के कई इलाकों में लगे धान के फसल को बूंदाबांदी बारिश से नुकसान पहुंच रहा है। इसको लेकर किसानों को डर भी सता रही है। धान की फसल बर्बाद हो गई।

धीरे-धीरे बर्बाद हो रही है फसलः किसानों ने जो अनुमान लगाया था, इस बार धान की फसल की खेती में वह अनुमान बाढ़ के कारण धीरे-धीरे बर्बाद हो रहा है। जिले में 48 हजार हेक्टेयर में धान की खेती व एक लाख हेक्टेयर से अधिक रकबा में खरीक फसल लगी है। अगेती धान की खेती पर आंशिक रूप ले असर जरूर पड़ा है। धान उत्पादक किसान सूरज बताते हैं कि बारिश के कारण फसल की स्थिति खराब है। नाथनगर प्रखंड के भतोरिया पंचायत के किसान सुबोध सिंह बताते हैं कि कुछ क्षेत्रों में बाढ़ का प्रकोप है तो कुछ क्षेत्र में सुखाड़ का प्रकोप है। सुखाड़ वाले क्षेत्र में धान उत्पादन हो रहा है। अब दाना ने भय का माहौल बना दिया है।

नुकसान कम और फायदा अधिकः पौधा संरक्षण विभाग के सहायक निदेशक सुजीत कुमार पाल ने बताया कि जिले के नौ प्रखंड धान उत्पादक क्षेत्र हैं। जिसमें जगदीशपुर, शाहकुंड, गोराडीह, नाथनगर, सबौर, कहलगांव, सन्हौला, सुल्तानगंज व पीरपैंती आते हैं। यहां देर से हुई बारिश के कारण पिछैती धान की खेती हुई। ऐसे में यहां नुकसान कम और फायदा अधिक हुआ है। यह बारिश आगामी रबी फसल के लिए भी मिट्टी में नमी बनाये रखेगा और बेहतर रबी फसल के लिए फायदेमंद साबित होगा। सिंचाई की कम से कम आवश्यकता पड़ेगी।

संक्षिप्त समाचार

शारदा सिन्हा के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बाबा गरीबनाथ मंदिर में हवन यज्ञ, महा मृत्युंजय मंत्र का हुआ जाप

पटना, एजेंसी। पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद बीते दिन उन्हें दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। हाल में उनके पति का ब्रेन हैमरेज से निधन हुआ था। बिहार कोकिला के नाम से मशहूर शारदा सिन्हा मैथिली व भोजपुरी गीत गाने के लिए जानी जाती हैं। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर में शारदा सिन्हा के बेहतर स्वास्थ्य के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान महा मृत्युंजय मंत्र का भी जाप किया गया। मंदिर में दर्जनों की संख्या में पंडित मौजूद थे। उनके लिए जल्द ठीक होने की प्रार्थना की गई।

बाबा गरीबनाथ मंदिर के महंत और पुजारी पंडित अभिषेक पाठक ने बताया कि आज दिन में पद्म श्री और पद्म भूषण शारदा सिन्हा अस्वस्थ हैं और एम्स में भर्ती हैं। इसके बाद मंदिर में हम सभी पुजारी यज्ञ हवन कर रहे हैं। उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए कामना कर रहे हैं। इस यज्ञ में अलग-अलग देवी देवताओं के मंत्रों का जाप किया जा रहा है। जिससे कि दुनिया भर में भक्ति गीत से भारत की पहचान बनाने वाली लोक गायिका शारदा सिन्हा जल्दी ठीक हों।

नवादा में कबाड़ दुकान में लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

नवादा, एजेंसी। नवादा शहर के मुस्लिम रोड पर स्थित एक कबाड़ की दुकान में भीषण आग लग गई है. जिसमें लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई है. यह घटना रविवार की अहले सुबह की बताई जा रही है. जब बिजली के खंभे पर उलझे तारों में शॉर्ट सर्किट के कारण निकली चिंगारी से आग लग गई. जिसके बाद आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखे प्लास्टिक, टायर, ई-रिक्शा, कार्टन और अन्य सामग्री को अपनी चपेट में ले लिया.

घटना की सूचना मिलने के बाद, मौके पर 6 दमकल की गाड़ियां पहुंची. लेकिन आग पर काबू पाने में मुश्किलें आ रही थीं. आग की वजह से आसपास के घरों में धुआं भर गया है जिससे मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल है. स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि वे असफल रहे.

कबाड़ दुकान के मालिक का कहना है कि आग से करीब 10 लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई है, जिसमें एक ई-रिक्शा भी शामिल है. दमकल विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर आग बुझाने का कार्य किया जा रहा है।

बिहटा में वायुसेना केंद्र के केंद्रीय विद्यालय में दिखा तेंदुआ

पटना, एजेंसी। पटना से सटे बिहटा वायुसेना केंद्र स्थित केंद्रीय विद्यालय कैंपस में एक तेंदुआ घूमते हुए दिखा है। सीसीटीवी कैमरे में चहलकदमी करते दिखे तेंदुए के कारण हड़कंप मच गया। वायुसेना प्रशासन के निर्देश पर स्कूल में पठन-पाठन अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। परिसर में चल रहे निर्माण कार्य पर भी रोक लगा दी गई है। गुरुवार की रात तेंदुआ दिखा। शुक्रवार को फुटेज देखकर विद्यालय प्रशासन ने इसकी जानकारी एयरफोर्स को दी। वहां से निर्देश मिलने पर तत्काल पठन-पाठन पर रोक लगा दी गई। वन विभाग को इसकी जानकारी दी गई है। काफी प्रयास के बाद भी अभी तक तेंदुए का पता नहीं चल सका। इससे पहले वर्ष 2020 में भी तेंदुआ वायुसेना परिसर और उसके बाहर आते-जाते दिख चुका है।

बारिश ने बदला मौसम का मिजाज, अब बिहार में ठंड ने मारी एंट्री

पटना, एजेंसी। हल्की बूंदाबांदी से राजधानी के मौसम में बदलाव आया है। माहौल में हल्की ठंड घुल गयी है। वहीं, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भी हल्की बूंदाबांदी और बादलों की आवाजाही बनी रही।

अगले एक-दो दिन हल्की फुहार की संभावना है। पुरवा के कारण मौसम सामान्य बना रहेगा। वहीं तीन दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री की क्रमिक वृद्धि का पूर्वानुमान है।

मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार शनिवार को आठ जिलों को छोड़ कर पटना सहित शेष जिलों के अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई।

पटना का अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस जबकि 33.7 डिग्री सेल्सियस के साथ सीतामढ़ी में प्रदेश का सर्वाधिक तापमान दर्ज किया गया। बीते 24 घंटों के दौरान दाना चक्रवात के कारण पूर्वी भागों के अधिसंख्य भागों में वर्षा दर्ज की गई। कटिहार में सर्वाधिक वर्षा 18.0 मिमी दर्ज हुई।

पिछले तीन दिनों से समुद्री चक्रवातीय वर्षा एवं हवा के कारण वातावरण में पर्याप्त है। रात में ठंड महसूस होने लगी है। बीमार लोगों के अलावा छोटे बच्चों, बुजुर्गों की तकलीफ बढ़ गई है।

शनिवार की सुबह आठ बजे से शाम तक रूक-रूककर रिमझिम फुहारें आसमान से गिरती रही। पूरे दिन आसमान बादलों से ढका रहा। हवा के झोंकों एवं आंशिक वर्षा ने ठंड की दस्तक मानों करा दी है। बिहार में कई जगहों पर कीचड़ व गंदगी हो गई है। इससे बाजार करने निकले लोगों को दिक्कत हुई।

दूसरी ओर, वर्षा के साथ हवा के झोंके किसानों के दिल को हिला रही है। किसानों को आशंका है कि अगर हवा का दबाव ज्यादा हुआ, तो खेतों में बाली उगल रही फसल जमीन पर गिर जाएगी। जिससे किसानों का सारा परिश्रम पर पानी फिर जाएगा।

उधर, पूर्णिया में भी चक्रवाती तूफान की वजह से शनिवार को भी दिन भर रूक रूक कर हल्की वर्षा हुई जिससे मौसम सुहाना बना रहा। बारिश के साथ नमी युक्त हवा भी चलती रही जिससे लोगों को ठंड का अहसास होता रहा।

बादल, वर्षा और पूरबा हवा के कारण तापमान सामान्य से सात डिग्री नीचे रहा तथा लोगो को गर्म कपड़ों की तलाश करनी पड़ी। मौसम केंद्र पूर्णिया द्वारा शनिवार को अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

वहीं, शहर में पिछले 24 घंटें में लगभग 10 एमएम वर्षा हुई है। वहीं प्रखंड क्षेत्रों में भी हल्की वर्षा हुई है। जलालगढ़ में 9.2, भवानीपुर और डगरूआ में सात, कसबा में 6.0 और अमौर में 5.4 एमएम वर्षा रिकार्ड हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अभी 24 घंटे मौसम पर इसका प्रभाव बना रहेगा।

रविवार को भी आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे तथा एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। बंगाल की खाड़ी से उठे दाना चक्रवाती तूफान की वजह से पिछले तीन दिनों से इस क्षेत्र में मौसम खराब बना हुआ है। बुधवार की शाम से ही आसमान में बादल छाए हैं तथा लगातार हल्की वर्षा हो रही है।

साथ ही तेज ठंडी हवा ने तापमान काफी नीचे ला दिया। वर्षा ने ठंड की दस्तक दे दिया है। गुरुवार को भी दिन भर वर्षा का दौर चला तथा ठंडी हवा चली जिससे तापमान नीचे आ गया। यही हाल शनिवार को भी रहा। शनिवार को भी सुबह से ही मौसम का रूख बदला हुआ था।

फुहार के साथ शुरू हुई वर्षा दोपहर तक रिमझिम तक पहुंची। पूरे दिन रूक रूक कर हल्की वर्षा होती रही। मौसम केंद्र के सहायक विज्ञानी राकेश कुमार के अनुसार अभी दो दिनों तक इसका असर बना रहेगा। आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे लेकिन वर्षा की रफ्तार पर ब्रेक लगेगा। एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है।

बारिश के बाद पटना में सुधरी हवा, बिहार के कई जिलों में कम हुआ प्रदूषण

पटना, एजेंसी। चक्रवाती तूफान 'डाना' का असर बिहार के कई जिलों में देखनेको मिला है. कई जगहों पर हवाएं और बारिश के साथ ही राज्य में ठंड का असर भी बढ़ा है. आसमान से आई बारिश ने बिहार के अलग-अलग जिलों में प्रदूषण के स्तर को कम किया है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से जो आंकड़े जारी किए गए हैं उसके अनुसार सुबह 9 बजे पटना का आईक्यू 88 दर्ज किया गया है, जो कि संतोषजनक श्रेणी में आता है. राजधानी पटना की हवा सुधरने की वजह से लोग यहां स्वस्छ हवा में सांस ले रहे हैं. इसी तरह औरंगाबाद का एक्यूआई 70 दर्ज किया गया है. भागलपुर में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 64 दर्ज किया गया है. बक्सर का एक्यूआई 49 दर्ज किया गया है. यहां वायुगुणवत्ता सूचकांक अच्छी श्रेणी में रहा. बेतिया में एक्यूआई 67 रहा जो कि संतोषजनक श्रेणी में आता है. गया में कलेक्ट्रेट के पास वायु गुणवत्ता सूचकांक 56 रहा।

हिना शहाब और उनके बेटे ओसामा की हुई आरजेडी में वापसी, लालू यादव ने दिलाई सदस्यता



पटना, एजेंसी। हिना शहाब और उनके पुत्र ओसामा की हुई राजद में वापसी। सुप्रीमो लालू प्रसाद ने उन दोनों को राजद की सदस्यता दिलाई। मौके पर तेजस्वी यादव भी उपस्थित रहे।

तेजस्वी ने कहा कि सांप्रदायिक शक्तियों से मिलकर निपटने की राजद की प्रतिबद्धता पुरानी है। हिना और ओसामा के साथ होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। बिहार की जनता अमन-चैन चाहती है। राजद उसके लिए हर संभव प्रयास करेगा।

बता दें कि हिना शहाब काफी समय से राजद से नाराज चल रही थी। लोकसभा चुनाव के दौरान, राजद ने हिना को टिकट की पेशकश भी की थी, लेकिन उन्होंने राजद का टिकट लेने से इनकार कर दिया था। वह निर्दलीय मैदान में उतर गईं थीं। हालांकि, वह जीत दर्ज करने में असफल रहीं। पिछले कुछ यह दिनों से राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज थी कि हिना शहाब राजद में शामिल हो सकती हैं। यह भी अफवाहें चल रही थी कि उनकी राजद से नाराजगी दूर हो गई। 8 अगस्त को हिना शहाब ने राजद सुप्रीमो लालू यादव से मुलाकात की थी।

तब राजद से जुड़े कुछ नेताओं ने बताया था कि हिना की राजद से दूरी और नाराजगी को खत्म करने के लिए खुद लालू यादव को मोर्चा संभालना पड़ा था। तब हिना शहाब लालू यादव के बुलावे पर ही उनसे मिलने पहुंची थीं। उस दौरान लालू प्रसाद ने हिना शहाब से बंद कमरे में लगभग घंटे भर बातचीत की थी। तब उनकी नाराजगी और संसदीय चुनाव में पार्टी के टिकट पर चुनाव नहीं लड़ने की वजहों पर चर्चा हुई। उस दौरान कमरे तीन अन्य बड़े नेता भी मौजूद थे।

बता दें कि शहाबुद्दीन लंबे समय तक राजद के सांसद रहे। उनके निधन के बाद, हिना शहाब को पार्टी ने बार-बार मौके दिए, लेकिन वे सिवान से चुनाव जीत नहीं पाई। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन जदयू उम्मीदवार से हार गई।

अब हिना शहाब और ओसामा के पार्टी में शामिल होने से राजद को मुस्लिम वोटों में काफी फायदा हो सकता है।कुछ समय पहले यह चर्चा थी कि सिवान, छपरा और गोपालगंज जैसे क्षेत्रों में मुस्लिम वोट का छितराव न हो, इस वजह से राजद लगातार हिना और ओसामा से संपर्क साध रही थी। अब कामयाबी मिली है।

सौर ऊर्जा से खत्म होगा बिहार का ऊर्जा संकट, अडानी ने ईना सोलर ने की बड़ी साझेदारी

पटना, एजेंसी। बिहार में ऊर्जा की मांग को सौर ऊर्जा से पूरा करने का प्रयास चल रहा है. भारत की सबसे बड़ी एकीकृत सोलर निर्माता कंपनी अडानी सोलर ने बिहार में सोलर उत्पादों के रिटेल वितरण के लिए ईना सोलर के साथ रणनीतिक साझेदारी का एलान किया है. इससे बिहार के लोग भी अब विश्वस्तरीय सोलर तकनीक का लाभ उठा सकेंगे. इस साझेदारी के माध्यम से अडानी सोलर का रिटेल नेटवर्क अब देश सर्वाधिक हो गया है.

अडानी सोलर और ईना सोलर का यह सहयोग सिर्फ बाजार विस्तार तक सीमित नहीं है. अडानी सोलर का उद्देश्य है कि वह आवासीय उपभोक्ताओं, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक इकाइयों और कृषि क्षेत्रों के लिए किफायती और टिकाऊ सोलर समाधान प्रदान कर सके. इधर, ईना सोलर भी बिहार में सोलर जरूरतों का एकमात्र समाधान बनने के लिए प्रतिबद्ध है. अडानी सोलर के पीवी मॉड्यूल, हवेल्स इनवर्टर और अन्य उच्च गुणवत्ता वाले घटकों को भी बिहार में उपलब्ध कराएगा.

अडानी सोलर के ऑफ-ग्रिड और ऑन-ग्रिड सोलर पैनल्स से बिहार के उपभोक्ता न केवल अपने बिजली खर्चों में कमी ला पाएंगे, बल्कि बिजली कटौती के प्रभाव से भी राहत प्राप्त कर सकेंगे. अडानी के ऑफ-ग्रिड पैनल बिजली बाधाओं से सुरक्षा प्रदान करते हैं, जबकि ऑन-ग्रिड पैनल आवासीय और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिलों में भारी कमी लाते हैं. इसके अतिरिक्त, शाइन टपकन मॉड्यूल, जो उच्च वाट-पिक आउटपुट और बेहतर दक्षता के साथ आता है, चुनौतीपूर्ण मौसम में भी अधिक ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित करता है, जो बिहार की जलवायु के लिए उपयुक्त है.

इस साझेदारी से बिहार के लोगों को अडानी सोलर की अत्याधुनिक तकनीक का असली लाभ मिलेगा. बिहार में अक्सर बिजली कटौती और उच्च बिजली लागत एक बड़ी समस्या रही है. अडानी सोलर के अभिनव समाधान और ईना सोलर का ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करेगा कि यह उच्च तकनीक बिहार के आम नागरिकों की जिंदगी में वास्तविक बदलाव ला सके. अडानी सोलर और ईना सोलर की यह साझेदारी बिहार के ऊर्जा संकट को हल करने में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

बिहार पुलिस में बड़ा फेरबदल, जितेंद्र सिंह गंगवार बने असैनिक सुरक्षा डीजी, 5 जिलों में मिले नए एएसपी

पटना, एजेंसी। गृह विभाग ने हाल ही में पुलिस महानिदेशक (डीजी) में प्रोन्नति पाने वाले 1993 बैच के आइपीएस अधिकारी जितेंद्र सिंह गंगवार का स्थानांतरण कर दिया गया है। उन्हें अगले आदेश तक महानिदेशक सह आयुक्त असैनिक सुरक्षा का पद दिया गया है। इसके अलावा, उन्हें डीजी मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वह लंबे समय से एडीजी मुख्यालय के पद पर थे। गृह विभाग ने शनिवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अलावा, विभाग ने गृह विभाग ने वर्ष 2022 और 2023 बैच के पांच ट्रेनी आइपीएस अधिकारियों को भी व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए जिला आवंटित किया है। यह ट्रेनी आइपीएस अधिकारी सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के रूप में योगदान देंगे। इनमें शैलजा को वैशाली, संकेत कुमार को सारण, गरिमा को मुजफ्फरपुर, साक्षी को बेगूसराय और कोमल मीणा को दरभंगा का नया एएसपी बनाया गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार, पांचों ट्रेनी आइपीएस अधिकारियों का राष्ट्रीय पुलिस अकामदी, हैदराबाद में प्रथम चरण का प्रशिक्षण चल रहा था।

करीब 29 सप्ताह के प्रशिक्षण के बाद सभी पदाधिकारी 27 अक्टूबर यानी रविवार को बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में योगदान देंगे। इसके बाद इन्हें संबंधित जिले में भेजा जाएगा। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

परिवहन विभाग ने नवनियुक्त अपर जिला परिवहन पदाधिकारी (एडीटीओ) और मोटरयान निरीक्षक (एमवीआई) को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने की शक्तियां प्रदान की हैं। विभाग ने शनिवार को अधिसूचना इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

इसमें कहा गया है कि पदाधिकारी मोटरयान संशोधन अधिनियम 2019 की धारा के तहत लाइसेंस, हेलमेट, ओवरलोडिंग, पार्किंग, सीट बेल्ड, ओवर स्पीड, प्रदूषण, इंश्योरेंस आदि का उल्लंघन करने वाले वाहनों का चालान काट सकते है।

सड़क हादसे में एमएलसी के छोटे भाई जख्मी

ट्रक-कार में हुई जोरदार टक्कर

पटना, एजेंसी। सड़क दुर्घटना में आरजेडी एमएलसी इंजीनियर सौरभ के छोटे भाई सुमित चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए शहर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। पूरी घटना मनुआपुल थाना क्षेत्र के बेतिया-लौरिया एनएच स्थित छावनी ओवर ब्रिज का है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सुमित अपनी लग्जरी कार से शनिवार रात अपने घर जोकहां लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित ट्रक से उनके कार की टक्कर हो गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि, सुमित कहां से आ रहे थे और कार में कितने लोग सवार थे इस बात की जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से गाड़ी के साथ फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से ट्रक की पहचान में जुट गई है।

घटना को लेकर थानाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि छावनी ओवर ब्रिज पर ट्रक और कार की टक्कर में एमएलसी सौरभ के छोटे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें शहर के ही एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। हादसे में कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। हालांकि, गाड़ी का एयरबैग खुलने की वजह से सुमित की जान बच गई।

डीआरएम विशेष ट्रेन में टक्कर मारने की विभागीय जांच शुरू

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। समस्तीपुर डीआरएम की विशेष ट्रेन में टक्कर मारने में गिरफ्तार ट्रैक्टर चालक नवल पासवान को शुक्रवार को आरपीएफ ने कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उधर, सोनपुर रेल मंडल ने डीआरएम स्पेशल हादसा की जांच शुरू कर दी है। परिचालन विभाग के पदाधिकारियों से इसकी रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा पूमरे ने भी मामले से संबंधित एफआईआर की कॉपी मांगी थी। इसे आरपीएफ ने उपलब्ध करा दिया है। पूमरे स्तर के ऑपरेटिंग के पदाधिकारी पूरे मामले में पैनी निगाह रखें हुए है। इससे पहले आरपीएफ ने डीआरएम विशेष ट्रेन के लोको पायलट व गार्ड का बयान भी दर्ज किया। उनसे पूरी घटना की जानकारी ली। बयान में लोको पायलट और गार्ड ने आरपीएफ को बताया है कि कपरपुरा-मुजफ्फरपुर के बीच कॉशन था। पहले से ही गाड़ी को नियंत्रित रफ्तार में चलाई जा रही थी। करीब दो सौ मीटर से अधिक पर चालक को रेलवे ट्रैक के पास एक ट्रैक्टर दिखा। जिसपर वह हॉर्न भी बजाया। इसपर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को आगे पीछे करने लगा। जैसे की गाड़ी ट्रैक्टर के पास पहुंची कि उसके चालक ने ट्रेलर को पीछे कर दिया। इससे डीआरएम विशेष ट्रेन के इंजन के अगले हिस्से में ट्रैक्टर का ट्रेलर टकरा गया। टक्कर होते ही उन्होंने ट्रेन रोक दी। गति करीब 30 किमी थी। इससे इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका गया जिससे बड़ा हादसा टाल गया।

रांची से इलाहाबाद जा रही थी बस, औरंगाबाद में जीटी रोड पर हुआ हादसा

सह चालक की मौत और 9 यात्री घायल

औरंगाबाद, एजेंसी। जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के ताराडीह गांव के पास जीटी रोड पर रविवार कि अहले सुबह पांच बजे के करीब यात्रियों से भरी बस ने ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी।

घटना में सह चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि नौ यात्री घायल हो गए। सह चालक उत्तर प्रदेश राज्य के प्रयागराज जिले के बजहा मिश्रण घिसापुर निवासी रंगलाल के 31 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के है।

घायलों में झारखंड राज्य के रांची हरमू रोड निवासी रामनिवास, मध्य प्रदेश राज्य के रीवा जिले के चाकघाट निवासी पल्लवी पांडे, उत्तर प्रदेश राज्य के चंदौली जिला के कमालपुर निवासी विकास कुमार, रायबरेली जिले के नगदीलपुर निवासी आकाश कुमार, प्रयागराज जिले के देवापुर निवासी दिवाकर पांडे, कानपुर निवासी सिद्धार्थ तिवारी, वाराणसी जिले के रामपुर निवासी मनोज कुमार, जौनपुर जिले के सैदोपुर निवासी संतोष कुमार एवं देवरिया जिले के रामपुर कारखाना निवासी शैलेश कुमार है।

घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने मदनपुर थाना की पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में भर्ती कराया। ड्यूटी पर रहे चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, बस रांची से इलाहाबाद जा रही थी। जैसे ही बस ताराडीह गांव के पास पहुंची कि आगे जा रही एक ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। उधर, औरंगाबाद में रिसियप थाना क्षेत्र में दोमुहान पुल के पास शुक्रवार देर शाम तेज रफ्तार ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। दो युवक घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि रिसियप थान क्षेत्र के अमौना गांव निवासी 27 वर्षीय प्रभात रंजन की मौत हुई है।

घायल अमौना गांव निवासी 28 वर्षीय पवन कुमार एवं 27 वर्षीय निखिल कुमार का इलाज सदर अस्पताल में किया गया। पुलिस वाहन से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। ड्यूटी पर रहे चिकित्सकों ने प्रभात को मृत घोषित कर दिया। घायलों का उपचार किया। सदर अस्पताल में घायल पवन ने बताया कि दो दोस्तों के साथ बाइक से अंबा बाजार गए थे। वहां से लौट रहे थे कि दोमुहान पुल के समीप पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद प्रभात सड़क पर गिर गया और ट्रक के पहिए ने कुचल दिया। घटना की सूचना स्वजनो को अमौना गांव में मिली तो स्वजन सदर अस्पताल पहुंचे। युवक के शव को देखकर रोने लगे। मां रोते हुए बार-बार बेहोश हो रही थी। जब होश आता अपने पुत्र को खोज रही थी। बता दें कि युवक के पिता सुरेंद्र मेहता का तीन वर्ष पहले आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में दुर्घटना में मौत हो गई थी। उनकी मौत के बाद घर की सारी जिम्मेदारी प्रभात के कंधों पर थी। अब उसके नहीं रहने से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना पर सदर अस्पताल पहुंचे नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डबलू सिंह ने स्वजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाया। मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

ट्राईकोडर्मा खेती का सखा

ट्राईकोडर्मा की कार्य विधि

ट्राईकोडर्मा संवर्ध में इस मित्र फफूंद के असंख्य जीवाणु जीवित अवस्था में होते हैं। इससे बीजोपचार, जड़ोपचार तथा मृदा उपचार करने से फसलों की जड़ों के आसपास इस मित्र फफूंद का जाल भारी संख्या में कृत्रिम रूप से निर्मित हो जाता है।

ट्राईकोडर्मा मृदा में स्थित रोग उत्पन्न करने वाले हानिकारक कवकों का प्रतिजैविक है तथा यह उनकी वृद्धि रोककर उन्हें धीरे-धीरे नष्ट करता है जिससे ये हानिकारक कवक फसलों की जड़ों को संक्रमित कर रोग उत्पन्न करने में असमर्थ हो जाते हैं। इस प्रकार ट्राईकोडर्मा एक मित्र फफूंद के रूप में मृदा में उपस्थित हानिकारक शत्रु फफूंदों फसलों की रक्षा करता है।

बीजोपचार

भूमिजनित कवकों से ग्रसित होने वाली फसलों के उपचारित किये जाने वाले बीज को किसी साफ बर्तन में रखे तथा बीजों पर थोड़े से पानी की छींटे दें। अब बीजों में 6 से 8 ग्राम ट्राईकोडर्मा पाउडर प्रति किलो बीज की दर से मिलाकर अच्छी तरह से उलट-पलट दें। इस प्रकार इस पाउडर की बीजों के चारों ओर एक समान परत चिपक जायेगी। अब बीज की बुवाई कर दें।

मिट्टी का उपचार

ट्राईकोडर्मा पावडर 2.5 किलोग्राम को 75 किलोग्राम कम्पोस्ट अथवा गोबर की खाद में मिलाकर बुवाई पूर्व अन्तिम जुताई से पहले खेत की मिट्टी में अच्छी तरह से मिला दें तत्पश्चात बुवाई करें।

ट्राईकोडर्मा उत्पादन की देशी व सरल विधि :

किसानों के स्तर पर ट्राईकोडर्मा को अधिक मात्रा में उत्पादन करने के लिए एक नई पद्धति विकसित हुई है इसके लिए सबसे पहले जमीन पर 3 मीटर लम्बे, 2 मीटर चौडे एवं 1.5 मीटर गहरे कच्चे गड्ढे बनाते हैं फिर इन गड्ढों में गोबर की खाद डालते हैं। गोबर की खाद पर 50 ग्राम ट्राईकोडर्मा पावडर डालकर गड्ढों को गेहूं का भूसा या धान की पुआल से ढक दें। समय-समय पर पानी का छिड़काव करते रहे जिससे समुचित नमी बनी रहे। 7 से 10 दिन बाद नई गोबर की खाद मिलाकर फावड़े से अच्छी तरह से मिला दें और फिर पुआल से ढंककर बराबर पानी का छिड़काव करते रहें। इस प्रकार लगभग 3 महीने में ट्राईकोडर्मा से उपचारित गोबर की सड़ी खाद तैयार हो जाती है। इस खाद के प्रयोग हम मिट्टी उपचार के लिये करते हैं। नये गड्ढे तैयार करने के लिए गड्ढों में गोबर की खाद डालने के बाद पहले से तैयार ट्राईकोडर्मा उपचारित खाद की कुछ मात्रा मिला देते है और भूसा से अच्छी तरह से ढंककर पानी का छिड़काव करते रहते है। इस प्रकार एक बार तैयार की गई खाद आगे भी बार-बार उपयोग में लाई जा सकती है। इस विधि से तैयार गोबर खाद बहुत अच्छी गुणवत्ता की होती है।

ट्राईकोडर्मा का उपयोग

- बीज उपचार हेतु 6 से 8 ग्राम ट्राईकोडर्मा प्रति किलोग्राम बीज में सूखा मिलाकर बुवाई करें।
- भूमि उपचार के लिए 1 किलोग्राम ट्राईकोडर्मा को 25 किलोग्राम गोबर खाद में मिलाकर हल्के पानी का छींटा देकर एक सप्ताह तक छाया में सुखाने के पश्चात बुवाई के पूर्व प्रति हैक्टेयर प्रयोग किया जाये।
- खड़ी फसल में रोग आने पर प्रथम सिंचाई के उपरान्त पौधों के चारों ओर ट्राईकोडर्मा पावडर को मिट्टी में गोबर खाद के साथ मिलाकर छिड़काव करके जमीन में मिला दें।

सावधानियां

- ट्राईकोडर्मा क्षारीय मिट्टी में कम उपयोगी है।
- उपचारित बीज बोने के पहले सुनिश्चित कर लें कि मिट्टी में उचित आर्द्रता हो।
- यह एक जैविक उत्पाद है किन्तु खुले घावों, श्वसन तंत्र व आंखों के लिए हानिकारक है अत: इसके प्रयोग के समय सावधानी बरतें।
- इसके प्रयोग से पहले या बाद में किसी रसायनिक फफूंदनाशक का प्रयोग न किया जाये।
- ट्राईकोडर्मा फंफूद कल्चर को सीधी धूप व गर्मी से बचाकर छायादार स्थान में भंडारित करें तथा पावडर के पैकेट पर अंकित तिथि से पूर्व (एक वर्ष के अन्दर ही) उपयोग करें।



कम लागत में मूंग खेत की तैयारी

रबी की कटाई के बाद दो-तीन बार हल चलाकर मिट्टी को भुरभुरा व नींदा रहित करें। पाटा लगाकर खेत को समतल करें।

उन्नत बीज का चुनाव, मात्रा व उपचार

शुद्ध, प्रमाणित, रोग मुक्त बीज का चलन करें। भंडारित बीज को साफ करके, अंकुरण परीक्षण करने के बाद बोने हेतु उपयोग में लायें। बोनी हेतु के. 851, पीडीएम 139, पूसा बैसाखी, पूसा विशाल, जवाहर मूंग 131 में से किसी भी एक किस्म का 12-15 किग्रा, बीज प्रति हेक्टर के मान से उपयोग करें। ग्रीष्मकालीन मूंग की बोनी का उपयुक्त समय मार्च से अप्रैल का प्रथम सप्ताह है। कतार से कतार से बीज की दूरी 10 सेमी रखें साथ ही बीज को 3-4 सेमी की गहराई पर लगाएं। बुवाई से पूर्व बीज को कार्बेन्डाजिम की 2 ग्राम मात्रा द्वारा प्रति किग्रा बीज दर से उपचार करें ताकि बीज जनित रोगों से छुटकारा मिल सके।

खाद व उर्वरक

मिट्टी परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करें। यूरिया, सिंगल सुपर फास्फेट व म्यूरेट ऑफ पोटाश की 43:375:33 किग्रा प्रति हेक्टेयर के मान से उपयोग करें। 40 किग्रा डीएपी के साथ 10 किग्रा म्यूरेट ऑफ पोटाश प्रति एकड़ का उपयोग भी किया जा सकता है। बुवाई से पहले फफूंदनाशक से उपचारित बीज को राइजोबियम व पीएसबी कल्चर से निवेशित करें चाहिए। इस हेतु 5 ग्राम कल्चर प्रति किग्रा बीज के मान से उपयोग किया जा सकता है।

सिंचाई

गर्मियों में फसल होने के कारण फसल को 5-6 सिंचाईयों की आवश्यकता पड़ती है। क्रांतिक अवस्था जैसे शाखा बनते समय, फलियां बनते समय तथा दाना भरते समय सिंचाई करना आवश्यक होगी।

पौध संरक्षण

मूंग की फसल में कई बार पत्तियों पर भूरे रंग के धब्बे बनते हैं जो फैलकर पूरे पौधे को झुलसा देती है। साथ ही भभूतिया रोग का प्रकोप होता है। इस रोग में पत्तियों पर सफेद चूर्ण जमा हुआ दिखता है। दोनों ही रोगों के नियंत्रण के लिए कार्बेन्डाजिम की एक ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

मूंग की फसल पर फली बीटल, सफेद मक्खी, थ्रिप्स, फली छेदक कीटों का प्रकोप होता है। इनके नियंत्रण हेतु प्रोफेनोफॉस 400 मिली 200 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ के मान से छिड़काव करें।

उपज

मूंग की फलियां गुच्छों में लगती है तथा अधिकांश प्रजातियों में फल्लियां एक साथ नहीं पकती अत: 2-3 बार तोड़ाई पर पूरी फसल की फलियां तोड़ ली जाती हैं। मूंग के दानों को बैल चलाकर या डंडे से पीटकर अलग किया जाता है। भूसे से मूंग के दानों को हवा द्वारा अलग करके अच्छी तरह साफ कर सुखाने के बाद ही भंडारण करते हैं। उन्नत शस्य क्रियाएं व पौध संरक्षण अपनाने पर 7-8 क्विंटल मूंग प्रति हेक्टेयर प्राप्त होती है। तथा एक एकड़ क्षेत्र में 4000-5000 रुपये लागत आने पर 15000 रुपये की आय होती है।

अपने प्रति पशु से अधिक दूध प्राप्त करना, दुग्ध उत्पादकता बढ़ाकर अपने दुग्ध डेयरी व्यवसाय को लाभदायक बनाना हम सभी का लक्ष्य है। प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता बढ़ाने के लिये पशु के चारे में प्रोटीन, खनिज व विटामिन से भरपूर, स्वादिष्ट, रसीले व मीठे और अधिक पाचक हरे चारे की 60% से 70% तक मात्रा होनी चाहिये।

पशु पालन में हरे चारे की उपयोगिता

पशुओं को पौष्टिक एवं अधिक पाचक हरा चारा उपलब्ध कराने के लिये यूपीएल एड्वांटा ने तीन आधुनिक हायब्रिड चारा बीज भारत में उपलब्ध करवाये हैं। यूपीएल कृषि रसायन के क्षेत्र में सबसे बड़ी भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है जिसके कई कृषि रसायन में पेटेंट हैं। यूपीएल पूरी दुनिया के किसानों को किफायती एवं उत्कृष्ट कृषि समाधान उपलब्ध कराती है। एड्वांटा जो कि यूपीएल का ही हिस्सा है, दुनियां की सर्वश्रेष्ठ बीज कम्पनियों में से एक है और लगभग 25 देशों में अपने श्रेष्ठतम बीजों का व्यवसाय करती है।

यूपीएल एड्वांटा की तीन आधुनिक हायब्रिड चारा फसलें हैं-

(1) न्यूट्रीफीड (2) शुगरग्रेज (3) मक्खनग्रास

- **न्यूट्रीफीड एवं शुगरग्रेज की बुआई का उपयुक्त समय**-फरवरी से अगस्त।
- **मक्खनग्रास की बुआई** - सितम्बर अंतिम सप्ताह से दिसम्बर प्रथम सप्ताह तक।

न्यूट्रीफीड की विशेषताएं

- अधिक संख्या में (4-6 बार) चारा कटाई- हर समय भरपूर हरा चारा उपलब्ध।
- प्रति एकड़ (18 टन तक) प्रति कटाई हरा चारा उपलब्ध- कम खेत से पशुओं को अधिक चारा
- मीठा, नरम व स्वादिष्ट चारा-पशु चाव से खाते हैं
- 16% तक प्रोटीन-पशु का बेहतर स्वास्थ, अधिक दूध व फेट।
- 68% से अधिक पाचन योग्य हरा चारा-अधिक दूध उत्पादन के लिये।
- अन्य चारा फसलों की तुलना में कम पानी की आवश्यकता।
- कीटों का प्रकोप न के बराबर

न्यूट्रीफीड की बुआई, देखरेख व कटाई

बीज दर - 3 किलो प्रति एकड़।

अच्छी नमी वाले खेत में महीन जुताई के उपरांत बोना चाहिये पानी न ठहरने वाले खेत उपयुक्त होते हैं।

खाद की मात्रा

एन: पी: के - 30:20: 00

- गर्मियों में आवश्यकतानुसार समय -समय पर सिंचाई करते रहें
- पहली कटाई 45 -50 दिनों में जब न्यूट्रीफीड का पौधा लगभग एक से सवा मीटर लम्बा हो।
- दूसरी एवं अगली कटाईयां हरेक 25-35 दिन में करते रहना चाहिये। प्रत्येक कटाई के बाद हल्की सिंचाई के साथ 25 किलो प्रति एकड़ नत्रजन का प्रयोग करें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

संपादकीय

चीन के साथ सकारात्मक

ब्रिक्स सम्मेलन में एक बार फिर भारत और चीन के रिश्तों में गरमाहट लौटती दिखी है। पिछले पांच वर्षों से दोनों देशों के बीच तल्खी बनी हुई थी। हालांकि इस बीच कुछ मौकों पर हमारे प्रधानमंत्री और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकातें जरूर हुईं, मगर द्विपक्षीय वार्ता नहीं हुई थी। ब्रिक्स सम्मेलन में अलग से दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता की और परस्पर सहयोग और सम्मान का संकल्प दोहराया। इस वार्ता से एक दिन पहले दोनों देशों ने पूर्वी लद्दाख में अपनी सेनाओं को पीछे लौटाने और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पुरानी स्थिति बहाल रखने का फैसला किया था। चीन ने दौलतबेग ओल्डी और डेमचोक क्षेत्र में अपना अतिक्रमण हटाने पर सहमति दे दी।अब दोनों देशों की सेनाएं अपने हिस्से के इलाकों में गश्त कर सकेंगी। चीन ने यह भी कहा है कि वह सीमा विवाद सुलझाने में भारत का सहयोग करेगा। अब प्रधानमंत्री की शी जिनपिंग के साथ बातचीत के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि चीन का रुख लचीला हो गया है और वह भारत के साथ दोस्ती बनाए रखना चाहता है। हालांकि यह कोई नाटकीय घटना नहीं है। इसकी पृष्ठभूमि शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन से ही बननी शुरू हो गई थी, जब दोनों देशों के विदेशमंत्रियों ने अलग से बातचीत की थी।सच्चाई यह भी है कि चीन बेशक अपनी विस्तारवादी रणनीति के तहत भारत को घेरने का प्रयास करता रहा हो, पर आज की वैश्विक स्थितियों में वह इसके साथ लंबे समय तक तनावपूर्ण रिश्ते बना कर नहीं चल सकता। चीन को मुख्य चुनौती अमेरिका से है। इसलिए अगर चीन को इस चुनौती से पार पाना है, तो उसे भारत के साथ रिश्ते मधुर बना कर रखने ही होंगे। ब्रिक्स का गठन ही इस मकसद से हुआ था कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अमेरिका और यूरोपीय देशों के दबदबे को कमजोर किया जा सके।फिर, अमेरिका और यूरोप ने जिस तरह यूक्रेन को रूस के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश की, उससे रूस के सामने भी चुनौतियां बढ़ गई थीं। उसने चीन के साथ नजदीकी बढ़ा ली। मगर गलवान सैन्य संघर्ष के बाद चीन और भारत के बीच तल्खी कायम रहने से इस समीकरण में बाधा आ रही थी। इसलिए रूस भी चाहता था कि भारत और चीन अपने मतभेद जल्दी सुलझा लें। फिर, भारत के बिना ब्रिक्स देशों के संगठन में मजबूती कभी नहीं आ सकती। अच्छी बात है कि चीन ने इस तकाजे को समझा और भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ा दिया।भारत की अहमियत चीन के लिए भी बड़ी है।

दम घुटने जैसी स्थिति पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई जमकर फटकार

मानसून की विदाई के साथ धान की कटाई शुरू हो गई है। मगर विडंबना है कि हर सख्ती के बावजूद खेत-खलिहानों में इस वर्ष भी पराली जलाई जा रही है। इससे जाहिर है कि नियम-कायदों की परवाह किसी को नहीं है। यह छिपी बात नहीं है कि पराली जलाने से प्रति वर्ष दिल्ली और आसपास प्रदूषण गंभीर स्तर तक पहुंच जाता है। नागरिकों का दम घुटने लगता है। अस्पतालों में उपचार कराने की नौबत आ जाती है। सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कवायद शुरू की, तब जाकर पंजाब और हरियाणा की सरकारें सक्रिय हुईं।पंजाब पुलिस ने आनन-फानन में एक महीने में ही आठ सौ चौहत्तर प्राथमिकियां दर्ज कीं। वहीं कैथल जिले में पराली जलाने पर अठारह किसानों को गिरफ्तार किया गया। हरियाणा के कृषि विभाग ने पहली बार चौबीस अधिकारियों को निलंबित कर दिया। बावजूद इसके, पराली जलाने के मामले घट नहीं रहे। दिल्ली के आसमान पर धुएं की परत जमने लगी है। ऐसे में सर्वोच्च अदालत ने केंद्र के साथ पंजाब और हरियाणा को याद दिलाया है कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है।बड़ा सवाल है कि नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में होने के बावजूद पर्यावरण कानून का पालन करने से सरकारों को कौन रोक रहा है? इसे शक्तिहीन बनाने के लिए अदालत ने बुधवार को केंद्र की भी खिंचाई की। स्पष्ट है कि पराली जलने से लगातार बढ़ रहे प्रदूषण की बड़ी वजह जमीनी स्तर पर कार्रवाई न होना है। राज्य सरकारें और स्थानीय जिला प्रशासन पर्यावरण संरक्षण कानून को सख्ती से लागू करते, तो यह नौबत नहीं आती।यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा के मुख्य सचिवों को तलब कर बार-बार आंकड़े बदलने पर सवाल उठाया और कहा कि हर कोई इस मामले को हलके में ले रहा है। इससे गलत संदेश गया है। यह हैरानी की बात है कि शीर्ष न्यायालय की फटकार और बार-बार चिंता जताए जाने पर भी गंभीरता से व्यापक कार्रवाई न होना, यह साबित करता है कि राज्य सरकारें नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत नहीं हैं।

अत्याचारियों का दिल जीतने की नीति, कश्मीर को नरक ही बनाएगी, बाजी पलटने का वक्त आ गया है

(नवीन कुमार पाण्डेय)

आखिर बिहार समेत अन्य पिछड़े राज्यों का कसूर क्या है कि वहां विकास की विशेष पहल नहीं हो और निर्दोषों के खून से लाल हुई घाटी में विकास की गंगा बहे? क्या सरकार की यह नीति से यही संदेश नहीं जाता है कि अत्याचार और अन्याय को इनाम दिया जाएगा और इंसानियत का रास्ता चुनने वालों को दंड? कश्मीरियों का दिल जीतने की नीति साफ-साफ यही कहती है।

'जैसा को तैसा', 'शठे शाठ्यम समाचरेत', 'लातों के भूत, बातों से नहीं मानते'। क्या सरकार और नौकरशाही में बैठे लोगों को इस कहावत के सबक पता नहीं हैं? अगर हैं तो फिर कश्मीरियों का दिल जीतने की नीति अब तक लागू कैसे है? बल्कि यह नीति लागू ही क्यों हुई थी? क्या कभी किसी परिवार में, दोस्ती-यारी में, संस्थान में या कहीं और भी ऐसा होता है कि जो घृणित और अमानवीय व्यवहार करे, उसे दंड देने के बजाय उसे नई-नई तरकीबों से ललकारा-पुचकरा जाए? क्या ऐसी नीति न्यायपूर्ण, तर्कपूर्ण और मानवीय मापदंडों पर खरा उतरने वाली है? अगर नहीं तो कश्मीर में ऐसी ही नीति कैसे लागू हुई और आज तक क्यों जारी है जब बार-बार विभत्स उदाहरण मिल रहे हैं कि इस नीति पूरी तरह असफल रही है और किसी एक का भी दिल नहीं जीता जा सका है और ना जीता जा सकता है। हर व्यक्ति, संस्था, देश, समाज की तरह समुदाय और कौम का भी अपना मिजाज होता है। मुसलमानों की एक ऐसी कौम है जो मिजाज से बहानेबाज और व्यवहार से हिंसक है। दुनिया का शायद ही कोई ऐसा कोना हो जहां इस कौम ने शांति की पहल में योगदान दिया हो। इसके उलट विश्व में जहां कहीं भी अशांति है, उसके पीछे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इस कौम का हाथ ही है। आतंकी, जिहादी, उग्रवादी सोच के लोगों की रहनुमाई वाली इस कौम में जो मुट्ठीभर लोग अपने व्यवहार में इंसानियत को सर्वोपरि रखते हैं, वो घुट-घुटकर जीने को अभिशप्त हैं। वो भी डर के साये में जीवन गुजारने को मजबूर हैं क्योंकि पता नहीं कब क्या फतवा आ जाए। ऐसी कौम का दिल दुनिया में कहीं कोई जीत पाया हो, इसका आजतक तो कोई उदाहरण नहीं मिला है। फिर बलात्कारी, हत्यारे, नरसंहारी कश्मीरियों का दिल जीतने का जेहन कैसे तैयार हुआ, यह एक बड़ा सवाल है। ये तो अपराध को पुरस्कृत करने जैसा है। अपराधी को उसके अपराध के लिए दिया गया इनाम कितना घातक हो सकता है, कश्मीर इसका जीता-जागता उदाहरण है। कश्मीरियों को तो यह ट्रिक हाथ लग गया कि ज्यदतियां करो और बदले में दिल जीतने के लिए एक-एक नए तोहफे मिलते रहेंगे। कोई बताएगा कि बीते दशकों में कश्मीरियों का दिल जीतने की नीति से क्या फायदा हुआ है? यह कहा जा सकता है कि कश्मीर में अब बदलाव साफ दिख रहा है। हां, मान लिया, कश्मीर बदल रहा है। लेकिन कैसे, दिल जीतने की नीति से या कड़ी कार्रवाई से? दिल जीतने की नीति लागू रही और पत्थर चलते रहे, पाकिस्तान जिंदाबाद और भारत मुर्दाबाद के नारे लगते रहे, आतंकियों को पनाह और मदद मिलते रही। वहां जो भी बदलाव दिख रहा है, वो 'जैसे को तैसा' की नीति से, ना कि दिल जीतकर। कितने कश्मीरियों का दिल जीत पाए यह तो कुछ घंटों और दिनों में ही पता चल जाए, अगर वहां से सेना को हटा लिया जाए और सुरक्षा में ढील दे दी जाए। कश्मीरियों का दिल जीता जा सकता है, इसका कोई उदाहरण किसी के पास है क्या? अगर नहीं तो फिर अगले कितने वर्षों तक यह प्रयास चलता रहेगा? कोई कह सकता है कि आतंकवाद में मुसलमान भी तो मारे गए और मारे जाते हैं। फिर इस तर्क से तो पाकिस्तान का यह दावा भी सही है कि वह आतंकवाद का पोषक नहीं बल्कि भुक्तभोगी है क्योंकि आतंकवादी घटनाओं में उसके 70 हजार से ज्यादा लोग मारे गए। सांप तो पालने वाले को भी डस सकता है और डसता है। यह कौन सी नई बात है? भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान की चालाकी पर पानी फेरने के लिए यही दलील तो देता है। फिर अंदरूनी आतंकवाद में भारत के कर्ता-धर्ताओं की बुद्धि भ्रष्ट कैसे हो जाती है? कहा जाता है कि जम्मू-कश्मीर के चुनावों में धांधली हुई थी। माना। तो क्या धांधली कश्मीरी पंडितों ने की थी? अगर नहीं तो फिर धांधली को कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार से कैसे जोड़ा गया? ये दोनों अलग-अलग मामले थे। धांधली की जांच होती और कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचारों की भी। फिर जो तथ्य सामने आते, उसके अनुसार कार्रवाइयां होतीं। लेकिन कितनी चालाकी से कश्मीरी पंडितों के खिलाफ छिड़े अमानवीय अभियान को चुनाव में धांधली के कारण पैदा हुए आक्रोश से जोड़ दिया गया! ये भारत में ही हो सकता है, दुनिया में कहीं और संभव नहीं। कोई भी पूछ सकता है, निदान क्या है? मेरे लिए निदान से बड़ा न्याय है। अगर किसी के साथ अत्याचार हुआ है तो उसे न्याय मिलना चाहिए। अगर कोई अत्याचारी है तो उसे दंड मिलना चाहिए। कश्मीरियों ने जो किया है, उन्हें उसका अहसास ही नहीं क्योंकि उनके दिल जीतने की नीति लागू हो गई। इस नीति ने अत्याचारियों को ही पीड़ित महसूस करवाया है और आज भी करवा रही है। वो खुद को पीड़ित होने का प्रपंच करके आतंकवाद को जस्टिफाई करते हैं। होना तो यह चाहिए कि उन्हें सही मायने में अहसास हो जाए कि वो अत्याचारी हैं, पीड़ित नहीं और उन्होंने जिन पर जुल्म ढाया है, उन्हें उनका दिल जीतने की जरूरत है, वरना उनका और उनकी आने वाली नस्लों का वर्तमान और भविष्य गर्त में होगा। दलील तो यही भी दी जाएगी कि आम कश्मीरियों का क्या गुनाह और आतंकियों को तो मारा ही जा रहा है। फिर जैसा को तैसा ही नियम लागू है। तो सवाल उठता है कि अगर आम कश्मीरी बिगड़े नहीं हैं तो उन्हें मनाने की जरूरत क्या है? आप किसका दिल जीतना चाहते हैं? निश्चित रूप से आतंकियों का नहीं। दिल जीतने की कोशिश तो उसी की होती है, जिसका दिल टूटा हुआ है। कोई टूटे दिल से किसी का भला तो नहीं चाहता है। अगर ऐसा है तो किसी का दिल टूटा भी हो तो उसे जोड़ने की जहमत कौन उठाएगा और क्यों? अगर टूटे दिल को जोड़ने की जुगत हो रही है, इसका मतलब है कि इसकी सख्त दरकार है। ये सब बातें यही बताती हैं कि आम कश्मीरी कोई भोले इंसान नहीं हैं। वो आतंकवाद में किसी ना किसी हद तक हिस्सेदार हैं। नहीं तो 15 अगस्त, 2019 के बाद से कई कश्मीरियों की नौकरियां क्यों छीनी गईं, उन पर मुकदमें क्यों लादे गए? क्या कोई कश्मीरी है जो आतंकवादी को शहीद नहीं मानता हो? फिर वह निर्दोष, बेगुनाह और आम कैसे है? कोई भला कैसे उम्मीद कर सकता है कि उसे कश्मीरी पंडितों की पीड़ा का अहसास भी होगा या वो कभी पंडितों की पीड़ा महसूस करना भी चाहेगा? इसलिए सिर्फ आतंकी नहीं, उसे पनाह देने वाले, उसे जानकारियां देने वाले भी बेधड़क ठिकाने लगाए जाएं।

आखिर क्यों झुकता दिख रहा चीन

(उमेश चतुर्वेदी)

गलवान कांड के बाद भारत ने चीन के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए। उसमें सबसे पहला कदम यह रहा कि चीन के लिए सीधी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। गलवान कांड के बाद से ही पड़ोसी होने के बावजूद दोनों देशों के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है। लद्दाख सीमा पर गश्ती को लेकर भारत और चीन के बीच सहमति बन तो गई है, लेकिन उस पर आंख मूंदकर भरोसा करना जल्दबाजी और नासमझी होगी। अतीत में चीन के रवैये को देखते हुए भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह कहना समीचीन ही है कि भरोसा बहाली में समय लगेगा। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हिजबुल्ला संघर्ष के संदर्भ में भारत और चीन के बीच हुए इस समझौते को बेहतर परिणति ही माना जाना चाहिए। 15 और 16 जून 2020 की रात को बिना हथियारों के भारतीय सैनिकों ने लाल सेना के भले ही दांत खट्टे कर दिए, लेकिन भारतीय विपक्षी दलों ने उस मौके को उत्तेजना की राजनीति के लिए बेहतर मौके के रूप में लिया था। महज एक साल पहले ही तमिलनाडु में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ प्रधानमंत्री मोदी की चर्चित मुलाकात का हवाला देते हुए विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर दबाव बढ़ाने की कोशिश की थी। उनकी मंशा चीन के साथ सीधा युद्ध करने के लिए सरकार को उकसाना रहा। बेशक 1962 जैसी स्थिति नहीं रही। तब से लेकर भारत ने सैनिक और आर्थिक मोर्चे पर लंबा सफर तय कर लिया है। वहीं चीन इस अवधि में दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आर्थिक मोर्चे के लिहाज से देखें तो भारत पांचवें नंबर पर है और सैनिक ताकत के लिहाज से देखें तो चौथे नंबर है। चीन दुनिया के तीसरे नंबर की सैन्य शक्ति है। ऐसे में सीधी सैनिक कार्रवाई की अपनी सीमाएं थीं। इसलिए विपक्षी दलों के तमाम उलाहनों और उकसावों के बावजूद मोदी सरकार ने कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर चीन को घेरना शुरू किया। इसका मतलब यह नहीं कि सीमा पर सैन्य चौकसी कम की गई या सेना को कार्रवाई की छूट नहीं दी गई। गलवान के बाद जब भी जरूरत पड़ी, आधुनिक हथियार विहीन हमारे सैनिकों ने लाल सेना को आगे बढ़ने नहीं दिया। गलवान कांड के बाद भारत ने चीन के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए। उसमें सबसे पहला कदम यह रहा कि चीन के लिए सीधी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। गलवान कांड के बाद से ही पड़ोसी होने के बावजूद दोनों देशों के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है। इस बीच चीन को आर्थिक मंदी का भी सामना करना पड़ा है। चीन को लगता है कि अगर भारत के साथ उसके कारोबारी रिश्ते बढ़ेंगे, तभी वह आर्थिक मोर्चे पर आगे रह सकता है। इसके लिए सीधी उड़ानें एक बड़ा जरिया हो सकती हैं। इसलिए सीमा पर विवाद के बावजूद वह भारत पर गाहे-बगाहे सीधी उड़ान सेवा बहाल करने के लिए कहता रहा है। वह यात्रियों के लिए सीधी उड़ान के साथ ही उनकी संख्या बढ़ाने पर भी जोर देता रहा है। लेकिन भारत ने इसकी लगातार उपेक्षा की। भारत ने एक और कड़ा कदम उठाया। चीन के लिए सख्त वीजा नियम लागू कर दिए। चीनी नागरिकों के लिए सख्त वीजा नियम होने की वजह से चीन के विशेष इंजीनियरों और तकनीशियनों की भारत में आवाजाही पर एक तरह से पाबंदी ही लग गई। इसकी वजह से चीनी आर्थिक गतिविधियों में कमी आई। इसके साथ ही भारत ने चीनी कंपनियों के निवेश पर भी कठोर नियम लागू कर दिए। गलवान कांड के तुरंत बाद भारत सरकार ने पड़ोसी देशों की कंपनियों के भारतीय निवेश की जांच प्रक्रिया में पुनरीक्षण और सुरक्षा मंजूरी की एक अतिरिक्त शर्त जोड़ दी। एक तरह से पड़ोसी देशों की कंपनियों के लिए नियम सख्त कर दिए गए। इसका सबसे ज्यादा असर चीनी कंपनियों पर पड़ा। इसकी वजह से भारतीय बाजार में चीनी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले अधिग्रहण और निवेश पर लगाम लग गई।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5535

6			4	2				
8		4	9				7	3
3						4	5	
			8	7			9	
	8						2	
	3			6	1			
	2	5						7
9	6				5	8		2
				3	9			4

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5534

3	5	8	9	1	6	2	4	7
4	6	2	7	5	3	1	9	8
1	9	7	4	8	2	5	3	6
8	4	9	1	6	7	3	5	2
7	1	5	2	3	4	8	6	9
2	3	6	8	9	5	4	7	1
9	2	3	5	7	1	6	8	4
5	8	1	6	4	9	7	2	3
6	7	4	3	2	8	9	1	5

वर्ग पहेली 5535



संकेत: बाएं से दाएं
1. यह हमारे देश का राष्ट्रीय नारा है (6)
7. एक होने का भाव, अभिसार, आलिंगन (3)
8. चुंगी कर, भाड़ा, किराया (4)
9. कण का शब्द का अपभ्रंश (2)
10. फूलों की घनी गुथी हुई छोटी माला (3)
11. वैराग्य, विरति, संयास ग्रहण, दिलीप कुमार की तिहरी भूमिका वाली फिल्म (1967)(3)
12. मृदुल मंद समीर, ठंडी और धीमी हवा (3)
14. साधु संयासी के रहने का स्थान (2)
15. रसूल, ईशदूत, पैगंबर (2)
16. असफल, अयोग्य, अनुत्तीर्ण (3)
18. शास्त्रीय संगीत में गांधार स्वर (1)
20. ये तमिल तथा हिंदी फिल्मों के निर्देशक है जिन्हें पद्मश्री से नवाजा जा चुका है (5)
22. यह ऑट्रिया का सबसे बड़ा शहर है जो डेन्यूब नदी के किनारे स्थित है (3)
24. नदी किनारे का वह पक्का स्थान जहां लोग पानी भरते व स्नान करते है (2)

ऊपर से नीचे
1. मजदूर (3)
2. सामंजस्य न होना, सामंजस्यहीन होना (6)
3. जंगल, कानन, अरण्य (2)
4. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
5. यह ईरान की राजधानी है (4)
6. गुलअदाम, फूल जैसा कोमल और मृदुल सुकुमार और सुगंधित शरीर वाला (4)
10. सूर्य का कए नाम यह भी है (5)
12. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
13. शंख, सुतही, मुक्तागार (2)
17. हसरत, आरजू, तमन्ना, आकांशा (3)
19. पद्य की रचना वाला (2)
21. स्त्री का नृत्य, आम नाच (2)
22. मेघ से संबंधित एक नक्षत्र (2)

वर्ग पहेली 5534 का हल

क	ण	म	म	ह्ले	श्व	री	
र्ण		त	ला		स	ज	ना
	रू	प	या		न	न	द
	प	त्र		ज			ना
ब	ही		ब	ल	कां	ड	
ज	न	क	रा	ज		ल	ता
ना	ता		ती			हौ	रा
		लू			फो	जी	

आज का राशिफल

मेष
आज दिन परेशानियों और बाधाओं वाला रहेगा। आपके बनते काम बिगड़ सकते हैं। सांसारिक सुख भोग और नौकर चाकरों के असहयोग से परेशानी रहेगी। परिवार की तरफ से भी वांछित समाचार मिलने के संकेत नहीं है। शाम को आप किसी बड़ी परेशानी से घिर सकते हैं। आपको कारोबार से जुड़ी कोई चिंता परेशान कर सकती है।

वृष
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और योजनाएं सफल होंगी। आप शाम के वक्त धार्मिक कार्य में भाग लेंगे और आपका दिन सफलता में बीतेगा। यदि आप व्यापार कर रहे हैं तो आपके व्यापार में कुछ नए परिवर्तन होंगे जिससे आगे चलकर आपको लाभ होगा।

मिथुन
आज दिन सफलता से भरा होगा और कारोबार में मनचाहा लाभ होने से आपको सुख की प्राप्ति होगी। आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी और शाम तक ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे जो कि चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। आपका दिन आराम से सफलता के साथ बीत जाएगा।

तुला
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके रुके हुए सभी कार्य पूर्ण होंगे। आपको किसी काम में निवेश करना हो तो कर सकते हैं, आगे चलकर आपको लाभ होगा। परिवार में मनमुटाव की स्थिति रहेगी। शाम के वक्त वाहन खराब होने से आपका खर्च बढ़ सकता है। अकस्मात् खर्चा बढ़ेगा। आप इस समय में धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में नुकसान हो सकता है।

वृश्चिक
आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा आपको ऑफिस और समाज की ओर से वांछित सहयोग मिलेगा, परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके अधिकारों में वृद्धि होगी और उत्तरदायित्व बढ़ेगा। सब लोग आपके साहस और पराक्रम की प्रसंशा करेंगे। आपकी योजनाएं सफल होंगी और काम में मन लगेगा।

धनु
आज दिन सामान्य रहेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। सायंकाल से देर रात तक आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और आप बुद्धि विवेक से नये-नये कार्यों की खोज करने में लगेंगे। आप दूसरों की कमियां ढूंढना छोड़ दें तो आपका दिन शांति से बीतेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

कर्क
आज लाभ होगा और आज का दिन आपके लिए भविष्य की नवीन संभावनाओं को लेकर आ रहा है। आपकी रुचि आध्यात्मिक और अच्छे कार्य में बढ़ेगी और आपके खानदान का नाम ऊंचा होगा। बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्य में सफलता मिलेगी। शाम के वक्त परिवार के लोगों के साथ आनंद की प्राप्ति करेंगे और भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा।

सिंह
आज दिन परेशानियों और समस्याओं वाला रहेगा। मानसिक अशांति खिन्नता और उदासीनता के कारण आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। यदि आपकी प्रोन्नति होने वाली है तो अवश्य प्राप्त होगी। आकस्मिक चिन्ता होने की संभावना है। आप दूसरे व्यक्तियों और आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब होंगे।

कन्या
आज भाग्य साथ देगा और कारोबार में आपको लाभ होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ होगा और धन में वृद्धि होने से प्रसन्नता होगी। यदि आपका कोई विवाद लंबित है तो उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। धन का लाभ होगा। शाम का समय ईश्वर की भक्ति में बीतेगा।

मकर
आज दिन मिश्रित फलकारक है। आपको किसी कारण से सेहत से जुड़ी परेशानी हो सकती हैं। आपके सामने ऐसे अनावश्यक खर्चे आएंगे कि जो आपको न चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। सायंकाल के समय कोई खुशखबरी मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा। रात में किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाने से मन खुश होगा और आपका सम्मान बढ़ेगा।

कुंभ
आज करियर में लाभ और सफलता का दिन है और आपको किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। कुछ समय सामाजिक क्रियाकलापों में भी आपको हिस्सा लेना पड़ सकता है। आपके भौतिक सुख सुविधाओं में कुछ कमी आ सकती है। आपको रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। अधिक तनाव लेने से आपकी सेहत बिगड़ सकती है। खान पान में विशेष नियंत्रण करके स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।

मीन
आज दिन काफी भाग्यशाली है और आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति होने से खुशी होगी। आप अपनी शान शौकत के लिए धन का व्यय करेंगे और गरीबों की सहायता करने से आपको लाभ होगा। अपनी वाक्पटुता और कार्य कुशलता से दूसरे व्यक्तियों को प्रभावित कर पाने में सफल होंगे। आपकी रुचि धर्म-अध्यात्म में लगेगी और मन प्रसन्न रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित **संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, स्थानीय संपादक- **साकेत अम्बष्ट**, -9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, **RNI-BIHHIN/2017/72765**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

संक्षिप्त समाचार

महिला ने नहर में लगाई छलांग, ग्रामीण ने बचाया

अलीगढ़ , एजेंसी। घरेलू कलह के चलते बरोठा नहर पुल के पास शनिवार शाम को एक महिला ने नहर में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने महिला को नहर से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस महिला को अपने साथ ले आयी। परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया।

क्षेत्र के एक गांव निवासी 26 वर्षीय महिला गांव खेड़ा बुजुर्ग थाना गोधा में सास-ससुर के साथ किराए के मकान में रहती है। पति गुजरात में काम करता है।महिला के तीन बच्चे हैं। महिला का कहना है कि पति घर खर्च नहीं देता। बीते तीन माह से वह तालानगरी की एक फैक्टरी में काम कर खर्चा चला रही है। करवाचौथ पर पति घर आया था। उसने महिला के नौकरी करने का विरोध किया, गाली-गलौज की। इसी बात से आहत होकर वह फैक्टरी से दोपहर बाद निकल आई और जान देने की कोशिश की।

नौ माह के मासूम की सांस नली में फंसा मूंगफली का दाना, 10 मिनट का समय...एसएन के चिकित्सकों ने ऐसे बचाई जान

आगरा , एजेंसी। आगरा में 9 महीने के मासूम बालक को मूंगफली का दाना देना परिजन के लिए भारी पड़ गया। दांत न होने के कारण बच्चा मूंगफली के दाने को चबा नहीं पाया और यह गले के जरिए बच्चे की सांस नली में फंस गया। एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में मूंगफली का दाना निकाल मासूम की जान बचाई गई। बच्चे के परिजन नया बांस रोड शमसाबाद निवासी हैं। नौ माह के बच्चे को सांस लेने में परेशानी होने पर इमरजेंसी में अपराह्न 3:15 बजे भर्ती कराया गया। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अखिल प्रताप सिंह ने बताया कि बालक के खून में ऑक्सीजन का स्तर 80 था जबकि 95 से अधिक होना चाहिए। उसे ऑक्सीजन देकर स्थिर किया गया। शाम करीब 4:15 बजे इमरजेंसी के ट्रामा सेंटर स्थित ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट कर दिया गया। ब्रोंकोस्कॉपी कर 10 मिनट में बालक की सांस नलिका से मूंगफली का दाना निकाल दिया गया। बालक को बेहोश कर सर्जरी की गई।

दिवाली से पहले अंधेरे में आगरा का ये मार्ग, तितलियों की उड़ गई रोशनी... लाइटें भी हो गईं बंद

आगरा, एजेंसी। बाजार से कई गुना अधिक दाम पर खरीदी गई नियॉन तितलियों की रोशनी उड़ गई। 8 महीने पहले 32.20 लाख रुपये में खरीदी गई नियॉन तितलियां और त्रिशूल की आकृति की लाइटें बंद पड़ी हैं। स्ट्रीट लाइट के खंभों पर आगरा नगर निगम ने फरवरी में 100 नियॉन तितलियां और 130 नियॉन त्रिशूल लगवाए थे जो अब खराब पड़े हैं। नगर निगम अधिवेशन में इन लाइटों की खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे, जिनकी जांच के आदेश मेयर ने दिए थे, लेकिन यह जांच भी 8 महीने में नहीं हो पाई। हरीपर्वत चौराहे से मदिया कटरा होते हुए बोदला और गुरु के ताल तक नगर निगम ने नियॉन लाइट वाली तितलियां लगाई थी। ऐसी 100 लाइटें 14 लाख रुपये में खरीदी गईं। इसी तरह यमुना किनारा रोड पर 130 नियॉन लाइट वाले त्रिशूल 18.20 लाख रुपये में खरीदे गए। गुरु के ताल से मदिया कटरा रोड तक सभी तितलियां बंद हो चुकी हैं, वहीं स्ट्रीट लाइटें भी चोरी हो जाने से पुल पर अंधेरा छाया है।

ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर, रासलीला मंडली संचालक समेत दो की मौत, 15 गंभीर घायल

फर्रूखाबाद , एजेंसी। फर्रुखाबाद जिले में जनपद हरदोई के सवायजपुर कस्बे में बने मंदिर का उद्घाटन समारोह शनिवार को था। देर रात कार्यक्रम में रासलीला कर मंडली के कलाकार पिकअप से लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब ढाई बजे बरेली-इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिकअप में एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे पिकअप के चालक सहित पिकअप में सवार सभी 17 लोग घायल हो गए। घायलों को लोहिया अस्पताल लाया गया। यहां जिला मथुरा थाना गोवर्धन के गांव महरोली निवासी मंडली संचालक ओमप्रकाश (65) समेत चालक की मौत हो गई।

भव्य सजी है रामनगरी, मठ-मंदिर... घाट-महल सब होंगे जगमग; तस्वीरों में देखें अलौकिक छटा

अयोध्या , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में इस दीपावली पर दोहरी खुशी का माहौल है। श्रीरामलला के भव्य मंदिर में विराजने के बाद यह पहली दीपावली है। इसको लेकर रामनगरी गदगद है। अयोध्यावासी भाव विह्वल भी हैं। हों भी क्यों न, 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद रामलला भव्य महल में विराजे हैं।

इसकी खुशी में पूरी अयोध्या राममय हो उठी है। दीपोत्सव को लेकर सर्वसमाज में उत्साह है। मुस्लिम, जैन, सिख समाज दीपोत्सव में भागीदारी निभाने की तैयारी कर रहा है तो रामनगरी के 37 जातीय मंदिर भी इस बार दीपोत्सव में रोशन होंगे।

लंका विजय के बाद श्रीराम के अयोध्या लौटने की खुशी में दीपावली का आयोजन होता है। राम का यह वनवास तो मात्र 14 वर्ष

का था लेकिन रामलला को भव्य महल में विराजने के लिए पांच सदी का वनवास झेलना पड़ा। इसलिए अब, जब वह स्वप्न साकार हो चुका है जो कभी अकल्पनीय हो गया था, तो पूरी अयोध्या गदगद है।

अयोध्यावासी भी इस दीपोत्सव को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। दीपोत्सव जाति, धर्म की दीवारें भी तोड़ता नजर आएगा। दीपोत्सव के दिन पूरी अयोध्या अनुष्ठान मय होगी तो मठ-मंदिर, चौक-चौराहे, घाटों से लेकर घर-घर दीप जलेंगे। ये खुशी के दीप होंगे, रामनगरी की तरक्की के दीयों से अयोध्या रोशन होगी। साधु-संतों समेत हिंदू समाज तो उत्साहित है ही, मुस्लिम, सिख, जैन समाज भी दीपोत्सव में दीप जलाने की तैयारी में जुटे हैं।

निश्चित रूप से यह दीपोत्सव खास है। रामलला भव्य महल में विराजे हैं। यह उनकी पहली दिवाली है, उनका भव्य अभिनंदन करेंगे। खुशी में दरिद्रनारायण की सेवा करेंगे, यही राम की मर्यादा भी है। दीपोत्सव में गुरुद्वारा को आलोकित किया जाएगा, अखंड पाठ कर देश में सुख-शांति की कामना करेंगे। जैन मंदिर रायगंज के पीठाधीश स्वामी रवींद्र कीर्ति ने कहा कि अयोध्या जैन धर्म की भी शाश्वत तीर्थ भूमि है। प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव की जन्मभूमि भी है। राम सार्वकालिक हैं। दीपोत्सव ने अयोध्या को नई पहचान दी है। राममंदिर निर्माण से धर्म को बल मिला है। इस पुण्य अवसर पर पूरे जैनमंदिर को आलोकित करेंगे। 11 हजार दीप रोशन होंगे, अनुष्ठान होंगे, जरूरतमंदों की सेवा कर श्रीराम की मानवता का संदेश देंगे। पूर्व मुस्लिम पक्षकार इकबाल अंसारी ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए। राममंदिर बनने से अयोध्या में विकास हुआ है। दीपोत्सव ने भी पर्यटन को बढ़ावा दिया है, ऐसे उत्सव से अयोध्या की न सिर्फ कीर्ति बढ़ती है, बल्कि आर्थिक दृष्टि से अयोध्या लाभान्वित होती है। ये खुशी मनाने का ही समय है, हम भी दीप जलाएंगे, उल्लास प्रकट करेंगे।

मुरादाबाद में डेंगू का कहर: बुखार से पीड़ित दो छात्रों की जान गई, पांच दिन से लगातार तबीयत हो रही थी खराब

मुरादाबाद , एजेंसी। मुरादाबाद के नगरीय और ग्रामीण इलाके में बुखार का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। शनिवार को बुखार से पीड़ित दो छात्रों की जान चली गई है। दोनों को पांच दिन से पहले बुखार आया था, इलाज करने पर भी कोई राहत नहीं मिल सकी। कुंदरकी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर उधौ निवासी छात्र उस्मान (18) पुत्र रईस अहमद मुरादाबाद के हिंदू डिग्री कॉलेज में पढ़ रहा था और वह बीए प्रथम वर्ष का छात्र था।

बताते हैं कि पांच दिन पहले छात्र उस्मान को बुखार आया था। परिजनों ने सामान्य बुखार मानकर पहले स्थानीय डॉक्टर से इलाज कराया। आराम नहीं मिलने पर उसे मुरादाबाद ले गए। शनिवार को छात्र ने दम तोड़ दिया। वहीं मुरादाबाद-आगरा हाईवे से सटे ग्राम हुसैनपुर हमीर में कक्षा दो के छात्र डेविड (9) पुत्र राकेश उर्फ रिंकू की भी बुखार से मौत हो गई। डेविड की एक सप्ताह से तबीयत खराब चल रही थी। उसका मुरादाबाद के कई अस्पतालों में इलाज चला लेकिन जान नहीं बच सकी। मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। कुंदरकी क्षेत्र में मात्र चार दिन में ग्राम डोमघर, सीलपुर, इमरतपुर उधौ और हुसैनपुर हमीर में बुखार के प्रकोप से तीन छात्रों समेत चार लोगों की मौतें हो चुकी हैं।

बुखार आने पर जोड़ों में सूजन और दर्द शिकायत

कुंदरकी। तेज बुखार के साथ शरीर में दर्द और जोड़ों पर सूजन की शिकायत सामने आ रही है। प्लेटलेट्स डाउन हो रही हैं। कुंदरकी सीएचसी के अलावा डींगरपुर, रतनपुर कला, महलौली, मैनाठेर और हरियाना पीएचसी और हेल्थ एंव वेलनेस सेंटरों पर मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं निजी अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीज इलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं। कुंदरकी सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ बरतरिया का कहना कि मौसम बदल रहा है जिसके चलते वायरल का प्रकोप है इसलिए लोगों को अपने स्वास्थ्य को लेकर जरूरी सावधनियां बरतनी चाहिए, बदलते मौसम में लापरवाही स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है।

बंटेंगे तो कटेंगे के एजेंडे पर ही आगे बढ़ेगी भाजपा की सियासी रणनीति, उपचुनाव में भी दिखेगा इसका असर

लखनऊ, एजेंसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने साफ कर दिया है कि अब उसकी आगे की पूरी रणनीति बंटेंगे तो कटेंगे के एजेंडे पर ही आगे बढ़ेगी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंह से निकला यह नारा अब संघ परिवार के मुख्य एजेंडे का हिस्सा बन गया है।

उपचुनाव की सियासी सरगर्मियों के बीच संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने हिंदू एकता के लिए बंटेंगे तो कटेंगे के नारे को जिस तरह से समाज के लिए जरूरी बताया है, उससे यह भी साफ हो गया है कि भविष्य में उसकी सारी रणनीति और निर्णय इसी के इर्द-गिर्द रहेंगे। भाजपा भी इसी पर आगे बढ़ेगी और यूपी में 2027 की सियासी बिसात बिछेगी और इसी को केंद्र बनाकर हिंदुओं की एकता का अभियान भी चलेगा।

होसबाले ने संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक के बाद मथुरा में इस नारे को जिस प्रकार से प्रमुखता से उठाया है, उसके कई मायने हैं। इस बयान को लेकर विपक्ष के सवालों को खारिज करते हुए संघ परिवार इसको अलग तरीके से परिभाषित भी कर रहा है। संघ परिवार का कहना है कि योगी के इस बयान को एक सीमित दायरे में नहीं देखना चाहिए। संघ के एक उच्च पदाधिकारी कहते हैं इस बयान का सीधा सा अर्थ यह है कि यदि देश बंटेगा तो देश पर खतरा, समाज बंटेगा तो समाज पर खतरा और हिंदू बंटेगा तो हिंदुत्व पर खतरा होगा। उनका कहना है कि इस बयान की मंशा हिंदुत्व में एकता बनाए रखने की है। ऐसा होने से ही समाज एक रहेगा।

संघ के इस नजरिए का यूपी के सियासी परिप्रेक्ष्य में बहुत महत्व है। होसबाले के बयान से यह भी साफ हो गया है कि लोकसभा चुनाव

में कांग्रेस और विपक्ष के आरक्षण और संविधान बदलने के भ्रामक बयानों से हिंदू वोटों के बंटवारे ने संघ परिवार को गहरी चिंता में डाला है। यह चिंता समझी भी जा सकती है। संघ को सबसे गहरा आघात यह लगा है कि वर्षों की मेहनत के बाद हिंदुओं की सभी जातियों को जिस तरह से उन्होंने हिंदुत्व की माला में पिरोया था वह कैसे बिखर गई। जबकि इसी के सहारे 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव और 2017 व 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत हुई थी।

विपक्षी दलों द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव में हिंदुत्व में सेंध लगाने को संघ परिवार सामान्य बात नहीं मान रहा है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद से संघ परिवार बिखरी हिंदू जातियों को फिर से एकजुट करने की कोशिश में जुटा है। हरियाणा चुनाव से ठीक पहले सीएम योगी के बंटेंगे तो कटेंगे के बयान ने जिस तरह से हिंदुओं को फिर एकजुट करता दिखा है उसके बाद से ही भाजपा और संघ के लिए यह बयान और महत्वपूर्ण बन गया है। माना जा रहा है कि हरियाणा चुनाव में इसका खासा असर भी दिखा है।

संघ परिवार के सूत्रों की मानें तो सीएम योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे एजेंडे को पीएम मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के बाद अब सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने आगे बढ़ाकर बड़ा संदेश दिया है। इससे यह स्पष्ट हो गया कि शुरुआत से ही प्रखर हिंदुत्व का चेहरा रहे योगी आज भी संघ और भाजपा के लिए बड़े हिंदू ब्रांड हैं। मीडिया के सामने इस बयान पर अपना नजरिया स्पष्ट करके होसबाले ने यह भी साफ कर दिया है कि बटेंगे तो कटेंगे नारा न तो अकस्मात था और न ही संयोग, बल्कि संघ परिवार की रणनीति का हिस्सा है। इसे भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए हिंदुत्व के एजेंडे पर आगे बढ़ाया जाएगा। ऐसा करके संघ परिवार ने एक तरह से यह भी संदेश दिया है कि योगी का यह नारा संघ परिवार के भी एजेंडे का प्रमुख हिस्सा होगा।

तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, दो मजदूरों की मौतजपरिजनों का हंगामा, चालक फरार

कानपुर , एजेंसी। कानपुर के बिधनू में रविवार सुबह हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के सामने गिट्टी लदे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मेट्रो यार्ड के दो मजदूरों की मौत हो गई। परिजनों के मौके पर पहुंचने से बवाल की आशंका थी। इसके चलते पुलिस ने आनन फानन दोनों शवों को बिधनू सीएचसी भेज दिया। बिधनू के बांबीपुरवा गांव निवासी गंभीरे पासवान (30) और पड़ोसी गोपाल (25) नौबस्ता गल्लामंडी स्थित मेट्रो यार्ड में मजदूरी करते थे। रविवार सुबह गंभीरे और गोपाल एक ही बाइक से मेट्रो यार्ड काम पर जा रहे थे। मगरासा गांव के पास हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के सामने कानपुर की ओर जा रहे गिट्टी लदे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक समेत डंपर के पहिये के नीचे आ गए, जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद चालक डंपर मौके पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। बवाल की आशंका के चलते बिधनू, सेनपश्चिम पारा और घाटमपुर थाने की पुहुची पुलिस फोर्स ने दोनों शवों को आनन फानन हाईवे से हटाकर बिधनू सीएचसी भेज दिया।

तहरीर के आधार पर होगी अग्रिम कार्रवाई: गंभीरे का शव देख पत्नी निधि बेहोश होकर गिर पड़ी। वहीं, गोपाल की पत्नी रागनी मासूम बच्चों को लिए बदहवाश रोये जा रही थी। इस दौरान हाईवे के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया।

सपा प्रत्याशी रिजवान के रिश्तेदारों के क्लीनिक पर छापा, एक सील... दूसरे से दवाइयां जब्त

मुरादाबाद , एजेंसी। मुरादाबाद के थाना मैनाठेर के ताहरपुर और डींगरपुर में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुंदरकी सीट से सपा प्रत्याशी हाजी रिजवान के साढू जाकिर के क्लीनिक पर छापा मारकर दवाइयां जब्त कीं। वहीं जाकिर के बेटे डॉ. अब्दुल कादिर के क्लीनिक पर छापा मारकर उसे सील कर दिया।

डिप्टी सीएमओ का कहना है कि मामले की कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी गई है। शनिवार को तहसीलदार बिलारी सुदीप कुमार की अध्यक्षता में टीम गठित की गई थी। टीम ने शनिवार दोपहर ताहरपुर में एमजे जाकिर क्लीनिक पर छापा मारा। यहां पर कोई मरीज भर्ती नहीं मिला, लेकिन आईवी और एंटीबायोटिक दवाइयां व इंजेक्शन मिले।

टीम ने दवा आदि जब्त कर ली। डॉ. संजीव



बेलवाल ने बताया कि जाकिर क्लीनिक संचालित करते हैं। जाकिर ने अपनी योग्यता आरएमटी बताई। डॉ. संजीव बेलवाल का कहना है कि क्षेत्राधिकारी आयुर्वेदिक अमरदीप सिंह के अनुसार यह योग्यता अनाधिकृत है। चूंकि यह क्लीनिक जाकिर के घर में संचालित था, इसलिए क्लीनिक को सील नहीं किया गया है। यहां से सभी दवाइयां जब्त कर ली गई हैं। मामले की तहरीर थाने में दी गई है। इसके बाद टीम डींगरपुर कादरी क्लीनिक पर पहुंची। यहां पर क्लीनिक को हॉस्पिटल के रूप संचालित किया जा रहा था। इस हॉस्पिटल का पंजीकरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में नहीं है। डॉ. संजीव बेलवाल ने बताया कि डॉ. अब्दुल कादिर बिना पंजीकरण के कार्य कर रहे थे। इसकी वजह से आवेदन निरस्त कर दिया गया था। क्लीनिक को सील कर दिया। यहां पर मरीज भर्ती नहीं थे, लेकिन बिना योग्यता के चार युवतियां कार्य करती मिलीं। अब मामले में डॉ. अब्दुल कादिर को नोटिस जारी किया जाएगा।

राजधानी लखनऊ और मेरठ की हवा सबसे अधिक खराब, आगरा में राहत

आगरा, एजेंसी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित पांच बड़े शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स पर नजर डालें, तो कहीं राहत तो कहीं आफत नजर आ रही है। लखनऊ के तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र में एक्यूआई 220 पहुंच गया। वहीं मेरठ के भीम नगर क्षेत्र में एक्यूआई 237 दर्ज किया गया। आगरा की बात करें तो यहां बीते दिनों से राहत है।

लखनऊ की हवा हुई खराब

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक बृहस्पतिवार को लखनऊ का एक्यूआई 106 रहा, लेकिन राजधानी के 6 मॉनिटरिंग सेंटरों में से तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र में सबसे ज्यादा प्रदूषण रिकॉर्ड किया गया। तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र में एक्यूआई 202 पर पहुंच गया। व्यावसायिक केंद्र होने के साथ यहां वाहनों से निकलने वाला प्रदूषण ज्यादा है। आगरा में पिछले कुछ दिनों से शहर की हवा काफी खराब थी। संजय प्लेस का एयर क्वालिटी इंडेक्स 303 पर पहुंच गया था, जो मंगलवार को 168 रहा। इसके अलावा आवास विकास कॉलोनी में 128, शाहगंज में 118, शास्त्रीपुरम में 146 और रोहता में 136 रहा।

कानपुर और गोरखपुर

कानपुर में आज का वायु गुणवत्ता सूचकांक के आंकड़ों पर नजर डालें, तो सबकुछ अच्छा है। एफटीआई किदवई नगर का एक्यूआई 64, नेहरू नगर का 56 और एनएसआई कल्याणपुर का एक्यूआई 81 है। वहीं गोरखपुर की बात करें तो यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 122 है।

मेरठ की हवा का हाल

मेरठ के तीन मॉनिटरिंग सेंटरों में से भीम नगर क्षेत्र में एक्यूआई 237 दर्ज किया गया। वहीं गंगानगर का 112 और पल्लवपुरम फेस-2 में एक्यूआई 199 दर्ज किया गया।

देशभर में बेचता था फर्जी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, इस राज्य में छिपा था सरगना- गिरफ्तार

गोरखपुर , एजेंसी। कोतवाली थाने की पुलिस ने राजस्थान के जयपुर से फर्जी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बनाकर देश भर में बेचने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड शांतिनगर में रहने वाले संजय गर्ग को गिरफ्तार किया। आरोपी को 48 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर लेकर शनिवार को पुलिस गोरखपुर पहुंची। उसके मोबाइल के व्हाट्सएप नंबर की जांच करने पर पता चला कि वह हरियाणा, मुंबई, राजस्थान, दिल्ली, यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़, नागालैंड और पंजाब समेत अन्य राज्यों में फर्जी नंबर प्लेट बनाकर भेजता है। दरअसल, लखनऊ की रोसमेर्टा सेफ्टी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को प्रदेश में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बनाने का ठेका मिला है। कंपनी के पास कई दिनों से गोरखपुर से फर्जी नंबर प्लेट की शिकायत आ रही थी। कंपनी के रीजनल हेड मो. सारिक ने कोतवाली थाने में 31 जुलाई को केस दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने अलीनगर की एक दुकान पर छापा मारकर रसूलपुर निवासी एहसान अली को गिरफ्तार किया। एहसान ने ही पुलिस को बताया था कि जयपुर के व्यक्ति के पास गाड़ी का नंबर वाट्सएप करने पर वह कोरियर के माध्यम से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट तैयार कर भेजता था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

संक्षिप्त समाचार

इस दिवाली हंगामा आपके लिए ला रहा है 'चेकमेट'

मुंबई। भारत के सबसे बेहतरीन डिजिटल प्लैटफ़ॉर्म में शुमार हंगामा इस दिवाली के मौके पर दर्शकों के लिए अपनी नई ओरिजनल हिंदी सीरीज 'चेकमेट' रिलीज करने जा रहा है। यह एक क्राइम-सस्पेंस सीरीज है जिसमें जिसमें दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ाने वाली और उन्हें शुरू से लेकर आखिर तक जोड़े रखने वाली कहानी है। इस सीरीज में न्यारा बनर्जी अहम भूमिका निभाने जा रही हैं और उनके साथ अन्य कलाकारों में शालीन मल्होत्रा, रोहित खण्डेलवाल, राहुल जगताप और आफ़रीन अल्वी हैं। इस सीरीज की कहानी में रहस्य, भावनाप्रधान दृश्य और हैरतअंगेज मोड़ हैं जिससे दर्शकों में सीरीज के साथ बने रहने की दिलचस्पी पैदा होती है। चेकमेट एक सामान्य हाउसवाइफ की कहानी है और इस किरदार को न्यारा बनर्जी ने निभाया है। इस किरदार को एक पुलिस अधिकारी मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) से बचाता है और बाद में वह इस अधिकारी से ही शादी कर लेती है। यह अधिकारी ईमानदार है या नहीं यह एक राज है। शादी के बाद वह एक ऐसी दुनिया में कैद हो जाती है जहां उसे पति की हर बात मानना है और चुप रहना है। उसे बड़ा धक्का तब लगता है जब उसे पता चलता है कि उसका पति उसे जान से मारने की साजिश रच रहा है। खुद को बचाने की कोशिश में वह अपने पति को मार देती है। जब वह घर लौटती है तो पाती है कि उसकी ज़िंदगी पूरी तरह उलट-पलट गई है। एक नया व्यक्ति जिसे वह जानती तक नहीं है अब वह खुद को उसका पति बता रहा है।

कलर्स के कलाकारों ने अपनी दिवाली की यादों और उत्सव के बारे में बात की

मुंबई। कलर्स के 'मेरा बलम थानेदार' में वीर की भूमिका निभा रहे शगुन पांडे ने कहा, यह दिवाली मेरे लिए थोड़ी अलग होगी, क्योंकि मैं मेरा बलम थानेदार की शूटिंग के कारण अपने परिवार से दूर रहूंगा। बचपन में, दिवाली का पूरी तरह से मतलब होता था परिवार, मेरी बहन के साथ घर को सजाना, मेरे पिता के साथ दीये जलाना, और घर में बनी ढेर सारी मिठाइयां खाना। मेरी बहन और मेरे बीच हमेशा इस बात को लेकर दोस्ताना प्रतिस्पर्धा होती थी कि कौन सबसे अच्छी रंगोली बना सकता है, और इस साल मुझे वाकई इसकी याद आएगी। लेकिन यह दिवाली भी खास है क्योंकि शो में मेरे किरदार को आखिरकार अपनी वर्दी वापस मिल जाएगी, जिससे यह सेट पर गर्व और जश्न का पल बन जाएगा। भले ही मैं अपने परिवार के साथ नहीं हूं, लेकिन मैं ऑन-स्क्रीन और ऑफ़-स्क्रीन अपना पसंदीदा त्योहार मनाऊंगा। सभी को आनंदमय, शुभ, और पर्यावरण के प्रति जागरूक दिवाली की शुभकामनाएं! कलर्स के शो 'सुमन इंदौरी' में सुमन की भूमिका निभा रही अश्नूर कौर कहती हैं, दिवाली हमेशा सकारात्मकता, उत्साह और खुशी की भावना लेकर आती है! इस साल, चूंकि मैं अपने शो सुमन इंदौरी की शूटिंग कर रही हूं, इसलिए मैं अपने नए ऑनस्क्रीन परिवार के साथ जश्न मनाने और नई यादें बनाने के लिए रोमांचित हूं। कलर्स के 'दुर्गा' में दुर्गा की भूमिका निभा रही प्रणाली राठौड़ ने कहा, दिवाली की मेरे दिल में खास जगह है, ऑनस्क्रीन भी और ऑफ़स्क्रीन भी। 'दुर्गा' में दिवाली सीक्वेंस की शूटिंग करने का अनुभव वाकई सार्थक रहा है, क्योंकि हम कुछ अनोखा और अलग प्रस्तुत करने वाले हैं जो हर आगामी एपिसोड में दर्शकों को हैरान कर देगा।

छत्तीसगढ़ में अगले 48 घंटे में दिखेगा साइक्लोन दाना का असर

रायपुर, एजेंसी। भारतीय मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि आने वाले 48 घंटों में छत्तीसगढ़ राज्य के कुछ जिलों में चक्रवाती तूफान दाना का असर देखने को मिल सकता है। राज्य के कुछ जिलों में बारिश, बिजली चमकने की घटनाओं के साथ-साथ तूफान की घटनाएं देखने को मिल सकती हैं। चक्रवात अब उत्तरी उड़ीसा के तट से होते हुए धीरे-धीरे 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार तूफान दाना के आगे बढ़ने के क्रम में पूर्वी जिले भी इससे प्रभावित हो सकते हैं। इन जिलों में सुरगुजा और बिलासपुर शामिल है। यहां दाना के कारण हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। इस कारण आने वाले दिनों में धीरे-धीरे तापमान में भी कमी देखने को मिल सकती है।

एकनाथ शिंदे को लग सकता है झटका, चुनाव जीतने पर भी नहीं बनेंगे सीएम

भाजपा ने दिया नया फॉर्मूला

मुंबई, एजेंसी।
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सहयोगी दलों को उनकी मर्जी के अनुसार सीटें देने के साथ भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि अगली बार सत्ता में आने पर मुख्यमंत्री सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले दल का ही होगा। यह भी स्पष्ट है कि भाजपा की तरफ से देवेंद्र फडणवीस इसके दावेदार होंगे। भाजपा और महायुति गठबंधन के अन्य दलों ने चुनाव में मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा नहीं की है, लेकिन चुनाव गठबंधन में शिवसेना नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ ही लड़ा जा रहा है। दो दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे और एनसीपी नेता उपमुख्यमंत्री अजित पवार और भाजपा नेता फडणवीस के साथ लंबी चर्चा की थी। इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। राज्य में भाजपा ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसके ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद है, ऐसे में भाजपा ने संकेतों के जरिये साफ कर दिया है कि गठबंधन सरकार में मुख्यमंत्री उसी का होगा। क्योंकि भाजपा फडणवीस के नेतृत्व में चुनावी मैदान में है, इसलिए पहले भी मुख्यमंत्री रह चुके फडणवीस गठबंधन की जीत के बाद फिर मुख्यमंत्री हो सकते हैं। चुनाव के बाद अंतिम फैसला सूत्रों के अनुसार फॉर्मूले की ही वजह से भाजपा के दोनों सहयोगी दलों ने ज्यादा सीटों की मांग की है। अगर भाजपा का प्रदर्शन खराब रहता है और कम सीटें जीतती है तो सहयोगी दलों के तरफ से भी मुख्यमंत्री पद की दावेदारी की जा सकती है। हालांकि, इसमें एक बात जरूर छोड़ी गई है कि चुनाव बाद की राजनीतिक स्थितियों को ध्यान में रखकर गठबंधन फैसला करेगा, जो सबको स्वीकार होगा। गठबंधन कुछ कमजोर पड़ता है और जोड़-तोड़ की जरूरत पड़ती है या नए समीकरण बनते हैं तब हालात बदल सकते हैं। अभी जो तय किया गया है वह मौजूदा चुनाव को देखते हुए है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन फिर से राज्य में अपनी सरकार बनने का दावा कर रहा है।

हिमाचल में खाई में गिरी कार, शादी से लौटते वक्त हुआ भीषण हादसा; पांच की मौत

मंडी, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के मंडी में भीषण कार हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। घटना देर रात शादी समारोह से लौट रहे लोगों के साथ चौहारीघाट के वर्झन इलाके में घटी। देर रात कार करीब 700 मीटर खाई में जा गिरी और सभी लोगों की जान चली गई। कार में सवार सभी युवक धमच्याण गांव के रहने वाले थे। चार लोगों की उम्र करीब 25-30 साल के बीच थी। वहीं एक की उम्र करीब 16 साल थी। मंडी की एसपी साक्षी वर्मा ने बताया कि सभी लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बारे में सुबह जानकारी मिली। लोगों ने सवेरे सड़क से करीब 700 मीटर नीचे खाई में कार को पड़ा देखा तो इलाके में हलचल होने लगी। आसपास के लोगों ने इसके बारे में पुलिस को सूचित किया तो टिक्कन पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और हालात को समझा। क्षत-विक्षत हालत में पड़े शवों को पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से वहां से बाहर निकाला। मृतकों की पहचान राजेश, गंगू, कर्ण, सागर और अजय के तौर पर हुई है।बताया गया कि इनमें से चार लोगों की उम्र करीब 25-30 साल के बीच है वहीं एक की उम्र इन सभी में सबसे कम थी।

उदयपुर एयरपोर्ट से विंटर शेड्यूल जारी, उड़ेंगी 28 फ्लाइट्स

उदयपुर, एजेंसी।
राजस्थान के उदयपुर में पर्यटकों की सुविधा के लिए एयर कनेक्टिविटी में भी इजाफा किया गया है। उदयपुर की हवाई यात्रा 27 अक्टूबर से विंटर शेड्यूल लागू हो गया है। अब उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट के ज्यादा उड़ाने मिलेगी। लेकिन, शहर वाली है जो समर शेड्यूल में रखे गए थे। जबकि, उदयपुर को अन्य शहरों से जोड़ने की भी मांग की जा रही थी। हालांकि, मुख्य शहरों की फ्लाइट में बढ़ोतरी करने से फायदा भी होगा। विंटर शेड्यूल 29 मार्च तक जारी रहेगा।

नए शेड्यूल में 8 शहरों के लिए 28 संभावित उड़ाने मिली है, इसमें उदयपुर से दिल्ली, मुंबई, जयपुर, अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, हैदराबाद और बैंगलुरु की उड़ाने होंगी। सबसे अधिक टूरिस्ट गुजरात से उदयपुर आते हैं। इसके बाद दिल्ली, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से सबसे ज्यादा पर्यटक आते हैं। इन्हीं पर्यटकों को सुविधाएं देने के लिए फ्लाइट की संख्या बढ़ाई गई है। लेकिन, शहरों को संख्या नहीं बढ़ाई है। समर शेड्यूल में इन्हीं 8 शहरों के लिए 17 उड़ाने थीं। यहां से पुणे, अयोध्या और औरंगाबाद के लिए मांग की जा रही है।

उदयपुर से समर शेड्यूल में 8 शहरों के लिए उड़ाने थीं।लेकिन, सभी में रोजाना फ्लाइट नहीं थी। अब विंटर शेड्यूल में 8 शहरों के लिए चालू होने वाली बड़ी हुई फ्लाइट में 6 शहरों के लिए रोजाना है। विंटर सीजन में रोजाना फ्लाइट होने से पैसेंजर को फायदा होगा। इनमें दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, हैदराबाद, बैंगलुरु और मुंबई के लिए रोजाना फ्लाइट होगी। मुंबई के लिए 7 और दिल्ली के लिए 10 फ्लाइट हैं। भोपाल के लिए मंगलवार और गुरुवार को, इंदौर के लिए सप्ताह में 4 दिन चलेगी। वहीं बैंगलुरु के लिए प्रतिदिन दो फ्लाइट मिलेंगी।

हिमाचल में शुष्क मौसम के बीच बदलाव की दिखी उम्मीद

शिमला , एजेंसी।
मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में हिमाचल के मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। राज्य के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में जैसे लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चम्बा जिलों के ऊपरी हिस्सों में बर्फबारी का नजारा देखने को मिल सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने राज्य के उच्च पर्वतीय स्थानों पर आगामी 29 अक्टूबर को बर्फ़बारी की संभावना जताई है। हालांकि राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम में कोई बदलाव नहीं आएगा और शुष्क मौसम का दौर जारी रहेगा।

शुष्क मौसम के बीच इस दिन हल्की बर्फबारी के आसार: आगामी दो नवंबर तक प्रदेश के मैदानी व मध्यवर्ती इलाकों में मौसम साफ रहेगा। अक्टूबर महीने में हिमाचल में न के बराबर बारिश-बर्फबारी हुई है। इस महीने सामान्य से 97 फीसदी कम वर्षा हुई है। बादलों के न बरसने से गेहूं सहित अन्य फसलों की बिजाई के कार्य में विलंब हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी सप्ताह राज्य के अधिकतर हिस्सों में मौसम के शुष्क बने रहने के आसार हैं। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। जबकि अन्य दिनों में इन इलाकों में मौसम साफ रहेगा।

लाहौल-स्पीति का पारा शून्य के नीचे, ताबो सबसे ठंडा स्थल: राज्य में शुष्क मौसम की वजह से दिन में मौसम खुशनुमा बना हुआ है। मैदानी व निचले जिलों में दिन का पारा 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है। हालांकि न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से रात में ठंड बढ़ रही है। जनजातीय क्षेत्रों में पारा शून्य के नीचे बना हुआ है। रविवार को लाहौल-स्पीति जिला का ताबो सबसे ठंडा स्थल रहा, जहां न्यूनतम तापमान -0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा लाहौल-स्पीति जिला के कुकुमसेरी में 1.4 डिग्री, केलांग में 3.7 डिग्री, समधो में 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं दूसरे जनजातीय जिला किन्नौर की बात करें, तो कल्पा में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री व रिकांगपिओ में 9.9 डिग्री सेल्यिस रहा।

मनाली में भी बढ़ी ठंड, शिमला की रातें मैदानी इलाकों से गर्म: विख्यात पर्यटन नगरी मनाली में भी भीषण ठंड पड़ रही है और यहां पारा 6.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। जबकि पर्यअन स्थल व राजधानी शिमला की रातें मैदानी इलाकों से गर्म हैं। शिमला की तुलना में मैदानी जिलों हमीरपुर, बिलासपुर, व ऊना में ज्यादा ठंड है। शिमला में रविवार को रात का पारा 12.6 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं सुंदरनगर में 9.7 डिगी, भुंतर में 8.4 डिग्री, धर्मशाला में 14.5 डिग्री, उना में 11.8 डिग्री, पालमपुर में 11 डिग्री, नाहन में 18 डिग्री, सोलन में 9.5 डिग्री, कांगड़ा में 13.4 डिग्री, मंडी में 13.1 डिग्री, बिलासपुर में 13.7 डिग्री, हमीरपुर में 13.4 डिग्री, चंबा में 11.7 डिग्री, डलहौजी में 16.4 डिग्री, कुफरी में 12.7 डिग्री, नारकंडा में 10.5 डिग्री, भरमौर में 12.5 डिग्री, धौलाकूआं में 17.3 डिग्री, बरठीं में 11.9 डिग्री, कसौली में 15.2 डिग्री, पांवटा साहिब में 20 डिग्री, सराहन में 9 डिग्री, देहरा गोपीपुर में 16 डिग्री, मशोबरा में 12.8 डिग्री, नेरी में 17.8 डिग्री, सैंज में 10.1 डिग्री और बजुआरा में 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

किरोड़ी लाल मीणा महिलाओं संग नाचे, लोक गीतों पर जमकर लगाए ठुमके

जयपुर, एजेंसी।
राजस्थान में विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार चरम पर है। छोटे भाई जगमोहन मीणा के लिए वोट मांगने पहुंचे कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने जमकर ठुमके लगाए। शनिवार की रात को दौसा में भाजपा प्रत्याशी के लिए डोर-टू-डोर कैंपेनिंग करने मंत्री पहुंचे थे। तभी गांव की महिलाओं ने उनसे डांस की फरमाइश कर दी।

शनिवार की रात को दौसा में भाजपा प्रत्याशी के लिए डोर-टू-डोर कैंपेनिंग करने मंत्री पहुंचे थे। तभी गांव की महिलाओं ने उनसे डांस की फरमाइश कर दी। उल्लेखनीय है कि डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के छोटे भाई जगमोहन मीणा दौसा विधानसभा से उप-चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी हैं। किरोड़ी लाल मीणा ढाणी गांव में भाई के लिए वोट मांगने गए। महिलाओं के साथ ठुमके लगाए। महिलाओं ने लोक गीत गया, किरोड़ी बाबा है सोने चीजज्सोशल मीडिया पर किरोड़ी के डांस का वीडियो वायरल हो रहा है।

दौसा से कांग्रेस प्रत्याशी डीसी बैरवा ने नामांकन किया। इस दौरान चुनावी सभा भी की। पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा ने गमछा घुमाकर कर डांस कर महफ़िल लूटी थी। 42 सेकेंड के इस वीडियो की शुरुआत दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा से गले मिलते हुए होती है। इसके बाद एमपी अपने गले से गमछा निकालकर डोटासरा को देने लगते हैं और उनसे डांस करने के लिए कहते हैं। लेकिन डोटासरा हंसते हुए मना करके अपने कुर्सी पर जाकर बैठ जाते हैं।

यह नजारा देख मंच पर बैठे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मुस्कुराने लगते हैं। इसके बाद वे डोटासरा से स्टेज पर जाकर डांस करने के लिए कहते हैं। पहले तो डोटासरा मना करते हैं। लेकिन बाद में गहलोत उनके रंग-बिरंगे गमछे पर हाथ लगाकर डांस करने के लिए कहते हैं। लेकिन इसी दौरान गाना बंद हो जाता है, और स्टेज पर अशोक गहलोत को अपनी बात रखने के लिए बुलाया जाता है। तभी मुरारी लाल मीणा इशारा करके गाना वापस शुरू करवा देते हैं, जिसके बाद गहलोत वापस डोटासरा से डांस करने के लिए कहते हैं।

गाजियाबाद में 4 जगहों पर गरजे बुलडोजर, अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त; आगे भी होगा ऐक्शन

गाजियाबाद , एजेंसी। गाजियाबाद में शनिवार को 4 जगहों पर बुलडोजर गरजे और कई अवैध निर्माण में तोड़फोड़ की। प्रशासन ने आगे भी ऐक्शन जारी रहने की बात कही है। सबसे बड़ी कार्रवाई डासना क्षेत्र में की गई। यहां 20 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया। बुलडोजर चलाकर उसकी रोड पूरी तरह तोड़ दी गई। सीवर लाइन, दीवार को भी ध्वस्त कर दिया गया।

जीडीए के प्रवर्तन जोन पांच टीम डासना पहुंचीं, जहां उन्होंने खसरा संख्या 1127 पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। यहां करीब 20 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। प्राधिकरण की टीम ने यहां निर्मित सड़क, सीवर लाइन व ब्रिकवॉल को ध्वस्त कर दिया। फिर टीम महरौली गांव पहुंची, जहां खसरा संख्या 974 पर अवैध व्यावसायिक इमारत को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों के अनुसार अवैध निर्माण करने वालों पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी। अवैध निर्माण को ध्वस्त किया वसुंधरा में रातोंरात चार भूखंडों पर अवैध निर्माण कर लिया गया। शुक्रवार शाम को आवास एवं विकास परिषद की टीम चारों इमारतों पर बुलडोजर चलाकर नक्शे के विपरीत हुए अवैध निर्माण को गिराया। परिषद के अधिकारियों के मुताबिक बीते दिनों दशहरा व रामनवमी की छुट्टी थी। इसी दौरान वसुंधरा सेक्टर एक व तीन में रातोंरात अवैध निर्माण कर लिया गया। निरीक्षण कर इन्हें नोटिस दिया गया था। मगर भूखंडों पर किया अवैध निर्माण नहीं हटाया गया। इसीलिए शुक्रवार शाम को परिषद के प्रवर्तन दल ने चारों जगहों पर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। साथ ही चेतावनी दी कि दोबारा ऐसा करने पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

फ्लैट के 10% दाम देने के बाद खरीदार को नहीं मिलेगा धोखा, नोएडा प्राधिकरण का फैसला

नोएडा , एजेंसी।
नोएडा में बिल्डर फ्लैट खरीदारों के साथ फ्लैट निरस्त करने, दूसरा फ्लैट देने जैसी गड़बड़ी नहीं कर सकेंगे। इसके लिए नोएडा में एग्रीमेंट टू सेल व्यवस्था लागू की गई है। इसमें फ्लैट खरीदार बिल्डर को कुल कीमत का 10 प्रतिशत पैसा देते ही एग्रीमेंट टू सेल करा सकेंगे। इसके बाद प्राधिकरण जब संबंधित परियोजना को अधिभोग प्रमाण पत्र जारी कर देगा और बकाया ले लेगा, उस समय फ्लैट की पूरी तरह रजिस्ट्री हो जाएगी। यह व्यवस्था ग्रुप हाउसिंग के नए आवंटन पर लागू होगी। यह निर्णय शनिवार को नोएडा प्राधिकरण की 215वीं बोर्ड बैठक में लिया गया।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि रेरा अधिनियम के प्रावधान के अनुसार नोएडा प्राधिकरण ने फ्लैट खरीदारों के हित में एग्रीमेंट टू सेल कराने का निर्णय लिया है। फ्लैट की कीमत पर पांच प्रतिशत स्टांप ड्यूटी देते हुए इस एग्रीमेंट को निबंधन विभाग में रजिस्टर्ड कराना होगा। नोएडा प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग की नई परियोजनाओं के लिए एग्रीमेंट टू सेल (ब्रिकी समझौता) के नए नियम को हरी झंडी दी। महत्वपूर्ण यह है कि सरकार को इससे जल्द स्टांप का पैसा तो मिल जाएगा, लेकिन फ्लैट खरीदारों पर अधिक आर्थिक बोझ पड़ेगा। खरीदारों को एक ही फ्लैट की दो बार रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी।

इसके अलावा अतिरिक्त स्टांप फीस भी चुकानी होगा। फ्लैट खरीदारों की संस्था का कहना है कि एग्रीमेंट टू सेल के समय स्टांप फीस व रजिस्ट्रेशन फीस लिया जाना गलत है। इससे खरीदारों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। प्राधिकरण की तरफ से जल्द बिल्डरों के लिए ग्रुप हाउसिंग योजना लाई जा रही है। इन योजनाओं में फ्लैट बुक कराने वाले खरीदार जब फ्लैट की कुल कीमत का 10 प्रतिशत पैसा बिल्डर को दे देंगे तो उनको बिल्डर को उनके नाम एग्रीमेंट टू सेल करना होगा। एग्रीमेंट टू सेल के समय फ्लैट की कुल कीमत के हिसाब से पांच प्रतिशत स्टांप फीस व एक प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस जमा करनी होगी। इसके बाद जब संबंधित परियोजना पूरी हो जाएगी, उस समय फ्लैट की ठीक पूरी प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्री होगी। रजिस्ट्री के समय भी खरीदार को फ्लैट की कीमत के हिसाब से एक प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस दोबारा से देनी होगी। इसके अलावा अगर उस समय तक संबंधित एरिया का सर्किल रेट बढ़ गया होगा तो स्टांप का अंतर भी देना होगा। इससे फ्लैट खरीदारों पर दोहरा आर्थिक बोझ पड़ेगा। अभी फ्लैट खरीदने बाद खरीदार और बिल्डर के बीच 100 रुपये के स्टांप पेपर पर एग्रीमेंट हो जाता है। इसको निबंधन विभाग में भी पंजीकृत नहीं कराया जाता है। ऐसे समझें खरीदार ने किसी परियोजना में एक करोड़ रुपये का फ्लैट खरीदा है। फ्लैट बुक करते समय खरीदार ने बिल्डर को दस प्रतिशत राशि के रूप में 10 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद बिल्डर और खरीदार के बीच एग्रीमेंट टू सेल होगा। एग्रीमेंट टू सेल कराते समय फ्लैट की कीमत 1 करोड़ रुपये के हिसाब से 5 प्रतिशत स्टांप फीस यानि 5 लाख रुपये देने होंगे। इसके अलावा फ्लैट की कीमत 1 करोड़ के हिसाब से 1 प्रतिशत राशि यानि एक 1 लाख रुपये पंजीकरण राशि के रूप में देने होंगे। ऐसे में एग्रीमेंट टू सेल कराते समय खरीदार को 6 लाख रुपये खर्च करने होंगे। इसके बाद जब भी फ्लैट की रजिस्ट्री होगी, उस समय दोबारा से ये शुल्क देना होगा। अगर उस समय संबंधित एरिया का सर्किल रेट वही है तो 1 लाख रुपये दोबारा रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में देने होंगे। अगर सर्किल रेट बढ़ गया तो वह अंतर वाली राशि देनी होगी। इसका असर रजिस्ट्रेशन फीस पर भी पड़ेगा।

तत्कालीन डीएम बीएन सिंह ने वर्ष 2019-20 के दौरान फ्लैट खरीदारों की सहूलियत के लिए एग्रीमेंट टू सेल की व्यवस्था कराई थी। उस समय कुछ फ्लैट व व्यावसायिक संपत्ति का एग्रीमेंट टू सेल भी हुआ था, लेकिन उनके हटते ही यह प्रक्रिया बंद हो गई। खास बात यह है कि उस समय रजिस्ट्रेशन फीस अधिकतम 20 हजार रुपये ही थी। ऐसे में खरीदारों पर ज्यादा आर्थिक बोझ नहीं पड़ रहा था। नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा, प्राधिकरण के इस निर्णय का विरोध करते हैं। एग्रीमेंट टू सेल के समय पूरी स्टांप फीस न लेकर 20-25 हजार रुपये ही लिए जाएं। शुरुआत में ही खरीदारों पर बोझ न डाला जाए। बाद में रजिस्ट्री के समय इस राशि को समायोजित कर लिया जाए। नेफोमा अध्यक्ष अन्नू खान ने कहा, एग्रीमेंट टू सेल कराते समय स्टांप फीस नहीं लिया जाना चाहिए। अगर बाद में बिल्डर ने प्राधिकरण का बकाया नहीं दिया तो प्राधिकरण रजिस्ट्री की अनुमति देगा नहीं। इससे रजिस्ट्री अटकी रहेगी। इसके अलावा बिल्डर भाग गया तो परियोजना अधूरी रह जाएगी।

दिवाली वाले दिन पता चलेगा आईपीएल टीमें किन-किन खिलाड़ियों को करेगी रिटेन

नईदिल्ली, एजेंसी। बीसीसीआई ने आईपीएल की सभी 10 टीमों को अगले सीजन के लिए खिलाड़ियों को रिटेन करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर तक की दी है। 31 तारीख तक सभी टीमें रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की सूची बीसीसीआई को सौंप देगी। 31 अक्टूबर को दीवाली है और इस दिन ही क्रिकेट फैंस को पता चल पाएगा कि किस टीम ने किस खिलाड़ी को रिटेन किया और किसे बाहर किया।

अब सवाल ये है कि इसका पता क्रिकेट फैंस को कैसे पता चलेगा तो चलिए इसके बारे में हम आपको बताते हैं। आईपीएल 2025 के लिए रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों के बारे में पूरी जानकारी जियो सिनेमा पर दी जाएगी। जियो सिनेमा पर 31 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे से इसके लिए विशेष कार्यक्रम पेश किया जाएगा और इसके जरिए पूरी जानकारी सबको उपलब्ध हो पाएगी। इसके जरिए खेल प्रशंसकों को आसानी से पता चल जाएगा कि किसे रिटेन किया गया है और किसे रिलीज किया जा रहा है।

फ्रेंचाइजियों के लिए अपने खिलाड़ियों को रिटेन करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। टीमों को अधिकतम 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई है, जिनकी कीमत क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे रिटेंशन के लिए 18 करोड़ रुपये, 14 करोड़ रुपये और 11 करोड़ रुपये है। वहीं चौथे रिटेंशन के लिए भी 18 करोड़ जबकि पांचवें रिटेंशन के लिए भी 14 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एक खिलाड़ी को कोई भी टीम अनकैप्ड प्लेयर के रूप में रिटेन कर सकती है जिसके लिए 4 करोड़ रुपये की अनुमति दी गई है।

आईपीएल 2025 रिटेंशन लाइव स्ट्रीमिंग की पूरी डिटेल

क्रिकेट फैंस जियो सिनेमा ऐप और वेबसाइट पर इंडियन प्रीमियर लीग 2025 रिटेंशन की मुफ्त लाइव स्ट्रीमिंग का आनंद ले सकते हैं। जियो सिनेमा ने 31 अक्टूबर को अपने प्लेटफॉर्म पर इस इवेंट को मुफ्त में देखने की घोषणा की है।

आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी कब होगी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। हालांकि यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह नवंबर के अंत या दिसंबर की शुरुआत में होगी।

ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी को तीन सेकेंड के भीतर दिखाया गया लाल कार्ड

साओ पाउलो, एजेंसी। ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी को शीर्ष डिविजन मुकाबले में दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए मैच शुरू होने के तीन सेकेंड के भीतर लाल कार्ड दिखाया गया। क्रुजेइरो के राफा सिल्वा ने एथलेटिको पेरेनाएंसे के केइके रोचा को मैच शुरू होते ही कोहनी मारी जिससे टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

रैफरी रोड्रिगो जोस परेरा डि लिमा ने क्रुजेइरो के 32 साल के खिलाड़ी सिल्वा को लाल कार्ड दिखाया जो फुटबॉल के इतिहास में सबसे जल्दी दिखाए गए लाल कार्ड में से एक है। क्रुजेइरो को इस मैच में 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

डब्ल्यूटीटी चैम्पियंसः

मनिका बत्रा का सफर क्वार्टर फाइनल में हुआ समाप्त

नईदिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी, लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट में सफर क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। मनिका को क्वार्टर फाइनल में चीन की कियान टियानयी के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। मनिका से इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन दुनिया की 30वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी को सिर्फ 25 मिनट में टियानयी के खिलाफ 8-11, 8-11, 10-12 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी, लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। डब्ल्यूटीटी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मनिका ने शुक्रवार को दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बर्नाडेट जोक्स को 11-9, 6-11, 13-11, 11-9 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई थी।

टियानयी ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में उलटफेर करते हुए दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी और शीर्ष वरीय हमवतन यिडी वैंग को 11-7, 11-9, 13-11 से शिकस्त दी थी। डब्ल्यूटीटी में हिस्सा ले रहीं एक अन्य भारतीय दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी श्रीजा अकुला को पहले दौर में ही दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी पुएर्टो रिको की एड्रियाना डियाज ने 6-11, 11-7, 11-1, 8-11, 11-8 से हराया था।

शमी की अनुपस्थिति बड़ा झटका, लेकिन भारत के रिजर्व तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगे: मैकडोनाल्ड

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि अगले महीने से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान भारत को मोहम्मद शमी की बहुत कमी खलेगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह लेने वाले तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगी। शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खेलगी। भारत ने दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है।

तेज गेंदबाज आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा को भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। तेज गेंदबाजी विभाग की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'लेकिन हम जानते हैं कि पिछली बार क्या हुआ था। उनके रिजर्व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, इसलिए उनके खिलाड़ियों को बिल्कुल भी कम करके नहीं आंका जा सकता है।

अंडर-23 विश्व चैंपियनशिपः

अंडर-23 विश्व कुश्ती में अंजलि ने जीता रजत, चिराग फाइनल में पहुंचे

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला पहलवान अंजलि ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के 59 भारवर्ग में रजत पदक हासिल किया। वहीं, फ्री स्टाइल में चिराग ने 55 किग्रा भारवर्ग में कम से कम रजत पदक तय कर दिया है।

नेहा शर्मा (57 भारवर्ग), शिक्षा (65) और मोनिका (68 भारवर्ग) कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। नेहा और मोनिका ने चीन और शिक्षा ने जापान की पहलवान को हराया। ग्रीको रोमन में रामचंद्र मोरे (55 भारवर्ग) ने भी कांस्य पदक अपनी झोली में डाला।

सेमीफाइनल में इअली की अयुरोरा को चित करने वालीं अंजलि फाइनल में यूक्रेन की सोलामिया से अंकों के आधार पर हार गईं। चिराग का फाइनल में किर्गिस्तान के अबदीमलिक काराचोव से मुकाबला होगा। अठारह साल के चिराग ने लगातार तीन कुश्तियां जीतकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है। अभिषेक गुप्ता (61 भारवर्ग), सुजीत (70 भारवर्ग) भी कांस्य की होड़ में हैं।

लुईस का शतक, वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम वनडे में श्रीलंका को हराया

पाल्लेकल (श्रीलंका), एजेंसी। एविन लुईस के नाबाद 102 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने शनिवार को वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। श्रीलंका ने 2-1 से श्रृंखला जीती। वर्ष 2021 से अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे लुईस ने छक्के के साथ 61 गेंद में अपना पांचवां शतक पूरा किया और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस सलामी बल्लेबाज ने 51 रन के स्कोर पर टखना मुड़ने के बावजूद खेलना जारी रखा। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 156 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद बारिश के कारण पांच घंटे खेल रुका रहा और मैच को 23 ओवर का कर दिया गया। वेस्टइंडीज को 195 रन का लक्ष्य मिला और टीम ने 22 ओवर में दो विकेट पर 196 रन बनाकर जीत दर्ज की।

श्रीलंका को जीवनदान पाने वाले दोनों सलामी बल्लेबाजों पथुम निसांका (56) और अविष्का फर्नांडो (34) ने पहले विकेट के लिए 17 आवेर में 81 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। दोबारा खेल शुरू होने पर कुसाल मेंडिस (नाबाद 56) ने शुरुआती चार गेंद पर चौके लगाए। निसांका ने रन आउट होने से पहले 58 गेंद में अपना 15वां अर्धशतक पूरा किया। मेंडिस ने सिर्फ 19 गेंद में अर्धशतक जड़ा। उन्हें भी दो जीवनदान मिले। उन्होंने 22 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और एक छक्का मारा। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने 36 रन के स्कोर पर ब्रेंडन किंग (16) का विकेट गंवा दिया।

लुईस और कप्तान शाई होप (22) ने दूसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़कर पारी को संवारा। होप के आउट होने के बाद लुईस और शेरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 50, 26 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) ने मोर्चा संभाला और एक ओवर शेष रहते टीम को जीत दिलाई दी। रदरफोर्ड ने सिर्फ 26 गेंद में अपना चौथा अर्धशतक पूरा किया।

पीएम मोदी ने अर्जुन एरिगेसी को 2800 शतरंज रेटिंग पार करने पर दी बधाई

नई दिल्ली, एजेंसी। ईएलओ 2800 रेटिंग क्लब में शामिल होना आसान नहीं है। इतिहास में अब तक केवल 16 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है। अर्जुन की रेटिंग फिलहाल 2802.1 है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने लाइव शतरंज रेटिंग में अर्जुन एरिगेसी के 2800 अंक पार करने को अभूतपूर्व उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा कई अन्य युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद एरिगेसी 2800 ईएलओ रेटिंग को पार करने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए थे। ईएलओ 2800 रेटिंग क्लब में शामिल होना आसान नहीं है। इतिहास में अब तक केवल 16 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है। अर्जुन की रेटिंग फिलहाल 2802.1 है। हाल ही में अर्जुन ने भारत की ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हंगरी के बुडापेस्ट में अर्जुन का प्रदर्शन शानदार रहा था। भारत के लिए तीसरे बोर्ड पर खेलते हुए उन्होंने 11 राउंड में नौ जीत और दो ड्रॉ दिए, जिससे भारत की टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान मिला। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लाइव शतरंज रेटिंग में 2800 अंक का आंकड़ा पार करने के लिए अर्जुन एरिगेसी को बधाई!

यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उनकी असाधारण प्रतिभा और दृढ़ता हमारे पूरे देश को गौरवांवित करती है। एक महान व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा, यह कई और युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं।

ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान, अभी भी सामने नहीं आया कप्तान का नाम

नईदिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में मिली शानदार जीत के बाद अब पाकिस्तान की टीम को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है. ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान टीम को वनडे और टी20 सीरीज खेलनी है. इस दौरे की शुरुआत 4 नवंबर से होगी. इसके बाद पाकिस्तान की टीम जिम्बाब्वे का दौरा करेगी. पाकिस्तान क्रिकेट के सेलेक्टर्स ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए बाबर आजम, नसीम शाह और शाहीन अफरीदी को टीम में चुना गया है. इन तीनों स्टार खिलाड़ियों को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बीच टीम से अलग किया गया था. लेकिन इन खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे दौरे के लिए आराम दिया गया है. वहीं, मोहम्मद रिजवान ऑस्ट्रेलिया दौरे के अलावा जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा होंगे. वह भी टी20 सीरीज से बाहर रहेंगे.

इन खिलाड़ियों के लिए बड़ा मौका

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम में आमिर जमाल, अराफात मिन्हास, फैसल अकरम, हसीबुल्लाह, मुहम्मद इरफान खान और सैम अयूब को पहली बार शामिल किया गया है. दूसरी ओर जहानदाद खान और सलमान अली आगा पहली बार टी20 टीम में चुने गए हैं. वहीं, मोहम्मद हसनैन की लंबे समय के बाद टीम में वापसी हुई है.

अभी भी नहीं हुआ नए कप्तान के नाम का ऐलान

दरअसल, बाबर आजम ने हाल ही में वनडे और टी20 टीम की कप्तानी छोड़ी थी. ऐसे में ऑस्ट्रेलिया दौरे से टीम को नया कप्तान मिलेगा. लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट के सेलेक्टर्स ने टीम के ऐलान के साथ कप्तान के नाम का खुलासा नहीं किया है. पीसीबी की ओर से जारी की गई प्रेस रिलीज के मुताबिक, कप्तान के नाम का ऐलान 27 अक्टूबर यानी आज दोपहर 4 बजे किया जाएगा.

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान की टीम

वनडे टीमः आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी.

टी20 टीमः अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, ओमैर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकीम, उस्मान खान.

जिम्बाब्वे दौरे के लिए पाकिस्तान की टीम

वनडे टीमः आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहनवाज दहानी और तैय्यब ताहिर.

टी20 टीमः अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, सुफयान मोकिम, तैयब ताहिर और उस्मान खान.

संक्षिप्त समाचार

350 से अधिक मामलों व वाद की हुई समीक्षा

आरा। डीएम तनय सुल्तानिया और एसपी श्री राज की अध्यक्षता में जिला अभियोजन की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। सामान्य वाद के अंतर्गत मजिस्ट्रेट न्यायालय में लंबित व निष्पादित कांडों की समीक्षा की गई। जिला अभियोजन पदाधिकारी को सभी मजिस्ट्रेट न्यायालय से समन्वय स्थापित कर निष्पादित कांडों की संख्या में वृद्धि करने व सहायक अभियोजन पदाधिकारी को अगली बैठक में अद्यतन रजिस्टर के साथ आने का निर्देश दिया गया। मानव व्यापार विरोधी वादों के मासिक समेकित प्रतिवेदन में गवाही पर दो एवं उपस्थिति पर दो मामले प्रतिवेदित किए गए। विधायक व सांसद के विरुद्ध आपराधिक मामले/ दर्ज वादों की समेकित विवरणी में सुनवाई पर एक चार्जशीट पर तीन साक्ष्य हेतु दो गवाही पर एक, बहस पर एक एवं उपस्थिति हेतु दस मामले प्रतिवेदित किए गए। ऐसे कुल मामलों की संख्या 18 है। अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारियों के अंतर्गत निष्पादित लंबित मामलों की समीक्षा में डॉक्टर, अनुसंधानकर्ता एवं साक्षी की उपस्थिति के 336 मामले पाए गए। इस बारे में जिलाअभियोजन पदाधिकारी को पूरी सूची जिला विधि शाखा प्रभारी को देने का निर्देश दिया गया।

युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपी का कोर्ट में सरेंडर

आरा। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंग पुर गांव के निवासी दुष्कर्म का आरोपी विजय नट ने शनिवार को आरा सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। मुफस्सिल थाना के थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि 5 दिन पहले एक युवती के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर तीन लोगों को नामजद करते हुए पीड़िता के द्वारा मुफस्सिल थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस घटना की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। उसी क्रम में घटना का मुख्य आरोपी विजय नट ने कोर्ट में शनिवार को सरेंडर कर दिया। पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछ ताछ करने के लिए जरूरत पड़ने पर कोर्ट में आवेदन दे सकती है।

पूर्व के कांड में 3 आरोपी गिरफ्तार

आरा। स्थानीय शाहपुर थाना पुलिस ने शनिवार को पूर्व के मारपीट मामले में फरार चल रहे तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में शाहपुर थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत ने बताया कि शाहपुर नगर क्षेत्र स्थित पूर्व के मारपीट सहित अन्य मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कार्तिक यादव, उमेश यादव जो शाहपुर के रहने वाले हैं।

नशे में टेंपो चालक गिरफ्तार

आरा। नवादा थाना की पुलिस ने नवादा थाना क्षेत्र के पश्चिमी ओवर ब्रिज से एक टेंपो चालक को शराब के नशे में गिरफ्तार कर लिया। नवादा थाना के पुलिस कर्मी ने बताया की राहगीर के द्वारा फोन पर सूचना मिली की पश्चिमी ओवर ब्रिज पर एक टेंपो चालक टेंपो खड़ा कर शराब के नशे में धुत है और हंगामा कर रहा है। सूचना मिलने के बाद डायल 112 ने घटना स्थल पर पहुंच शराबी टेंपो चालक को थाना पर लाई।

सीमा विवाद में 24 घंटे से रेलवे ट्रैक पड़ा शव, मृतक की पहचान में जुटी पुलिस

बक्सर। बक्सर जिले के कर्मनाशा नदी स्थित रेलवे ट्रैक के पास एक वृद्ध का शव पिछले 24 घंटे से जीआरपी और मुफस्सिल थाना के सीमा विवाद में पड़ा हुआ है। 24 घंटे बाद मुफ्सिसल्ल थाना पुलिस द्वारा ट्रैक के पास से शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान के लिए छानबीन की जा रही है। उनकी उम्र लगभग 50 के आसपास बताई जा रही है। वृद्ध ने ब्लू चेक में लूंगी और पैर में प्लास्टिक की काले रंग की चप्पल है। अनुमान लगाया जा रहा है कि ट्रेन से गिरकर मौत हुई है। क्षेत्राधिकार विवाद के अनुसार रेल पुलिस और स्थानीय पुलिस एक-दूसरे को शव हटाने का जिम्मेदार ठहराती रहती है। मुफस्सिल थाना द्वारा रेलवे ट्रैक पर शव होने के कारण शव उठाने की जिम्मेदारी जीआरपी की बताई गई। रेल पुलिस रेल से दुर्घटना होने पर आउटर सिग्नल के बाहर भी शव उठाने की बात कह यह दलील दे रही थी कि आउटर सिग्नल के बाहर स्थानीय पुलिस की जिम्मेदारी बनती है।ऐसी घटनाओं में रेल पुलिस ही शव को उठाती है और उसका अनुसंधान करती है बक्सर जीआरपी प्रभारी विजेंद्र कुमार ने कहा कि सूचना ट्रैक मैन द्वारा जानकारी एक दिन पहले ही दिया गया था। लेकिन शव रेल थाना क्षेत्र से बाहर था। इसलिए उसे उठाया नही गया। दोनों तरफ लगे आउटर सिग्नल तक ही अपना क्षेत्र पड़ता है।

दो दिनों तक रहेगा तूफान दाना का असर

बक्सर। चक्रवाती तूफान दाना भले हीं कमजोर हुआ है। लेकिन इसका असर जिले में अगले 2 दिनों तक रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार तूफान कमजोर पड़ जाने से इसका कोई खास असर जिले होने की संभावना नहीं है। तूफान के प्रभाव के कारण आसमान में बादलों का आवागमन हो रहा है व वातावरण का तापमान गिरा है। आईएमडी पटना के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 28.9 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं शनिवार को भी तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह में धूप खिली लेकिन दोपहर बाद बादलों के आवागमन से मौसम में ठंडक घुल गई। इधर तूफान को लेकर किसानों में चिंता देखी जा रही है। उन्हें ऐसा लग रहा है कि यदि तेज हवा चल गई तो धान की फसल गिर जाएगी और उसमें अनाज का उत्पादन कम होगा।

हाजत में बिगड़ी शराबी की तबीयत, अस्पताल में मौत

बक्सर। जिले के सिमरी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को शराब के नशे में गिरफ्तार कर हाजत में रखा गया, जहां उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। हालत बिगड़ने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। धनहा गांव निवासी 32 वर्षीय राजेश कुमार खरवार की पहचान मृतक के रूप में हुई है, जो शराब के नशे में अपने घर पर हंगामा कर रहे थे। उनके पिता नंद बिहारी खरवार ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राजेश को हिरासत में ले लिया। जांच में शराब का सेवन पुष्टि होने पर राजेश को हाजत में बंद कर दिया गया। हाजत में कुछ देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। पुलिस ने तुरंत उन्हें सिमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, लेकिन वहां उनकी हालत को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने राजेश की मृत्यु की पुष्टि कर दी। इस घटना के बाद राजेश के परिवार में शोक की लहर है और परिजनों ने पुलिस हिरासत में हुई इस मौत पर सवाल उठाए हैं। मामले पर थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने जानकारी दी कि राजेश को उनके पिता द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद हाजत में रहते हुए उनकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

स्कूलों के जर्जर भवन की की कराई जाएगी मरम्मत

बक्सर। जिले के सरकारी विद्यालयों में जर्जर हो चुके भवन व शौचालय का मरम्मत का कार्य विद्यालय शिक्षा समिति, प्रबंधन समिति के निर्णय से कराया जा सकेगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार विद्यालय में अवस्थित जर्जर भवन व शौचालय आदि को तोड़ने और नया कोई भी भवन, शौचालय या अन्य कोई भी कार्य कराने के लिए निर्णय लेने की शक्ति विद्यालय शिक्षा समिति, प्रबंध समिति के पास है। इस संबंध में पहले से हीं इसको लेकर विभागीय आदेश जारी किए गए हैं। जिसमें विद्यालय शिक्षा समिति, प्रबंध समिति की बैठक करके फैसला लेने का अधिकार दिया गया है। चूकि अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान कई जगह विद्यालय भवन और शौचालय जर्जर दिखते हैं। इन जर्जर भवनों, शौचालयों और चाहरदीवारी आदि की जानकारी ऑफलाइन फॉर्मेट में भरकर ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड करना होता है। सूत्रों की माने तो इसे विभागीय अधिकारी देखते हैं और इसकी समीक्षा भी की जाती है।

कस्टडी में युवक की मौत थानाध्यक्ष समेत 3 सस्पेंड

बक्सर में पिता ने शराबी बेटे को किया था पुलिस के हवाले, परिजन बोले-आए तो दिखी लाश

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के सिमरी थाना में शराब के नशे में गिरफ्तार युवक की पुलिस कस्टडी में शनिवार को मौत हो गई। इस मामले में एसपी ने सिमरी थानाध्यक्ष प्रफुल कुमार, ओडी प्रभारी सीता राम चौधरी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। चौकीदार हरिकिशुन कुमार को सस्पेंड करने के लिए डीएम को पत्र भेजा गया है। बताया गया कि तत्काल जांच में पुलिस पदाधिकारियों की लापरवाही सामने आई है। बक्सर एसपी ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। एसपी शुभम आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि युवक के पिता ने डायल-112 को सूचना दी थी। शराब के नशे में बेटे को पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, परिजनों ने रविवार को थाना पहुंचकर हंगामा किया है। परिजनों का कहना है कि हमें बेटे से मिलने बुलाया गया था, यहां आए तो बेटे की लाश मिली।

पिता ने थाने में दिया था आवेदनः करीब 3 बजे के आसपास शराब पीने की पुष्टि कराई गई। उसके बाद पिता ने बेटे के खिलाफ पुलिस को आवेदन दिया। युवक को चौकीदार की देख रेख में हाजत में बंद किया गया। लेकिन, शाम 5

बजे के आसपास युवक गेट के हाजत में अपनी बेल्ट को अपनी गर्दन में फंसा कर झूलने लगा। पुलिस पदाधिकारियों ने देखा तो हाजत खोल उसे बाहर निकाला।

डॉक्टर ने किया मृत घोषितः युवक को सांस लेने में तकलीफ होने पर सिमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां वह अचेत हो गया था। यहां से ऑक्सीजन लगा कर सदर अस्पताल रेफर किया गया। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एसपी ने कहा कि आगे की करवाई जारी है। युवक का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जो भी नियम के अनुसार कार्रवाई है, वह की जाएगी। इस संबंध में जांच डुमरांव एसडीपीओ आफाक अख्तर को सौंपी गई है। जिसमें थाना के SHO और ओडी प्रभारी की गलती सामने आई है।

परिजन बोले- बक्सर पहुंचे तो बेटे की लाश दिखीः वहीं, पुलिस कस्टडी में बेटे की मौत के बाद ग्रामीणों ने रविवार की दोपहर सिमरी थाना पहुंचकर हंगामा किया है। हालांकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सभी को समझाकर शांत करा लिया है। युवक के बड़े पापा तारकेश्वर प्रसाद का आरोप है कि पुलिस उसे थाना से जब हॉस्पिटल ले गई तो जानकारी नहीं दी। बक्सर में बेटे से मिलने के लिए बुलाया गया और जब पहुंचे तो सामने बेटे का शव रख दिया गया। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने बेटे का पोस्टमार्टम हमसे पूछे बिना करा दिया। कहा गया कि पुलिस कस्टडी में बेटे की मौत हुई है तो इसकी जिम्मेदार पुलिस है। उसके साथ पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग कर रहे थे। सिमरी थाना प्रभारी उत्तम कुमार ने बताया कि लोग थोड़ी देर हंगामा करते रहे। उनको समझाकर शांत करा दिया है। पोस्टमार्टम परिजनों को जानकारी देने के बाद कराया गया है।

सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत

भोजपुर में समधी के घर चावल लाने जाने के दौरान हादसा, अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के गड़हनी थाना क्षेत्र के खरईचा मुसहर टोली के समीप सड़क हादसा हुआ। इसमें जख्मी बुजुर्ग की इलाज की दौरान आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में शनिवार की देर रात मौत हो गई है। घटना को लेकर परिवार वालों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। मृतक पवना थाना क्षेत्र के धोबहां गांव वार्ड नंबर-2 निवासी स्वः सुखदेव राम के 68 वर्षीय बेटा केशव मुसहर है। मृतक के साढ़ू सुरेंद्र राम ने बताया कि केशव मुसहर के सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव निवासी समधी का बेटा चावल देने के लिए बुलाया था। उसी के बुलाने पर अपने गांव से अगिआंव बस पकड़ने के लिए जा रहे थे। इसी बीच खरईचा मुसहर टोली के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वो गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

सूचना पर सदर अस्पताल पहुंचे थे परिजनः ग्रामीण उन्हें इलाज के लिए अगिआंव पीएचसी ले गए थे। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसके बाद गांव के एक लड़के ने इस घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद जब परिवार वाले सदर अस्पताल पहुंचे, तो देखा कि उनकी मौत हो गई है। मृतक के परिजन शव को लेकर घर चले गए । इसके बाद परिवार वालों ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि कि मृतक पेशे से मजदूर थे। उनके दो बेटे उपेंद्र मुसहर और टुनटुन मुसहर और एक बेटी कुमारी देवी है।

नीतीश कुमार के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने का लक्ष्य

निज संवाददाता। बक्सर

बिहार यात्रा के तीसरे फेज के दौरान राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा कैमूर के रास्ते बक्सर पहुंचे। उपेंद्र कुशवाहा ने बक्सर सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता की। इस दौरान इन्होंने कहा कि बिहार यात्रा के दौरान आम जनता, पार्टी व एनडीए के कार्यकर्ता और नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है। सभी से मिलकर आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए फीडबैक लेना है। ताकि, आने वाले समय में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार फिर से बनाया जा सके। इसके साथ ही लालू यादव पर भी उपेंद्र कुशवाहा निशाना साधा है। इन्होंने कहा कि अब रास्ते में बैठ अपहरण की रकम तय नहीं होती। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार में अपराध की घटना में कमी आई है।

अन्य रास्ते में फिरौती की रकम होती है तयः उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि कम से कम बिहार में वो स्थिति नहीं है कि एक अन्य रास्ते में फिरौती की रकम तय होती थी। इसे देने के बाद अपहरण से मुक्त किया जाता था। अब स्थिति ये है कि कोई भी घटना होती हैं, तो उस पर कार्रवाई होती है। पहले व्यापार करने वाले लोग बिहार छोड़कर भाग रहे थे। क्योंकि, प्रदेश में आतंक और पाखंड का माहौल था। उससे एनडीए की सरकार ने बिहार को बाहर लाया है। छिटपुट घटना अभी भी बिहार में होती है। लेकिन, उस पर त्वरित कार्रवाई भी होती है। महागठबंधन के सदर विधायक संजय तिवारी ने उपेंद्र कुशवाहा पर हमला बोला है। इन्होंने कहा कि विधानसभा का चुनाव जैसे-जैसे आ रहा है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का ग्राफ ऊपर जा रहा है। इंडिया गठबंधन स्थापित होने जा रही है। इसलिए ये परेशान हो गए है। अभी उप चुनाव हो रहा है। प्रचार प्रसार में बड़े-बड़े नेताओं के हेलीकॉप्टर उतर रहे है। दूसरी तरफ एक तेजस्वी यादव पूरी इंडिया गठबंधन की कमान को लेकर पूरी गठबंधन की बात बता रहे हैं।

भोजपुर में 8 महीने की बच्ची की पीट–पीटकर हत्या, 10 महीने पहले किन्नर ने लिया था गोद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में एक 8 महीने की बच्ची की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। 10 दिन पहले बच्ची को एक किन्नर ने गोद लिया था। उसने अपने पति पर ही मासूम की हत्या करने का आरोप लगाया है। किन्नर का आरोप है कि उसका पति सरफराज खान बच्ची को रोने पर मारता था। पिछले शुक्रवार को सरफराज ने बच्ची के हाथ-पैर भी तोड़ दिए। फिर हत्या कर उसे बस स्टैंड के पीछे फेंक दिया। शनिवार को बच्ची की डेड बॉडी पीरो थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पास से मिली। इस घटना के बाद वहां रहने वाले सभी किन्नरों ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर शव को सड़क के बीचों-बीच रखकर प्रदर्शन किया। सड़क जाम के दौरान उन्होंने टायर जलाकर आगजनी की। इस वजह से तीन घंटे तक जाम की समस्या बनी रही। पीरो SDPO और थानाध्यक्ष सुबोध कुमार के समझाने के बाद जाम हटाया गया। फिलहाल आरोपी गिरफ्तार है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

किन्नर ने 8 महीने पहले भी एक बच्ची

को गोद ली, उसकी भी मौतः मृत बच्ची को गोद लेने वाली किन्नर मुस्कान ने बताया कि उसने पीरो निवासी सरफराज खान नाम के व्यक्ति से शादी की थी। आठ महीने पहले भी उसने कटिहार निवासी अपनी बुआ की बेटी लक्ष्मी से बच्ची को गोद लिया था, लेकिन दो-चार दिन बाद ही उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद 10 दिन पहले उसने दूसरी बच्ची को गोद लिया। उसका नाम गोद लिए पहली बच्ची की मां के नाम पर लक्ष्मी रखा। बच्ची जब भी रोती थी, उसका पति सरफराज खान गुस्सा करता था। ुस्कान ने बताया, शुक्रवार को सरफराज ने बच्ची को पैर से मारा था। इससे बच्ची के हाथ और पैर फैक्चर हो गया। मुस्कान मासूम

♦ रोने पर मासूम को मारता था पिता

को पीरो स्थित निजी अस्पताल ले गई थी। जहां डॉक्टर ने उसका एक्स-रे कराया। जिसमें उसका हाथ फैक्चर दिख रहा था। इसके बाद मैं दवा लेकर घर आई। फिर अपना प्रोग्राम करने गई। जब घर लौटी तो बच्ची घर पर नहीं थी। हमलोगों ने जब बच्ची को खोजा तो वह मृत अवस्था में बस स्टैंड के पास पड़ी मिली। इसके बाद हम सभी किन्नरों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी।' मुस्कान ने इसके लिए अपने पति सरफराज को जिम्मेदार ठहराया है।

पोस्टमॉर्टम नहीं कराना चाहती किन्नर मांः पीरो थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया, 'किन्नर ने लिखित दिया है कि वो शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराना चाहते और किसी पर केस नहीं करना चाहती है। जो आरोप है उसकी जांच की जा रही है। आरोपी अभी गांव में ही है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।'

लूटपाट कर गोली मारने के मामले में 2 गिरफ्तार, भोजपुर के बालू घाट पर हुई थी फायरिंग, देसी पिस्तौल-राइफल जब्त

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस को दो अलग-अलग मामलों में उपलब्धि मिली है। पहला मामला संदेश थाना क्षेत्र के खंडोल-काजीक घाट (18बी) स्थित बालू भंडारण केन्द्र के चालान ऑफिस पर धावा बोल लूटपाट करने व दो कर्मियों को गोली मारे जाने का है। इस घटना में पुलिस ने एक और वांछित को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया शंभू यादव सहार थाना के एकवारी गांव का निवासी है। इसकी जानकारी शनिवार को सदर एएसपी परिचय कुमार ने पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एएसपी ने बताया कि इसके पूर्व के आपराधिक इतिहास के बारे में पता लगाया जा रहा है। इससे पूर्व इस कांड में श्रीकांत कुमार उर्फ आरजेडी और अमित कुमार को गिरफ्तार किया

गया था। दोनों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा था। दोनों के खिलाफ संदेश व अजीमाबाद थाना में चार केस मिले थे। एक देसी पिस्तौल, एक राइफल, आठ कारतूस, एक बाइक, दो मोबाइल एक मैग्जीन और पांच खोखा के अलावा लूटी गई राशि में से करीब 50 हजार नकद बरामद किए गए थे। जब्त बाइक अमित की थी, जिसका उपयोग जिले के अन्य आपराधिक कांडों में भी हुआ था। 13 अगस्त की रात घटना घटित हुई थी। गोलीबारी के दौरान करीब नौ लाख 40 हजार रुपए की लूट हुई थी। स्टाक की संवेदक रीता देवी पति कृष्णा सिंह के बयान पर प्राथमिकी की गई थी,जिसमें छह की पहचान की गई थी। टीम में संदेश थानाध्यक्ष संतोष कुमार समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे। कांड में संलिप्त अन्य अपराधियों की तलाश जारी है।

अवैध हथियार लहराते एक बदमाश धरायाः संदेश थाना क्षेत्र के बडीहां गांव में पुलिस ने छापेमाारी कर अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया राजेन्द्र यादव बडीहां गांव का निवासी है। सदर एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बडीहां गांव में कुछ लोग अवैध हथियार लहरा रहे है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान एक देसी पिस्तौल व एक कारतूस के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। इसे लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में नहीं है महिला प्रसाधन केंद्र

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिला मुख्यालय में आरा सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय है। इसके परिसर में बिहार सरकार के कई विभागों के कार्यालय हैं। लेकिन यहां महिला प्रशासन केंद्र, शौचालय, यूरिनल व जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र के काउंटर पर शेड नहीं है। आरटीपीएस के काउंटर पर टूटा-फूटा, बड़े-बड़े छेदों वाला शेड है। यह वर्षा, ओले, धूप-धूल रोकने लायक नहीं है। इस कारण आरा सदर प्रखंड अंचल कार्यालय या अन्य विभागों में काम कराने आए लोगों, महिलाओं व सरकारी कर्मियों को मुसीबत झेलना पड़ता है। लेकिन मानवीय जरूरतों की आन बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने संबंधित विभागों को चिंता नहीं है। ना लोहिया स्वच्छता मिशन को फिक्र है। जबकि, जिला

मुख्यालय में आरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय है। इसके अंतर्गत आरा शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र के 19 पंचायत है। इसके परिसर में मनरेगा, खाद्य आपूर्ति विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज कार्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र समेत विभिन्न सरकारी कार्यालय हैं। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में काम कराने पहुंचे मारूति नगर के मनोरंजन उपाध्याय ने कहा कि प्रखंड यहां सुविधाओं की कमी है। मुझे शौच के लिए आरा रेलवे स्टेशन जाना पड़ा। सलेमपुर निवासी विकास कुमार ने कहा कि प्रखंड कार्यालय में सिर्फ चापाकल है। उसका पानी खराब है। वाटर प्यूरीफायर होना

एंबुलेंस चालकों का दर्द, दीपावली–छठ में कैसे चलेगा घर

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में पिछले पांच महीने से सभी 102 नंबर सरकारी एंबुलेंस चालकों और ईमएमटी को सरकार ने पेमेंट नहीं दिया है। ऐसे में अब उनके लिए घर चलाना भी मुश्किल हो गया है। फीस जमा ना कर पाने से स्कूल से बच्चों का नाम काटा जा रहा है। एंबुलेंस चालकों का कहना है कि दीपावली-छठ पास है। अब तो भगवान भरोसे घर-परिवार चल रहा है। एंबुलेंस चालक आरा सदर अस्पताल परिसर में बकाए वेतन की मांग को लेकर एएनएम हॉस्टल के पास अनिश्चितकालीन हड़ताल कर धरने पर बैठे हुए हैं। 21 अक्टूबर से अभी तक सभी सरकारी एंबुलेंस चालकों की हड़ताल जारी है। जिले भर में 156 सरकारी एंबुलेंस चालकों के हड़ताल पर होने से जिले के सभी पीएचसी, सीएचसी, उप स्वास्थ्य केंद्र सहित आरा सदर अस्पताल में भी मरीजों और उनके परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

पैसे नहीं मिलेंगे तो करेंगे आत्मदाहः वहीं, एंबुलेंस ड्राइवर उदय नारायण सिंह ने बताया कि समस्या तो बहुत है। पिछले पांच महीनों से वेतन नहीं मिला है। स्कूल में बच्चों की फीस जमा नहीं कर पाने की वजह से उनका नाम काटा जा रहा है। मई से हमें पेमेंट नहीं मिला है। 37 जिलों का पेमेंट हो गया है। केवल भोजपुर का पेमेंट रुका हुआ है। हमें 10 हजार रुपए सैलरी मिलती है। दीपावली–छठ सामने है। घर-परिवार अब भगवान के भरोसे चल रहा है। अभी हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। अगर सरकार नहीं सुनती है तो हम लोग भूख हड़ताल और आत्मदाह करेंगे। दूसरा कोई विकल्प नहीं रह गया है।

बच्चों का क्या कसूरः एंबुलेंस

ड्राइवर ने बताया कि पिछले 21 तारीख से हम लोग हड़ताल पर बैठे हैं। लेकिन अब तक जिला के कोई भी अधिकारी हम लोगों से मिलने नहीं आए हैं। हम लोगों की मांग को नहीं सुना जा रहा है। पिछले 5 महीने से वेतन बकाया है। घर में खाने का भी अभाव है। दुकानदार उधार राशन नहीं दे रहा। फीस जमा ना होने की वजह से बच्चों को स्कूल से निकाला जा रहा है। जब बच्चे स्कूल में जाते हैं, दो-दो घंटी उन्हें बेंच पर खड़ा कर दिया जाता है। इसमें बच्चों का क्या कसूर है। स्कूल में बच्चों को बोला जाता है कि अपने परिवार से पैसा मांग कर लाओ तभी पढ़ने आना।

फीस जमा ना कर पाने से बच्चों का स्कूल से नाम काटा जा रहा, 5 माह से रुका हुआ है वेतन

पैसे के अभाव में नहीं जा सकते पटनाः इधर, एंबुलेंस चालकों की हड़ताल से आरा सदर अस्पताल में मरीजों को भी बहुत समस्या झेलना पड़ रही है। इस दौरान नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा निवासी स्व. मुसहर के 60 वर्षीय पुत्र हरिदयाल मुसहर को पिछले दो दिनों से मिर्गी का अटैक आ रहा है। इसके बाद शुक्रवार को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन स्थिति नाजुक होने के कारण ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने उन्हें पटना रेफर का दिया। इधर, परिजनों का कहना है कि पैसे नहीं है कि प्राइवेट एम्बुलेंस से पटना लेकर जाए और इलाज कराए।

आवंटन हम लोगों के पास आएगा, कंपनी को दे दिया जाएगाः सिविल सर्जनः वहीं, सिविल सर्जन डॉक्टर शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि भोजपुर जिले के ड्राइवर सभी पहली कंपनी पीडीपीएल से काम कर रहे थे। बिहार सरकार ने निर्णय लेते हुए दूसरी नई कंपनी जेन प्लस को 21 अक्टूबर को ट्रांसफर कर दिया है। इनका कुछ महीनों का वेतन बाकी है। हमारे यहां आवंटन उपलब्ध नहीं है। यह लोग वेतन की मांग हमसे कर रहे हैं। हम लोग वेतन उनकी कंपनी को करते हैं। जैसे ही आवंटन हम लोगों के पास आएगा, वैसे ही हम लोग कंपनी को वेतन दे देंगे। फाइल की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।